श्रावण कृष्ण पक्ष एकादशी 09:39
उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
सोमवार, 21 जुलाई 2025
वर्ष 5, अंक 150, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com

सितंबर में भारत आएंगे नेपाल के प्रधानमंत्री ओली 14
हिमाचल में आपदा पर गठित करें विशेष टीम : शाह 12



## ...वही उमंग नये रूप में

नया रूप ही वर्तमान कहा जाता है।
नया रूप ही नई उमंग लाता है।
प्रकृति का हर दिन सामने आने वाला नया रूप ही एक नई शुरुआत है।

## तीज से पहले श्रद्धा का संगम



अमृतसर में तीज त्योहार से पूर्व एक विवाहित जोड़ा दुर्गियाना मंदिर में आशीर्वाद लेने पहुंचा। मंदिर परिसर में श्रद्धा और पारंपरिक संस्कृति का सुंदर संगम नजर आया, जहां त्योहार की तैयारियों के बीच भक्ति भाव भी झलकता दिखा।

## इस वर्ष अमरनाथ पहुंचे तीन लाख तीर्थयात्री : सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष वार्षिक अमरनाथ यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या रविवार को तीन लाख का आंकड़ा पार कर गई।

उपराज्यपाल ने एक्स पर कहा, बाबा अमरनाथ की कृपा से तीर्थयात्रा करने वालों की संख्या तीन लाख के आंकड़े को पार कर गई। सिन्हा ने कहा कि यह पवित्र यात्रा एक अत्यंत समृद्ध अनुभव है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, बाबा का आशीर्वाद सभी के लिए शांति, शक्ति और पूर्णता लेकर आए। हर हर महादेव! इससे पहले दिन में उपराज्यपाल ने मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में यात्रा के बालटाल आधार शिविर का दौरा किया और तीन जुलाई से शुरू हुई वार्षिक तीर्थयात्रा की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

# एआईबी की जांच पर हमें भरोसा

## केंद्रीय उड्डयन मंत्री बोले- अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत जांच कर रही एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

गुजरात में अहमदाबाद के अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे पर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर विश्व मीडिया में चर्चा चल रही है। इसी बीच केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने रविवार को एअर इंडिया 171 विमान हादसे पर कहा कि एएआईबी पूरी जिम्मेदारी और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत जांच कर रही है। उनको और एजेंसी की जांच पर पूरा भरोसा है।

एएआईबी की रिपोर्ट पर विदेशी मीडिया के दावों पर नायडू ने पश्चिमी मीडिया को आगाह किया कि वे अफवाहें फैलाने और बिना पुष्टि वाली खबरें छापने से बचें।

**अहमदाबाद हादसा**



● कड़ा रुख अपनाते हुए नायडू ने विदेशी मीडिया पर निशाना साधा

एएआईबी ने ब्लैक बॉक्स को भारत में ही डिकोड कर बेहतरीन काम किया है। जब तक अंतिम रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक कोई भी निष्कर्ष निकालना सही नहीं है। बता दें कि कुछ विदेशी मीडिया ने दावा किया था कि विमान के उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद पायलट ने गलती से फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद कर दिए, जिससे कॉकपिट में घबराहट फैल गई। इस पर एएआईबी ने ऐतराज जताते हुए कहा कि यह जानकारी अपूर्ण और बिना पुष्टि के है। कुछ अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संस्थान बिना किसी जांच के तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। यह न सिर्फ गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि पीड़ित परिवारों की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाता है।

एएआईबी ने साफ किया कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, किसी भी तरह के कयास या अफवाहें फैलाना जांच की निष्पक्षता को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि यह भारत के उड्डयन इतिहास का सबसे बड़ा हादसा है, इसलिए जांच भी गंभीरता और पेशेवर तरीके से हो रही है।

### एयरफोर्स के हवाई अड्डों पर अब विमान की खिड़कियां बंद करने की जरूरत नहीं होगी : डीजीसीए

नई दिल्ली। देश के रक्षा हवाई अड्डों पर अब व्यवसायिक एयरलाइंस के यात्रियों को उड़ान भरने या उतरते वक्त विमान की खिड़कियों को बंद करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने आदेश जारी कर इस पाबंदी को वापस ले लिया है। ऑपरेशन सिंदूर के समय डीजीसीए ने आदेश जारी कर वायुसेना और व्यवसायिक दोनों हवाई अड्डों पर सुरक्षा कारणों से विमान की खिड़कियां बंद रखने और हवाई और जमीनी फोटोग्राफी को रोक लगाई थी।डीजीसीए ने रविवार को विमान की खिड़कियां बंद करने का आदेश वापस ले लिया है।

## संसद के मानसून सत्र में अनुचित शब्दों से बचें सांसदः उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र की पूर्व संध्या पर रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सार्थक और गंभीर चर्चा के लिए राजनीतिक दलों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल का आह्वान किया और सांसदों से अनुचित शब्दों का प्रयोग करने से बचने की अपील की। धनखड़ ने कहा कि सुधार के लिए सुझाव देना निंदा या आलोचना नहीं है तथा पार्टियों को रचनात्मक राजनीति करनी चाहिए। यहां राज्यसभा 'इंटर्न' के समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने तीखी नोकझोंक होने का जिक्र किया।

# धनी भारतीयों के लिए विदेश में बसना हुआ आसान, कंपनियां दे रहीं ऑफर

नई दिल्ली, एजेंसी

● फ्रांस और इटली से लेकर मिस्र और ग्रेनेडा तक में बसाने का वादा

यदि आप पांच से 10 लाख रुपये मासिक कमाते हैं, या किसी स्टार्टअप या होटल में कुछ हजार डॉलर का निवेश कर सकते हैं, या सिर्फ एक अपार्टमेंट खरीद सकते हैं, तो एक वैश्विक आव्रजन सलाहकार आपको कई देशों में बसाने का वादा कर सकता है।

देशों में विकल्प फ्रांस और इटली से लेकर मिस्र और ग्रेनेडा तक हैं। वैश्विक आव्रजन कंपनी गैरेंट.इन के संस्थापक एंड्रयू बोइको ने कहा, "विकल्प स्पष्ट है। उदाहरण के लिए, आप गुरुग्राम में एक अपार्टमेंट खरीद सकते हैं, लेकिन इससे आपको इटली में रहने की सुविधा नहीं मिलेगी। लेकिन अगर आप इटली में उतनी ही कीमत का अपार्टमेंट खरीदते हैं, तो आप वहां या यूरोप में कहीं भी रह सकते हैं, साथ ही कई अन्य देशों तक आसानी से पहुंच भी पाएंगे।

अमीर भारतीयों में विदेश में बसने की तीव्र रुचि को देखते हुए, दुबई स्थित इस कंपनी ने नई दिल्ली में एक पूर्ण कार्यालय खोला है और जल्द ही मुंबई में एक कार्यालय और फिर देश के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में कुछ कार्यालय खोलने की योजना बना रही है। बोइको ने पीटीआई-भाषा से कहा कि उनकी कंपनी को भारत से केवल तीन महीनों में 4,000 से अधिक 'अनुरोध' प्राप्त हुए हैं और भारतीयों के लिए सबसे पसंदीदा देशों में फ्रांस, इटली, मिस्र और ग्रेनेडा शामिल हैं। बोइको ने बताया कि विदेश जाने की चाह रखने वाले भारतीयों में अहम बात ये है कि विदेश जाने के मामले में भी भारतीय निवेशक की तरह होते हैं।

# सैनिकों को खान-पान की चीजें देने वाले लड़के का खर्च उठाएगी सेना

चंडीगढ़, एजेंसी

**ऑपरेशन सिंदूर**

● लड़के के साहस और उत्साह को देखकर गोल्डन एरो डिवीजन ने ली जिम्मेदारी

भारतीय सेना ने रविवार को कहा कि वह दस साल के उस लड़के की पढ़ाई का खर्च उठाएगी जिसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पंजाब के एक गांव में गोलीबारी के समय सैनिकों को खान-पान की चीजें मुहैया कराई थीं। शावन सिंह, तारा वाली गांव में तैनात सैनिकों के लिए काम करता था।

गोलीबारी शुरू होने पर, सिंह सैनिकों के लिए पानी, बर्फ, चाय, दूध और लस्सी लेकर गया। लड़के के साहस और उत्साह को देखते हुए भारतीय सेना की गोल्डन एरो डिवीजन ने उसकी शिक्षा का पूरा खर्च उठाने का वादा किया है। शनिवार को फिरोजपुर छावनी में एक समारोह के दौरान, पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने लड़के को सम्मानित भी किया। सेना ने कहा कि शावन की कहानी देश भर के उन नायकों की याद दिलाती है जो सम्मान व समर्थन के हकदार हैं। फिरोजपुर जिले के ममदोट इलाके में रहने वाले शावन ने पहले कहा था कि वह भी बड़ा होकर सेना में भर्ती होना चाहता है। लड़के ने कहा, मैं बड़ा होकर फौजी बनना चाहता हूं। मैं देश की सेवा करना चाहता हूं।

## 15 देशों के भिक्षुओं की मौजूदगी में होगा स्मृति स्तूप का उद्घाटन

**पटना।** बिहार के वैशाली में बन रहे बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप का उद्घाटन जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में होगा। इस अवसर पर दुनिया के 15 बौद्ध देशों जैसे चीन, जापान, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल, तिब्बत, म्यांमार, मलेशिया, भूटान, वियतनाम, कंबोडिया, मंगोलिया, लाओस, बांग्लादेश और इंडोनेशिया से बौद्ध भिक्षु वैशाली पहुंचेंगे।

550.48 करोड़ की लागत से 72 एकड़ भूमि पर बना यह स्तूप परिसर पवित्र पुष्करणी तालाब और मड स्तूप के समीप विकसित किया गया है। 1958-62 में हुई खुदाई में प्राप्त भगवान बुद्ध का अस्थि कलश इस स्मारक का आकर्षण होगा, जो संग्रहालय के प्रथम तल पर स्थापित होगा। स्मृति स्तूप पत्थरों से निर्मित है, जिसमें राजस्थान के वंशी पहाड़पुर से मंगवाए 42,373 बलुआ पत्थर टंग एवं ग्रूव तकनीक से जोड़े गए हैं।

# आजादी से अब तक लोस पहुंची मात्र 18 मुस्लिम महिलाएं

## वंशवादी राजनीति की गहरी जड़ों के बावजूद महिलाओं को अवसर मिलना सकारात्मक

नई दिल्ली, एजेंसी

यह सर्वविदित तथ्य है कि लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व हमेशा से कम रहा है, लेकिन मुस्लिम महिलाओं की संख्या बहुत ही कम रही है और आजादी के बाद से मात्र 18 मुस्लिम महिलाएं ही संसद के निचले सदन में पहुंच सकी हैं। एक नई पुस्तक में इस बात का खुलासा हुआ है।

यद्यपि वंशवादी राजनीति लोकतंत्र की जड़ें गहरी करने में सहायक नहीं हो सकतीं, फिर भी इसने मुस्लिम महिलाओं को अवसर प्रदान करने में सकारात्मक भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से लोकसभा में पहुंचने वाली



18 में से 13 महिलाएं राजनीतिक परिवारों से हैं। राजपरिवार से लेकर चाय विक्रेता से राजनेता बने व्यक्ति की पत्नी और प्रथम महिला से लेकर बंगाली अभिनेत्री तक, लोकसभा में कदम रखने वाली 18 मुस्लिम महिलाएं विविधताओं का मिश्रण हैं। इनमें से प्रत्येक महिला की अपनी एक दिलचस्प पृष्ठभूमि रही है, लेकिन एक बात सभी महिलाओं में समान थी - सत्ता तक पहुंचने का उनका रास्ता हमेशा संघर्ष और बाधाओं से भरा रहा था। इन 18 मुस्लिम महिलाओं की कहानी एक पुस्तक - 'मिसिंग फ्रॉम द हाउस - मुस्लिम वीमेन इन द लोकसभा' में लिखी गई है।

### रशीद किदवई -अंबर कुमार घोष की किताब में विवरण

यह पुस्तक वरिष्ठ पत्रकार रशीद किदवई और अंबर कुमार घोष ने लिखी है। किदवई कहते हैं कि वह निचले सदन में पहुंचने वाली 20 मुस्लिम महिलाओं का विवरण अपनी पुस्तक में दर्ज करना चाहते थे, लेकिन उनमें से दो महिलाएं – सुभासिनी अली और आफरीन अली – ने दावा किया था कि वे इस्लाम का पालन नहीं करती हैं। किदवई और घोष ने पुस्तक में लिखा है कि 1951–52 में हुए पहले संसदीय चुनावों के बाद से केवल 18 मुस्लिम महिलाएं ही लोकसभा पहुंच पाई। उनका कहना है कि यह एक चौंकाने वाला और निराशाजनक आंकड़ा है, क्योंकि भारत की 146 करोड़ की आबादी में मुस्लिम महिलाओं की संख्या 7 .1% है। पुस्तक के मुताबिक, 2025 तक गठित 18 लोकसभाओं में से पांच बार ऐसा हुआ है, जब लोकसभा में एक भी मुस्लिम महिला सदस्य नहीं चुनी गईं।

श्रावण कृष्ण पक्ष एकादशी 09:39 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 21 जुलाई 2025
वर्ष 5, अंक 150, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सितंबर में भारत आएंगे नेपाल के प्रधानमंत्री ओली 14

हिमाचल में आपदा पर गठित करें विशेष टीम : शाह 12

## एक नजर

### राकांपा विधायक रोहित पवार पर मामला दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने एक पुलिसकर्मी पर चिल्लाने और लोक सेवकों के कर्तव्य निर्वहन में बाधा डालने के आरोप में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राकांपा (एसपी) के प्रमुख शरद पवार के पोते रोहित पवार की शुक्रवार को मुंबई के आजाद मैदान पुलिस थाने में एक पुलिसकर्मी के साथ तीखी बहस हो गई। यह घटना उस वक्त हुई, जब रोहित पवार, राकांपा (एसपी) के विधायक जितेंद्र आव्हाड के साथ पार्टी के एक घायल कार्यकर्ता से मिलने आजाद मैदान पुलिस थाने गए थे। विधान भवन में गुरुवार को आव्हाड और भाजपा के विधायक गोपीचंद पडलकर के समर्थकों के बीच झड़प हो गई थी।

### पिस्तौल के पुर्जे, ड्रोन और हेरोइन का पैकेट बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एक बार फिर सीमा पार से पंजाब में ड्रग्स और हथियार भेजने की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी तस्करों के नापाक प्रयासों को विफल कर दिया। रविवार को बीएसएफ के जवानों ने तरनतारन सीमा पर एक पिस्तौल का ऊपरी हिस्सा, चार मैगज़ीन और एक ड्रोन के साथ एक बड़ा हेरोइन का पैकेट बरामद किया। तड़के तलाशी अभियान में एक पैकेट बरामद हुआ, जिसमें एक पिस्तौल का ऊपरी हिस्सा और चार मैगज़ीन थीं, जो पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटा हुआ था और जिसके साथ एक लोहे की रिंग और एक टॉर्च भी लगी थी।

# हरिद्वार में उमड़ा भगवा सैलाब

# हर तरफ केवल बोल बम की गूंज

## गंगा जल लेकर निकले कांवड़ियों की संख्या तीन करोड़ पार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** धर्म नगरी हरिद्वार में भगवा सैलाब उमड़ पड़ा है। हर तरफ बोल बम और हर-हर महादेव की गूंज सुनाई दे रही है। रविवार शाम छह बजे तक इस तीर्थ नगरी से तीन करोड़ से ज्यादा कांवड़िए गंगा जल भरकर अपने गंतव्य को रवाना हो चुके हैं। माना जा रहा है कि 23 जुलाई तक यह आंकड़ा चार करोड़ पार कर जाएगा।

23 जुलाई को सावन मास की शिवरात्रि है। हरिद्वार से कांवड़ भरकर चले खासतौर से उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा के करोड़ों शिव भक्त इस दिन अपने आराध्य भगवान आशुतोष का इसी जल से अभिषेक करेंगे। अंतिम दौर में पहुंच चुके श्रावण कांवड़ यात्रा मेले में अब डाक कांवड़ का जोर चल पड़ा है। रविवार को हरिद्वार के बाहरी क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में भगवा झंडा लगे डाक कांवड़ वाहन आकर्षण का केंद्र रहे। हरिद्वार पुलिस-प्रशासन ने डाक कांवड़ के बढ़ते जोर को देखते हुए कांवड़ मार्ग पर कांवड़ियों के अतिरिक्त किसी भी तरह के वाहनों के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। हालांकि आपातकालीन सेवा के वाहनों को छूट दी गई है। दिल्ली-देहरादून हाईवे पर हरिद्वार से गाजियाबाद तक पहले से ही सभी मुख्य मार्गों से कांवड़िए गुजर रहे हैं, जिसके चलते यहां किसी भी तरह से वाहनों को चलने की छूट नहीं है। कांवड़ियों की भारी भीड़ के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में प्रशासन ने सभी तरह के पास रद्द कर दिए हैं।



हरिद्वार में रविवार को श्रावण मास के दौरान गंगाजल लेने पहुंचे कांवड़िए तीर्थयात्रा की भावना से ओतप्रोत दिखाई दिए।

### दो दिन में 53 लाख ने भरा गंगा जल

हरिद्वार पुलिस द्वारा रविवार रात जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 19 जुलाई की शाम छह बजे से 20 जुलाई की शाम छह बजे तक करीब 53 लाख कांवड़िए गंगाजल लेकर गंतव्य को प्रस्थान कर चुके थे। जबकि मेला शुरू होने की तिथि 10 जुलाई से अब तक गंगाजल लेकर गंतव्य को प्रस्थान करने वाले कांवड़ियों की प्रगतिशील संख्या तीन करोड़ एक लाख 90 हजार है।

### ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी

कांवड़ मेले को सुरक्षित संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित तथा एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल स्वयं मोर्चा संभाले हुए हैं। कांवड़ क्षेत्रों का निरीक्षण करने के साथ ही तकनीक के माध्यम से भी एक ही स्थान से पूरे कांवड़ मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। आसमान से ड्रोन के माध्यम से कांवड़ मेला क्षेत्र की हरिद्वार-यूपी बॉर्डर तक तो जमीन पर सीसीटीवी कैमरों से हर कोने पर नजर रखी जा रही है।

# प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ी बेटी को पिता ने दे दी मौत

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**सनसनीखेज**
- मंगलौर पुल से बेटी को गंगनहर में धक्का देकर मार डाला
- कांवड़ियों ने हत्यारोपी पिता को पीट पुलिस को सौंपा, केस दर्ज

**अमृत विचार :** गैर बिरादरी के युवक से शादी करने की जिद पर अड़ी बेटी को एक पिता ने मौत की सजा दे डाली। कांवड़ दिखाने के बहाने बेटी को गंगनहर पुल पर ले जाकर उसे नहर में धक्का दे दिया। आसपास गुजर रहे कांवड़ियों ने यह खौफनाक दृश्य देखा तो आरोपी को घेरकर जमकर पीटा। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या का अभियोग दर्ज कर लिया है।

यह सनसनीखेज घटना हरिद्वार जिले के मंगलौर क्षेत्र में घटित हुई। मंगलौर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शांति कुमार गंगवार ने बताया कि आरोपी प्रदीप कुमार धीमान हरिद्वार के सिडकुल थाना क्षेत्र के ग्राम ढालूवाला का निवासी है। उसकी पुत्री प्राची का पड़ोस में ही रहने वाले एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था और प्राची इसी युवक से शादी करना चाहती थी। युवक के गैर बिरादरी का होने के चलते प्रदीप इस रिश्ते से नाखुश था लेकिन बेटी उसी युवक के शादी करने की जिद पर अड़ी थी।

घर में रोजाना के विवाद और बदनामी के चलते आरोपी प्रदीप ने खतरनाक योजना बना ली। शनिवार रात प्रदीप बेटी को अपने साथ बाइक पर ले गया। मंगलौर नहरपुल पर पहुंचकर प्रदीप ने फिर बेटी को उस युवक को भूलने को कहा लेकिन बेटी के इन्कार करने पर उसे गंगनहर में धक्का दे दिया। इस दौरान वहां से गुजर रहे कांवड़ियों ने यह नजारा देख लिया। आरोपी ने वहां से भागने की कोशिश की तो कांवड़ियों ने उसे दबोचकर जमकर पीट दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची मंगलौर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी देहात हरिद्वार शेखर चंद सुयाल ने बताया कि सर्च ऑपरेशन में युवती का शव बरामद कर लिया गया है। आरोपी पिता ने पुत्री के चरित्र पर सवाल उठाकर उसे नहर में धक्का देने की बात कबूली है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अभियोग दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

## अलर्ट: नैनीताल व देहरादून में आज स्कूल बंद

**देहरादून।** मौसम विभाग की ओर से सात जिलों में रेड एवं ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया है जबकि देहरादून और नैनीताल में आज स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। उप सचिव प्रदीप शुक्ल के अनुसार, सोमवार को देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चम्पावत और ऊधमसिंह जिलों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा तो कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बहुत भारी वर्षा होने की आशंका को देखते हुए ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, मंगलवार के लिए देहरादून और उत्तरकाशी में भी कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश होने के अनुमान के चलते ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया गया है। ऑरेन्ज अलर्ट को देखते हुए आज देहरादून और नैनीताल जिले में कक्षा 12 तक के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है। डीएम नैनीताल वंदना ने शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों से कहा है कि वे आवश्यकतानुसार अपने कार्यालयों में उपस्थित रहें एवं आपदा की स्थिति में समन्वय बनाए रखें।

# न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ प्रस्ताव पर सौ से अधिक सांसदों ने किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

- मानसूत्र सत्र में महाभियोग प्रस्ताव पेश होने की संभावना

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के सिलसिले में संसद में प्रस्ताव पेश करने के लिए 100 से ज्यादा सांसदों ने पहले ही एक नोटिस पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसके साथ ही लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव पेश करने के लिए आवश्यक समर्थन हासिल हो गया है।

सर्वदलीय बैठक के बाद रीजीजू ने कहा कि हस्ताक्षर प्रक्रिया जारी है। 100 से अधिक सांसद पहले ही हस्ताक्षर कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) को तय करना है कि प्रस्ताव कब पेश किया जाएगा। किसी न्यायाधीश को हटाने के प्रस्ताव पर लोकसभा में कम से कम 100 और राज्यसभा में 50 सांसदों के हस्ताक्षर होने चाहिए। यह प्रस्ताव लोकसभा में पेश किए जाने की संभावना है। सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र के साथ, सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वह संसद के इसी सत्र में यह प्रस्ताव लाएगी और न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के खिलाफ इस कदम में उसे विपक्ष समेत विभिन्न दलों का समर्थन मिल रहा है। जब रीजीजू से पूछा गया कि क्या सत्र के पहले सप्ताह में यह प्रस्ताव लाया जा सकता है, तो उन्होंने कहा कि मैं प्राथमिकता के आधार पर किसी भी कार्य पर टिप्पणी नहीं कर सकता, क्योंकि जब तक यह प्रस्ताव अध्यक्ष की अनुमति से बीएसी की ओर से पारित नहीं हो जाता, मेरे लिए कुछ कहना मुश्किल है।

उन्होंने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार एक अत्यंत संवेदनशील और गंभीर मामला है। न्यायपालिका ही वह जगह है, जहां लोगों को न्याय मिलता है।

## आतंकवादियों और सुरक्षाबलों में मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक जंगल में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच रविवार को मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ उस वक्त शुरू हुई, जब पुलिस ने सेना की सहायता से दच्छन और नागसेनी के बीच स्थित खानकू जंगल में आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया।

छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों को देखकर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद उन्होंने भी जवाबी कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# संसद में सरकार सभी विषयों पर चर्चा को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

**सर्वदलीय बैठक**
- विपक्ष पहलगाम, ट्रंप की टिप्पणी एसआईआर का उठाएगा मुद्दा

सरकार ने रविवार को संकेत दिया कि वह संसद के मानसून सत्र में विपक्ष की प्रमुख मांगों में से एक ऑपरेशन सिंदूर सहित सभी मुद्दों पर चर्चा को तैयार है। वहीं, विपक्षी इंडिया गठबंधन ने जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस मामले के साथ-साथ अमेरिकी राष्ट्रपति के पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम के दावों और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर भी जवाब देना चाहिए।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर उचित जवाब देगी। सत्र में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर एक विस्तृत बयान दिए जाने की संभावना है। सोमवार से शुरू हो रहे सत्र से पहले पारंपरिक सर्वदलीय बैठक के बाद रीजीजू ने कहा कि सरकार ने महीने भर चलने वाले सत्र के दौरान संसद के सुचारू संचालन में विपक्ष से सहयोग मांगा है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद रीजीजू ने कहा कि संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार-विपक्ष के बीच समन्वय होना चाहिए। रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में विभिन्न दलों के 54 नेताओं और निर्दलीय संसद सदस्यों ने हिस्सा लिया। रीजीजू ने कहा कि हम ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार हैं। संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि हमने बैठक में उठाए गए सभी बिंदुओं पर गौर किया है। हमने सभी दलों से अनुरोध किया है कि वे संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने दें। संसद की सुचारु कार्यवाही सभी की जिम्मेदारी है। रीजीजू ने कहा कि सरकार ने कम सांसदों वाले दलों को संसद में बोलने के लिए अधिक समय आवंटित करने की मांग पर गौर किया है। विपक्ष द्वारा पहलगाम हमले सहित अन्य मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी के बयान की मांग को लेकर रीजीजू ने कहा कि प्रधानमंत्री विदेश यात्रा के अलावा संसद में ही रहते हैं। लेकिन प्रधानमंत्री हर समय सदन में नहीं रहते। रीजीजू ने कहा कि सरकार 17 प्रमुख विधेयक ला रही है।



केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के साथ संसदीय कार्यमंत्री रीजीजू



अपने कार्यालय में नायब सिंह सैनी का स्वागत करते मुख्यमंत्री धामी।

### धामी से मिले हरियाणा के सीएम सैनी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उनके बीच दोनों राज्यों के हितों से संबंधित विभिन्न समसामयिक विषयों पर गहन चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने हरियाणा के मुख्यमंत्री को चारधाम का प्रसाद एवं देवभूमि उत्तराखंड के अंब्रेला ब्रांड हाउस ऑफ हिमालय के स्थानीय उत्पाद भेंट किए।

## ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा पर जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार से ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। इस यात्रा का उद्देश्य भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मोदी पहले चरण में दो दिवसीय यात्रा पर ब्रिटेन जाएंगे और फिर मालदीव में स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री की 25 से 26 जुलाई तक होने वाली मालदीव यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह द्विपक्षीय संबंधों को पुनः स्थापित करने का प्रतीक है।

# एनडीआरएफ की टीम में शामिल होंगे खोजी कुत्ते

नई दिल्ली, एजेंसी

- आपदा के समय शव खोजने में मददगार होंगे कैडेवर डॉग

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) आपदा क्षेत्रों में मृतकों या मानव अवशेषों को सूंघकर शवों को खोज सकने की क्षमता वाले खोजी कुत्तों (कैडेवर डॉग) की पहली टुकड़ी को जल्द ही सेवा में शामिल करेगा।

एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि तमिलनाडु के अरक्कोणम और उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में स्थित एनडीआरएफ बटालियन के बेस पर पिछले कुछ महीनों से ऐसे छह से अधिक कुत्तों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकतर बेल्जियन मैलिनोइस और लैब्राडोर नस्ल के विशेष कुत्तों को प्रशिक्षित करने के लिए बल ने विदेश से एक विशेष गंध मंगाई है, जो मृत शरीर से निकलने वाली गंध की तरह है। एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने कहा कि एनडीआरएफ का ध्यान जिंदगियां बचाने पर केंद्रित रहा है। आपदा के दौरान जीवित बचे लोगों को खोजना बचावकर्मियों का मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है, इसलिए मृतकों या मानव अवशेषों को ढूंढना उनकी प्राथमिकता नहीं थी।

**हर हर गंगे.....**



हरिद्वार में रविवार को सायंकालीन मां गंगा आरती का मनमोहक दृश्य। शिवरात्रि पर महादेव का जलाभिषेक करने को पवित्र गंगा जल लेने के लिए यहां शिव भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। रविवार शाम तक करीब 53 लाख कांवड़िये जल लेकर हरिद्वार से निकल चुके थे।

# स्कूलों के जरिए बच्चों के आधार में अपडेट होगा बायोमेट्रिक

## यूआईडीएआई चरणबद्ध परियोजना के तहत दो माह में करेगा काम

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) दो महीने बाद चरणबद्ध तरीके से विद्यालयों के माध्यम से बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट शुरू करने की परियोजना पर काम कर रहा है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भुवनेश कुमार ने बताया कि सात करोड़ से ज्यादा बच्चों ने आधार के लिए अपने बायोमेट्रिक अपडेट नहीं किए हैं। पांच साल की आयु के होने के बाद यह प्रक्रिया करना अनिवार्य है। कुमार ने कहा कि यूआईडीएआई, विद्यालयों के जरिए अभिभावकों की सहमति से बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट करने की परियोजना पर काम कर रहा है। हम इस समय इस प्रौद्योगिकी का परीक्षण रहे हैं और यह 45 से 60 दिनों में तैयार हो जाएगी।

बच्चों के बायोमेट्रिक डेटा की सटीकता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट का समय पर पूरा होना एक अनिवार्य आवश्यकता है। अगर सात वर्ष की आयु के बाद भी अपडेट नहीं किया जाता है तो मौजूदा नियमों के अनुसार, आधार संख्या निष्क्रिय की जा सकती है। यह अपडेट यदि पांच से सात वर्ष की आयु के बीच किया जाता है, तो निःशुल्क है लेकिन सात वर्ष की आयु के बाद अपडेट के लिए 100 रुपये का शुल्क निर्धारित है। इसका उद्देश्य स्कूल में दाखिला, प्रवेश परीक्षाओं के लिए पंजीकरण, छात्रवृत्ति का लाभ उठाने, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) योजनाओं आदि जैसी सेवाओं का लाभ (जहां भी लागू हो) उठाने में आधार के निर्बाध उपयोग को सुनिश्चित करना है। कुमार ने कहा कि हम विद्यालयों और कॉलेजों में दूसरी अपडेट प्रक्रिया लागू करने की योजना बना रहे हैं, जो बच्चों के 15 साल की उम्र पूरी करने के बाद की जाती है।



### बच्चों को सभी लाभ सही समय पर मिलें

फिलहाल, नवजात शिशुओं और पांच साल से कम उम्र के बच्चों का आधार उनके 'बायोमेट्रिक' के बिना ही बनाया जाता है। कुमार ने कहा कि कई सरकारी योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए आधार बेहद जरूरी है। हम चाहते हैं कि बच्चों को सभी लाभ सही समय पर मिलें। विद्यालयों के जरिए, हम ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक सुविधा को पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। इस परियोजना के तहत, यूआईडीएआई हर जिले में बायोमेट्रिक मशीनें भेजेगा, जिन्हें एक स्कूल से दूसरे स्कूल में ले जाया जाएगा।

## वकीलों के मामले की आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मामलों की जांच के दौरान कानूनी राय देने और पक्षों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों को जांच एजेंसियों की ओर से तलब किए जाने से संबंधित स्वतः संज्ञान मामले पर 21 जुलाई को सुनवाई करेगा।

यह मामला प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। यह मामला प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किए जाने के मद्देनजर आया है।

# आज लोकसभा में पेश होगी संसदीय समिति की रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

**नया आयकर विधेयक**

नए आयकर विधेयक-2025 की समीक्षा के लिए गठित संसदीय समिति की रिपोर्ट सोमवार को लोकसभा में पेश की जाएगी। यह छह दशक पुराने आयकर अधिनियम का स्थान लेगा।

भाजपा नेता बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली 31 सदस्यीय प्रवर समिति को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नए आयकर विधेयक, 2025 की समीक्षा के लिए नियुक्त किया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 13 फरवरी को इसे लोकसभा में पेश किया था। समिति ने 285 सुझाव दिए हैं और 16 जुलाई को अपनी बैठक में नए आयकर विधेयक-2025 पर रिपोर्ट को अपनाया है। इसे अब आगे की कार्रवाई के लिए सदन में पेश किया जाएगा। सरलीकृत आयकर विधेयक, जो 1961 के आयकर अधिनियम के आकार का आधा है, मुकदमेबाजी और नई व्याख्या के दायरे को कम करके कर निश्चितता प्राप्त करने का प्रयास करता है।

लोकसभा में पेश किए गए नए विधेयक में शब्दों की संख्या कम यानी 2.6 लाख है।

# सौर मंडल समेत पृथ्वी की उत्पत्ति का रहस्य हुआ उजागर

## वैज्ञानिकों ने पहली बार किसी सौर मंडल को जन्म लेते देखा, स्टार हॉप्स 315 नामक तारे से संभव हो सकी यह खोज

संवाददाता, नैनीताल






**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने पहली बार किसी सौर मंडल को जन्म लेते देखा है। यह खोज हमारे सौर मंडल समेत पृथ्वी की उत्पत्ति के रहस्य को उजागर करती है। वैज्ञानिक, ग्रहों समेत किसी भी तारे के सौर मंडल के जन्म का यह पहला प्रमाण मान रहे है। यह खोज अपने सौर मंडल का निर्माण कर रहे नवजात स्टार हॉप्स 315 नामक तारे की खोज से संभव हो सकी है।

दरअसल, पूर्व में हमारे सौर मंडल की उत्पत्ति को लेकर तमाम सिद्धांत गढ़े गए हैं, लेकिन पहली बार खगोल वैज्ञानिक किसी सौर मंडल को अपनी आंखों के सामने बनता देख रहे हैं। यह खोज सौर मंडल की उत्पत्ति का पहला प्रमाण है और हमारे वैज्ञानिक जगत के सिद्धांतों की पुष्टि करती है। नीदरलैंड स्थित लीडेन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मेलिसा मैकक्लेर के नेतृत्व में यह खोज हुई है। स्टार हॉप्स-315 तारा पृथ्वी से 1,300 प्रकाश वर्ष दूर है। यह तारा हमारे सूर्य के समान चमकता है, जो अपने चारों ओर एक नई सौर प्रणाली के ग्रहों को अस्तित्व में ला रहा है। इस सौर मंडल में गर्म खनिज जमने लगे हैं।

कार्बन मोनोऑक्साइड और सिलिकॉन मोनोऑक्साइड की जेट किरणें आगे बढ़ रही है और अपने तारे से दूर भाग रहे हैं। यह प्रक्रिया किसी भी ग्रह मंडल के निर्माण की पहली कड़ी होती है।

### आश्चर्यजनक है यह खोज

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडेय कहते हैं कि किसी सौर मंडल के निर्माण की प्रक्रिया को लेकर यह खोज आंखों देखी जैसी कही जा सकती है। सौर मंडल की उत्पत्ति को लेकर यह पहली खोज आश्चर्यजनक है। खगोल जगत इस खोज से उत्साहित है। अब जैसे जैसे तकनीक आगे विकसित होते जाएगी, ब्रह्मांड के छिपे रहस्य भी उजागर होते चले जाएंगे।

### भविष्य को समझना होगा आसान

**नैनीताल, अमृत विचार :** डॉ. शशिभूषण पांडेय के अनुसार, ग्रहों की उत्पत्ति का रहस्य उजागर होने के बाद किसी भी ग्रह की आंतरिक संरचना को समझना आसान हो जाएगा। साथ ही, जीवन योग्य ग्रहों के बारे में पता लगाना आसान हो सकेगा। जीवन योग्य ग्रहों की तलाश में खगोल वैज्ञानिक कई दशकों से अध्ययन कर रहे हैं। इस नई खोज से हम निर्माणाधीन किसी भी ग्रह के भविष्य को समझ सकेंगे।

### यह खोज दशकों के परिश्रम का प्रतिफल

यह खोज वैज्ञानिकों को उत्साहित करने वाली है और दशकों के परिश्रम का प्रतिफल है, जिसे लेकर खोजी टीम के वैज्ञानिक प्रोफेसर मेरेल वैन कहते हैं कि जन्म लेते सौर मंडल की यह तस्वीर वैसी ही है, जैसा कि हमारे सौर मंडल की उत्पत्ति के दौरान हुआ होगा। इस सौर मंडल में हमारे अपने ग्रह मंडल के समान ग्रहों का जन्म हो रहा है जिसमें भविष्य में बृहस्पति जैसे ग्रह अस्तित्व में आएंगे। खोजकर्ता खगोलविदों का कहना है कि इस नए सौर मंडल में ग्रहों के बाद बौने ग्रह अस्तित्व में आएंगे और उसके लघु ग्रह अस्तित्व में आने लगेंगे, इनके साथ ही उल्कापिंडों का अस्तित्व सामने आएगा। इनके अलावा धूमकेतुओं को भी बनते देख सकेंगे। सबसे बड़ा तथ्य यह है कि हम इस सौर मंडल के निर्माण की प्रक्रिया को अपनी आंखों से देख सकेंगे। स्टार हॉप्स 315 के सौर मंडल की खोज चिली स्थित एटाकामा लार्ज मिलीमीटर/सबमीतर एरे टेलीस्कोप और जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप के जरिए हुई है।

# पुरोला के जंगल में तेंदुए ने किया महिला पर हमला

- घास काटने गई थी महिला, बुरी तरह हुई घायल
- घायल को देहरादून के लिए किया गया रेफर

संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार :** उत्तरकाशी के पुरोला क्षेत्र में रविवार को जंगल में घास काटने गयी एक महिला को तेंदुए ने हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया।

अधिकारियों ने बताया कि कुमोला के जंगल में सुबह हुई घटना में बुरी तरह से घायल पुजेली गांव की रहने वाली 38 वर्षीया उर्मिला देवी नौटियाल को पुरोला के उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे देहरादून के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, जंगल में घास काटते समय झाड़ियों के बीच में छिपे तेंदुए ने उर्मिला पर हमला कर दिया। उसके चिल्लाने की आवाज सुन आसपास सेब के बगीचों में काम रहे मजदूर और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो ग्रामीणों को देखकर तेंदुआ भाग गया लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। ग्रामीण उसे तत्काल पुरोला अस्पताल ले गए जहां से उसे देहरादून के लिए रेफर कर दिया गया।

तेंदुए के हमले के बाद से पुजेली गांव तथा आसपास के क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। उन्होंने वन विभाग से क्षेत्र में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। उप वन संरक्षक डीपी बलूनी ने बताया कि वन अधिकारियों और कर्मचारियों को घटनास्थल पर जाकर लगातार निगरानी रखने और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। बलूनी ने ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं से जंगलों में सावधानी बरतने की अपील की है।

# गीत से देवभूमि की महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी, रिपोर्ट दर्ज

- गायक पवन सेमवाल को पटेल नगर पुलिस ने थमाया नोटिस
- विवेचना में सहयोग करने की बात पर पुलिस ने हिदायत देकर छोड़ा कांग्रेस ने भी शेयर किया था गीत

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** गायक पवन सेमवाल के खिलाफ देहरादून की पटेल नगर कोतवाली में एक महिला की शिकायत पर अभियोग दर्ज किया गया है। पुलिस सेमवाल को दिल्ली से देहरादून लेकर आयी और नोटिस थमाने के साथ ही विवेचना में सहयोग करने की हिदायत देकर छोड़ दिया है।

इस मामले को एक ट्यूब चैनल पर मुख्यमंत्री पर बनाए गए एक गाने को जोड़कर देखा जा रहा है। इस गाने को उत्तराखंड कांग्रेस ने भी अपने व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर किया था।

पुलिस के अनुसार, यू-ट्यूब चैनल पर पवन सेमवाल नाम के गायक द्वारा अपनी फेसबुक आईडी से एक गीत प्रसारित/प्रचारित किया गया था, जिसमें उसके द्वारा उत्तराखंड में महिलाओं व बेटियों की लज्जा का अनादर का प्रयास करते हुए उनके विरुद्ध अभद्र टिप्पणी की गई।

आरोपी गायब द्वारा पूर्व में उक्त वीडियो को यूट्यूब चैनल से हटा दिया गया था लेकिन बीती 19 जुलाई को पवन सेमवाल द्वारा पुनः उसी यूट्यूब चैनल पर अपनी फेसबुक आईडी से उक्त गाने को पुनः प्रचारित/प्रसारित करते हुए आम जन के बीच उत्तराखंड की महिलाओं के प्रति हीनभावना को फैलाने का प्रयास किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि, उक्त गीत से आहत होकर एक महिला द्वारा कोतवाली पटेल नगर में उक्त संबंध में दी गई तहरीर के आधार पर पवन सेमवाल के विरुद्ध धारा-196/353(1)(बी)/79 भारतीय न्याय संहिता के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसमें पुलिस टीम द्वारा आरोपी सेमवाल को दिल्ली के कल्याणपुरी थाने में नियमानुसार बुलाकर उससे आवश्यक पूछताछ के लिए देहरादून लाया गया, जहां पूछताछ के बाद उसे विवेचना के अंतर्गत धारा 35 (ए) बीएनएस का नोटिस तामील कराकर छोड़ दिया गया।

# पुलिस ने बुजुर्ग महिलाओं को साथियों से मिलाया

- ऋषिकेश में अपने साथियों से बिछड़ गई थीं, लौटी चेहरों पर मुस्कान

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** नाम-मेवा, बतासी और मिश्री। तीनों महिलाएं बुजुर्ग होने के साथ निरक्षर। न किसी का मोबाइल नंबर और हरियाणा में कहां रहती हैं, उसका स्पष्ट पता। ऐसे में ऋषिकेश पुलिस ने गूगल की मदद ली और उसके द्वारा सुझाए नतीजों की सहायता से इन महिलाओं के चेहरों पर उनके साथियों से मिलाने की मुस्कान लौटा दी।

ऋषिकेश पुलिस के अनुसार, नटराज चौक पर ये तीनों महिलाएं परेशान हालत में घूमती मिलीं तो इन्हें पुलिस बूथ पर लाकर जानकारी की गई। इन महिलाओं ने अपने नाम मेवा, बतासी और मिश्री बताए। जानकारी दी कि वे नौरंगाबाद गुर्जरों की ढाणी तिलोड़ी हरियाणा से गांव की 11 महिलाओं के साथ कांवड़ यात्रा के लिए आयी हैं। किसी पार्किंग में गाड़ी खड़ी कर वे सभी दर्शन के लिए नीलकंठ गए थे लेकिन लौटते समय वे तीनों बिछड़ गईं, उन्हें उस स्थान की भी जानकारी नही जहां उन्होंने गाड़ी खड़ी की थी।

तीनों महिलाएं बुजुर्ग एवं अनपढ़ होने के कारण घर का मोबाइल नंबर, थाना तथा जिले के बारे में भी स्पष्ट नहीं बता पाईं। इन महिलाओं द्वारा बताए गए गांव को पुलिसकर्मियों ने गूगल पर सर्च कर संबंधित थाने के बारे में जानकारी की तो संबंधित थाना पुलिस से वार्ता कर महिलाओं के गांव के सरपंच से बात हो पाई।

# शैक्षिक क्षेत्र में साथ-साथ चलेंगे उत्तराखंड और त्रिपुरा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** पर्वतीय राज्य उत्तराखंड और त्रिपुरा, दोनों राज्य शैक्षिक क्षेत्र में एक साथ चलेंगे। दोनों प्रदेशों के राज्यपाल के बीच रविवार को कई विषयों पर चर्चा हुई। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने उत्तर प्रदेश भ्रमण के दौरान राजभवन लखनऊ में त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी नल्लू से शिष्टाचार भेंट की।

दोनों राज्यपालों के मध्य विश्वविद्यालयों की भूमिका, उच्च शिक्षा में नवाचार, शोध की दिशा में सहयोग तथा राज्यों के बीच बेस्ट प्रैक्टिसेज के आदान-प्रदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने राजभवन संग्रहालय, दुर्लभ सिक्कों और डाक टिकटों के संग्रह तथा राजभवन में हुए अद्भुत पुनर्निर्माण कार्यों और परियोजनाओं का अवलोकन किया, जिन्होंने राजभवन की गरिमा और सौंदर्य में प्रभावशाली परिवर्तन किया है।



राजभवन संग्रहालय का अवलोकन करते उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह।

### जीओसी-इन-सी ने की राज्यपाल से मुलाकात

**देहरादून :** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से रविवार को उत्तर प्रदेश भ्रमण के दौरान सेन्ट्रल कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने शिष्टाचार भेंट की। उनके मध्य राष्ट्रीय सुरक्षा, पूर्व सैनिकों के कल्याण और क्षेत्र में नागरिक-सैन्य सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करने विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

## कुमाऊं विवि ने घोषित किए परीक्षा परिणाम

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय ने रविवार को स्नातक स्तरीय सम सेमेस्टर बीए, बीएससी व बीकॉम (एनईपी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) के परीक्षा परिणाम रविवार को घोषित कर दिए हैं। समय से परीक्षाफल घोषित होने से आगामी शैक्षणिक सत्र समय से शुरू हो सकेगा। कुलपति प्रो. डीएस रावत ने बताया कि कुमाऊं विवि के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि सभी सम सेमेस्टर के परिणाम कम समय, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ घोषित किए गए हैं। यह कार्य शिक्षकों, अधिकारियों और परीक्षा टीम के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर संभव हो सका। कुलपति ने समय से रिजल्ट घोषित किए जाने पर सभी विद्यालयों का योगदान बताया। कहा कि उनका अनुभव दिल्ली विवि जैसी प्रतिष्ठित संस्था में कार्य करने का रहा है और वहीं से प्राप्त प्रशासनिक दक्षता और कार्यकुशलता को उन्होंने विवि में भी लागू किया है, जिससे यह कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा हो सका। पंजीकृत विद्यार्थी, जिनके द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरा गया था, ऐसे विद्यार्थी परीक्षाफल विवि वेबसाइट पर व समर्थ स्टूडेंट पोर्टल में देख सकते हैं।

!! ॐ शांति !!
नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।
श्रद्धांजलि
दसवीं पुण्यतिथि
21 जुलाई, 2025



स्व. श्रीमती मुन्नी कुंजवाल
(17 दिसंबर 1958-21 जुलाई 2015)
आपकी स्मृति ही जीने का सम्बल है। आपके साथ होने का अहसास पल-पल है। सत्य का साक्षात्कार करके भी मन आपके बगैर चंचल है। संकल्प लेते हैं इस पुण्यतिथि पर आपके चरण चिन्हों पर चलना हर पल है।
-: श्रद्धावनत :-
गणेश सिंह कुंजवाल (पति), देवेन्द्र सिंह कुंजवाल-भावना कुंजवाल-पीहू (पुत्र-पुत्रवधु-पोती), ज्योति महरा - कुन्दन सिंह महरा (पुत्री-दामाद), अर्जुन लावण्या (नाती-नातिनी) समस्त परिवार एवं मित्रगण।
9411323904, 8126428499

# यात्रा बीच में छोड़कर भारत लौटीं मीनाक्षी

- तिब्बत में घोड़े से गिरकर घायल हो गईं थीं भाजपा नेत्री मीनाक्षी लेखी

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** तिब्बत में घोड़े से गिरकर घायल हुईं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेत्री मीनाक्षी लेखी कैलाश मानसरोवर यात्रा बीच में छोड़कर भारतीय भूभाग में स्थित गुंजी शिविर लौट आयी हैं जहां से सोमवार सुबह उन्हें हेलीकॉप्टर के जरिए अस्पताल पहुंचाया जाएगा।

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा के दूसरे दल में शामिल लेखी तिब्बत में दार्चिनी में घोड़े से गिरकर चोटिल हो गयी थीं जिसके बाद उन्हें वहीं से अपनी यात्रा बीच में छोड़कर गुंजी लौटना पड़ा। जिला सूचना अधिकारी संतोष चंद ने बताया कि, दार्चिन में घायल श्रद्धालु (मीनाक्षी लेखी) को चीन के अधिकारियों ने लिपुलेख तक पहुंचाया, जहां से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के कर्मी उन्हें गुंजी शिविर तक ले आए हैं। दार्चिन वह स्थान हैं जहां से कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील की परिक्रमा शुरू होती है। प्रशासन लेखी को हेलीकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाने के लिए मौसम के साफ होने का इंतजार कर रहा था, लेकिन ऐसा न होने की स्थिति में अब उन्हें आज सोमवार सुबह भेजा जाएगा। धारचूला के एसडीएम जितेंद्र सिंह ने बताया कि मौसम ठीक न होने के कारण लेखी रात गुंजी में ही बिताएंगी।

# प्रो. राव कुमाऊं विवि के नियुक्त किए गए लोकपाल

**नैनीताल, अमृत विचार :** नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव को कुमाऊं विश्वविद्यालय का लोकपाल नियुक्त किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल ने बताया है कि यह नियुक्ति तीन वर्ष के लिए होगी। गौरतलब है कि प्रो. राव हल्द्वानी स्थित उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय तथा कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति भी रह चुके हैं। कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) की ओर से प्रोफेसर राव को लोकपाल बनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई है। कूटा अध्यक्ष प्रोफेसर ललित तिवारी तथा महासचिव डॉ. विजय कुमार सहित कूटा परिवार ने प्रोफेसर राव को शुभकामनाएं दी हैं।

# हेरोइन लेकर दून आया तस्कर धरा, मुकदमा

- 44.76 ग्राम हेरोइन बरामद करीब 14 लाख रुपये कीमत

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से हेरोइन की खेप लेकर देहरादून आए एक तस्कर को एएनटीएफ और सहसपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 44.76 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 14 लाख रुपये बतायी गयी।

कोतवाली सहसपुर के एसएसआई विकास रावत ने बताया कि 'ड्रग्स फ्री देवभूमि' अभियान के तहत सहसपुर पुलिस तथा एएनटीएफ देहरादून की टीम ने रविवार को चेकिंग के दौरान धर्मावाला क्षेत्र से आसन पुल के पास से एक नशा तस्कर प्रवेश कुमार निवासी बालाजी पुरम, थाना सदर, सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) को 44.76 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी तस्कर ने बताया कि वह यह हेरोइन सहारनपुर के ही जीतू उर्फ जॉनी नाम के एक व्यक्ति से खरीद कर लाया है। बरामद की गई हेरोइन को राजधानी में ही कई जगह नशे के लती लोगों को बेचना था। इस संबंध में तस्कर के विरुद्ध कोतवाली सहसपुर पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। वहीं, वांछित जीतू उर्फ जानी की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

# घर में घुसे मगरमच्छ को किया काबू

**हरिद्वार, अमृत विचार :** लक्सर तहसील क्षेत्र में शनिवार आधी रात के समय एक मगरमच्छ घर में घुस आया। घर में खटपट की आवाज सुन परिजन जागे और लाइट जलायी तो मगरमच्छ देख उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम मगरमच्छ को रेस्क्यू कर अपने साथ ले गयी। जानकारी के अनुसार, यह मगरमच्छ रुड़की में लक्सर तहसील अंतर्गत खानपुर थाना क्षेत्र के गिद्दावाली गांव में केपी सिंह के घर घुस आया था। रात के करीब दो बजे परिवार के लोग सो रहे थे। खटपट सुनकर उनकी नींद खुली और मगरमच्छ देखा तो दहशत में आए। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो मगरमच्छ देख हड़कंप मच गया। लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम गांव में पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को जाल में कैद किया।

आस्था | यात्रियों ने किए मानसखंड मंदिरमाला में सम्मिलित मंदिरों के दिव्य एवं भव्य दर्शन, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक समृद्धि का किया साक्षात अनुभव

# पहल : अब कैलाश मानसरोवर यात्रा को मिल रहे नए आयाम

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार की संयुक्त पहल से कैलाश मानसरोवर यात्रा को नया आयाम मिला है। यात्रियों ने मानसखंड मंदिरमाला में सम्मिलित मंदिरों के दिव्य एवं भव्य दर्शन किए।

कैलाश मानसरोवर यात्रियों के प्रथम दल ने पवित्र मानसखंड मंदिरमाला में स्थित अनेक प्राचीन, पौराणिक और ऐतिहासिक मंदिरों के दर्शन कर गहन आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। इस यात्रा के दौरान यात्रियों ने पिथौरागढ़ जनपद में स्थित पाताल भुवनेश्वर गुफा मंदिर, हाट कालिका मंदिर के दर्शन कर क्षेत्र की धार्मिक गरिमा, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक समृद्धि का साक्षात अनुभव किया। मानसखंड मंदिरमाला, उत्तराखंड सरकार द्वारा विशेष रूप से विकसित की जा रही एक व्यापक धार्मिक सर्किट योजना है, जिसमें कुमाऊं मंडल के प्रमुख देवस्थलों को आपस में जोड़कर एक सुव्यवस्थित तीर्थ यात्रा पथ तैयार किया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना, स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देना, और कुमाऊं की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठित करना है।

इस पहल के तहत मंदिरों तक बेहतर सड़क संपर्क, मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, सांस्कृतिक स्थलों का संरक्षण, सूचना पटल एवं डिजिटल गाइडेंस जैसी आधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को एक सुविधाजनक एवं समग्र आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हो सके।



मंदिर के दर्शन कर लौटते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



मंदिर के दर्शन के बाद मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### अविस्मरणीय आध्यात्मिक यात्रा बनी

यात्रियों ने न केवल मंदिरों की अलौकिकता और पवित्रता का अनुभव किया, बल्कि पिथौरागढ़ जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उन्हें हिमालय की गोद में स्थित देवभूमि की दिव्यता, संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने वाली एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक यात्रा सिद्ध हुई है। अधिकारियों के अनुसार, राज्य सरकार का यह प्रयास धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देने के साथ-साथ क्षेत्रीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और स्थानीय कारीगरों व व्यापारियों के लिए आर्थिक संबल भी सृजित कर रहा है।

**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिली रहेगी और बादल भी छाए रहेंगे

28.0⁰ अधिकतम तापमान | 25.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.26 | सूर्यास्त 19.10

**एक नजर**

## आज इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**हल्द्वानी :** विद्युत वितरण खंड ग्रामीण की और से विद्युत वितरण उपखण्ड लालकुआं के अंतर्गत आने वाले 33/11 केवी उपसंस्थान धौलाखेड़ा में सोमवार (आज) को विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। बिजली विभाग के अनुसार यह शटडाउन, लॉपिंग-चॉपिंग व लाइन के आवश्यक कार्यों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इस दौरान क्षेत्र के उपभोक्ताओं को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली की कटौती का सामना करना पड़ेगा। विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से इस दौरान वैकल्पिक व्यवस्था करने के साथ ही सहयोग और धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

# अब खुद ही तोड़ना शुरू किया अवैध निर्माण

### शारदा मार्केट में रविवार को जिला विकास प्राधिकरण की टीम के निरीक्षण के बाद निर्माणकर्ताओं ने शुरू किया ध्वस्तीकरण

**खबर का असर**

- मामले में अमृत विचार अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी खबर
- मामले में प्राधिकरण के नोटिस का 29 जुलाई को देना है जवाब

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की टीम के निरीक्षण के बाद शारदा मार्केट के निर्माणकर्ताओं ने तीसरे फ्लोर पर बने अवैध निर्माण को खुद ही तोड़ना शुरू कर दिया है।

गौरतलब है कि शारदा मार्केट में अवैध ढंग से छह दर्जन से अधिक दुकानें बनाने का मामला सामने आया है। इसमें एक, दो और तीन फ्लोर में दुकानें बनाने के बाद भी निर्माण किया जा रहा था। इसकी शिकायत मिलने पर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की टीम ने मौके पर जाकर चालान किया था और काम बंद करवा दिया था। साथ ही नोटिस देकर जवाब मांगा था।

प्राधिकरण की सख्ती के बाद भी अवैध निर्माण हो रहा था जिसको लेकर अमृत विचार ने प्रमुखता से समचार प्रकाशित किया था। वहीं, नगर निगम की टीम भी मौके पर पहुंची थी और सड़क, सीवर लाइन व नालियों पर अवैध कब्जा मौके पर पाया था। टीम ने इसकी रिपोर्ट आला अधिकारियों को सौंपी थी। इधर, रविवार को प्राधिकरण की टीम ने शारदा मार्केट का स्थलीय निरीक्षण किया। टीम ने विभिन्न फ्लोर पर बनीं दुकानें देखीं और सबसे ऊपरी तल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणकर्ताओं को तत्काल प्रभाव से अवैध निर्माण बंद करने और अवैध निर्माण को खुद ही ध्वस्त करने के निर्देश दिए।

इसके बाद निर्माणकर्ताओं ने अवैध निर्माण को खुद ही हथौड़ा व घन लेकर तोड़ना शुरू कर दिया। उनका कहना है कि जल्द ही अवैध निर्माण तोड़ दिया जाएगा। बता दें कि प्राधिकरण ने इनको जो नोटिस दिया है, उसका जवाब 29 जुलाई तक देना है।

## चालान के बाद भी अफसरों की नाक के नीचे जारी रहा काम

### अधिकारियों का दावा, मौके पर जांच की जा रही है, शारदा मार्केट में अवैध तरीके से बनाई जा रहीं 77 दुकानों के निर्माण का मामला

संवाददाता, हल्द्वानी

**77** दुकानों का बेखौफ होकर किया अवैध निर्माण, शिकायत पर शुक्रवार को पहुंची थी संयुक्त टीम

**29** जुलाई को भवन स्वामी आलोक और माया शारदा देंगे जिला विकास प्राधिकरण को नोटिस का जवाब

अमृत विचार: शारदा मार्केट में अवैध तरीके से बनाई जा रहीं 77 दुकानों का निर्माण चालान कटने के बावजूद भी दूसरे दिन बेखौफ चलता रहा। अमृत विचार की टीम ने शनिवार को मौके पर जाकर देखा तो मजदूर काम करते मिले। वहीं इस संबंध में जिम्मेदारों से वार्ता की तो उनका कहना है कि अगर काम चल रहा होगा तो इसे रुकवा दिया जाएगा।

गौरतलब है कि शुक्रवार को यहां नगर निगम और विकास प्राधिकरण की टीमें पहुंची थीं। उन्होंने चालान करने के साथ ही काम भी रुकवा दिया था। क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के सचिव ने नोटिस देकर काम करने वाले से जवाब मांगा था। 29 जुलाई को भवन स्वामी आकर नोटिस का जवाब देंगे।

वहीं चालान कटने और काम रोके जाने के बावजूद शनिवार को भी जिस तरह से शारदा मार्केट में अवैध तरीके से बन रही दुकानों का निर्माण जारी रहा उसे देखकर तो यही लगता है कि संबंधित में



हल्द्वानी के नैनीताल रोड स्थित शारदा मार्केट में शनिवार को किया जा रहा निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

ऐसा तब है कि जब ये दुकानें क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण और नगर निगम कार्यालय के पास में ही हैं। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि मौके पर निरीक्षण के लिए जेई को भेजा जा रहा है। इसके बाद भी अगर काम चल रहा

उल्लेखनीय है कि यह मामला तब प्रकाश में आया जब बीते शुक्रवार को पार्षद रवि जोशी की शिकायत पर जिला विकास प्राधिकरण, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची थी। जिस पर तत्काल कार्रवाई करते

जांच के दौरान पता चला कि तीन-तीन फ्लोर में दर्जनों दुकानें बनाई गई हैं। जब प्राधिकरण की ओर से नक्शा और दुकानों के निर्माण की अनुमति के दस्तावेज दिखाने को कहा गया तो निर्माणकर्ता कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सके जिसके

**अधिकारियों को नहीं दिखा इतना बड़ा निर्माण**

हल्द्वानी: यह निर्माण उस जगह पर हो रहा है जहां पर नैनीताल रोड को चौड़ा करने का काम किया जा रहा है। मुख्य बाजार में इस रोड से छोटे-बड़े अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है। पास में ही प्रशासन के बड़े अधिकारियों के कार्यालय है। इसके बाद भी नैनीताल रोड से सटे इस बाजार में खुलेआम इतना बड़ा अवैध निर्माण हो रहा था और किसी भी अफसर की इस पर नजर नहीं गई, यह बड़ा प्रश्न है। आखिर कैसे नगर निगम, जिला व क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण किसी गली मुहल्ले में बिना स्वीकृति के एक नाली, खिड़की, दरवाजे, छोटी सी बाउंड्री के निर्माण तक को रुकवाने पहुंच जाते है और इतना बड़ा निर्माण होता उन्हें नहीं दिखा।

मौके पर ही निर्माण रोक दिया गया था। जवाब के लिए नोटिस दिया गया है। इसके बावजूद निर्माण किया जाएगा, तो कार्रवाई की जाएगी। -विजय नाथ शुक्ल, सचिव, जिला विकास प्राधिकरण

29 जुलाई को भवन स्वामी को नोटिस का जवाब देना है। अगर इस दौरान निर्माण कार्य किया जा रहा है तो अब भवन को सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। -गोपाल सिंह चौहान, सचिव, क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण

**राजेंद्र नगर में लाल निशान का विरोध**

हल्द्वानी: पार्षद प्रीती आर्या ने कहा कि राजेंद्र नगर राजपुरा में नाला चौड़ीकरण के नाम पर गरीबों के घरों लाल निशान लगाए जा रहे हैं। कहा कि किसी के मकान की आधी ईंट भी टूटने नहीं देंगे चाहे आन्दोलन को किसी भी हद ले जाना पड़े या कोर्ट की शरण लेनी पड़े। हेमंत साहू ने कहा शासन-प्रशासन बेलगाम हो गया है। राजपुरा में कभी इतना पानी नहीं आता कि की नाले को चौड़ीकरण की जरूरत पड़े लाल निशान लगाने से लोग डर के साए में जी रहे हैं। गरीब इंसान पूरे जीवन की जमा पूंजी लगाकर एक-एक तिनका जोड़कर मकान बनाता है। अधिकारियों को ऐसी हरकत करने से पहले हजार बार सोचना चाहिए।

और आलोक शारदा के नाम से चालान कर नोटिस देकर अवैध

मांगा गया है। टीम का कहना था कि जवाब नहीं मिलने पर सील

**बोले अधिकारी**

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की टीम ने रविवार को शारदा मार्केट का निरीक्षण किया था। इस दौरान शारदा मार्केट में अवैध निर्माणकर्ताओं को निर्देश दिए गए थे कि वह स्वयं ही अपना अवैध निर्माण ध्वस्त करें वरना उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। -**गोपाल सिंह चौहान**, सिटी मजिस्ट्रेट/संयुक्त सचिव जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण








शारदा मार्केट में रविवार को अवैध निर्माण ध्वस्त करते लोग। ● अमृत विचार

## बेस की पार्किंग से दो दिन में दो बाइक चोरी

**हल्द्वानी :** पिछले दो दिनों में बेस की पार्किंग से दो मोटर साइकिलें चोरी हो गईं। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहले मामले में नारायण विहार काठगोदाम निवासी निकेत साह पुत्र नारायण लाल साह ने पुलिस को बताया कि 18 जुलाई को उन्होंने अपनी मोटर साइकिल बेस की पार्किंग में खड़ी की थी। अस्पताल से काम निपटाने के बाद जब वह वापस लौटे तो मोटर साइकिल गायब थी। दूसरे मामले में मलिक का बगीचा बनभूलपुरा निवासी आसिफ पुत्र पुत्तन ने बताया कि बीती 17 जुलाई को उन्होंने बेस की पार्किंग में बाइक खड़ी की थी। दोपहर करीब 12 बजे लौटे तो मोटर साइकिल चोरी हो चुकी थी।

# सफाई रैंकिंग में पिछड़ा हल्द्वानी क्षेत्रवासियों में पनप रहा आक्रोश

- रैंकिंग सुधारने के लिए साथी संगठन चलाएगा अभियान
- बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसे कई मुद्दों पर भी की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम के स्वच्छता रैंकिंग में पिछड़ने से लोगों में आक्रोश है और यह आक्रोश रविवार को साथी संगठन की बैठक में भी नजर आया। संगठन की बैठक वार्ड 53 के पार्षद राजेश पंत के कार्यालय में आयोजित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता आनंद सिंह भाकुनी ने की।

बैठक में आनंद सिंह भाकुनी ने संगठन के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, व्यसन निषेध और वर्षा काल में पौधरोपण जैसे मुद्दों पर विचार व्यक्त किए। संगठन के संरक्षक लीलाधर पांडे ने हल्द्वानी नगर निगम की सफाई रैंकिंग में पिछड़ने पर कड़ा विरोध जताया। कहा, सफाई व्यवस्था को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए और संगठन इसके लिए अपनी पूरी ताकत लगाएगा। पार्षद राजेश पंत के नेतृत्व में एक नई शाखा का गठन किया गया, जिसके संयोजक के रूप में योगाचार्य मोहन चंद्र जोशी को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में मोहन जोशी, पुष्कर सिंह मेहरा, शंकर दत्त तिवारी, जगदीश खोलिया, आरएस बोरा, सुरेंद्र बिष्ट व वीरेंद्र भाकुनी आदि लोग मौजूद रहे।



हल्द्वानी में साथी संगठन की बैठक में मौजूद सदस्य। ● अमृत विचार

## लॉकेट लूटने का आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** चौधरी कालोनी गौजाजाली बनभूलपुरा निवासी आशा देवी पत्नी सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि बीती 14 जुलाई को उसकी बेटी घर से समोसे खरीदने निकली थी। उसके गले करीब डेढ़ ग्राम वजनी सोने का लॉकेट एक काले में धागे में पड़ा था। गणपित विहार गौजाजाली के पास एक युवक ने बच्ची के गले से लॉकेट लूट लिया और पैदल ही फरार हो गया।

प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना अपर उप निरीक्षक हेमंत कुमार के सुपुर्द की गई। एक टीम गठिन कर घटनास्थल के आस-पास लगे तमाम सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। आरोपी की शिनाख्त करते हुए हिमांशु पुत्र स्व. प्रदीप कश्यप निवासी वार्ड 2 राजपुरा को लूटे गए लॉकेट के साथ हिमालयन स्कूल के सामने गौला बाईपास रोड पर बने टीन शेड के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# दीवारों पर नहीं, सपनों पर लगे लाल निशान : सुमित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने रविवार को आवास विकास, सुभाष नगर का दौरा किया। उन्होंने जिन घरों पर लाल निशान लगाए थे, उनसे वार्ता की और भरोसा दिलाया कि इस संकट की घड़ी में मजबूती से खड़े हैं।

विधायक हृदयेश ने कहा कि यह केवल घरों की दीवारों पर लगे निशान नहीं हैं बल्कि हजारों परिवारों के उन आशियानों पर हमला है जो खून-पसीने की कमाई से बनाए हैं। यह कार्यवाही केवल भवनों के खिलाफ नहीं बल्कि जनजीवन, गरिमा और सुरक्षा के खिलाफ है।

उन्होंने प्रशासन की ओर से वर्ष 1930 के पुराने नक्शों के आधार पर की जा रही कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि उस दौर में हल्द्वानी का अधिकांश हिस्सा जंगल हुआ करता था। अब सरकार फिर से हल्द्वानी को जंगल में बदलना चाहती है। जिन घरों को आज निशाना बनाया जा रहा है, वहां लोग कई पीढ़ियों से रह रहे हैं। विधायक ने राज्य सरकार के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह असंवेदनशील और साजिशन प्रतीत होती है। सरकार की ओर से प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर जनता पर मानसिक दबाव बनाया जा रहा है, जो लोकतंत्र के मूल स्वरूप के खिलाफ है। स्पष्ट किया कि वह इस अन्याय को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेंगे और जल्द एक विशाल जनआंदोलन किया जाएगा। कहा कि आगामी 19 अगस्त से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। कहा कि यह लड़ाई केवल जमीन या मकानों की नहीं बल्कि अस्मिता, अधिकार व भविष्य की है। सभी वर्गों के लोगों को एकजुट होकर इसके खिलाफ खड़ा होना होगा। यहां पार्षद पंकज त्रिपाठी, गुरुप्रीत प्रिंस, धीरज जोशी, दिलीप कन्याल, जगमोहन सिंह, बब्बू, योगेश बुधानी, गोविंद सिंह बोरा, हर्षित भट्ट, सुरेंद्र मौर्य रहे।



आवास विकास में रविवार को स्थानीय लोगों से बात करते हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

# सड़ी-गली लाश के गले में कसा मिला शू-लेस

- बीते शुक्रवार को यूओयू के पास जंगल में मिली लाश
- नही हो सकी शिनाख्त, सोमवार को होगा पोस्टमार्टम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हाल ही में उत्तराखंड मुक्त विवि के पास जंगल में मिली सड़ी-गली लाश के मामले में एक बड़ी बात सामने आई है। सड़ी-गली लाश के गले में शू-लेस कसा मिला है और गंभीर बात यह है कि अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। अब सोमवार को पुलिस शव को पोस्टमार्टम कराएगी, जिसके बाद यह साफ हो सकेगा कि यह हत्या है या आत्महत्या।

शव लगभग 30-35 वर्ष के व्यक्ति का बताया जा रहा है और लोगों की इसकी जानकारी तब हुई जब क्षेत्र में तेज दुर्गंध उठने लगी। बीते शुक्रवार को जब लोग दुर्गंध के पीछे गए तो उन्हें जंगल में शव दिखा। शव पेड़ के सहारे घुटनों पर टिका हुआ था। इससे यह अंदेशा हुआ कि हत्या को आत्महत्या की शक्ल देने के लिए यह किया गया होगा। अब सूत्रों से पता चला है कि शव के गले में एक डोरी मिली है, जो जूते की है। यह डोरी बुरी तरह से गले में कसी हुई है। अब सवाल यह है कि अगर यह आत्महत्या है तो जूते की डोरी यानी शू-लेस से कोई आत्महत्या कैसे कर सकता है। बहरहाल, कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

# जिपं. सदस्य नहीं अध्यक्ष चुनने का मौका : भगत

- विधायक भगत ने बेला तोलिया के समर्थन में की जनसभा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने जिला पंचायत की रामड़ी आन सिंह सीट पर भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी बेला तोलिया के समर्थन में पांच गांवों में जनसभाएं कीं। उन्होंने कहा कि रामड़ी आन सिंह की जनता के पास सिर्फ जिला पंचायत सदस्य नहीं बल्कि जिला पंचायत अध्यक्ष चुनने का मौका है।

विधायक भगत ने रविवार को लामाचौड़ खास, रामपुर लामाचौड़, नाथूपुर पाडली, जयपुर पाडली और गुजरौड़ा ग्रामसभाओं में ताबड़तोड़ एक के बाद एक पांच जनसभाएं कीं। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा संगठन ने सोच समझ कर अधिकृत प्रत्याशी का चुनाव किया है। अधिकृत प्रत्याशी के सामने चुनाव लड़ रहे भाजपा पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष ने पद से हटा कर अनुशासनात्मक कार्यवाही की है।

भाजपा प्रत्याशी बेला तोलिया का पिछला कार्यकाल निर्विवाद सफलतम रहा है। पांच वर्षों में सिर्फ क्षेत्र का ही नहीं बल्कि जिले में विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का काम किया है। बेला तोलिया) की ईमानदार कार्यशैली का नतीजा है कि स्वच्छता सर्वे में सभी जिलों की सूची में नैनीताल का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। यदि कुछ काम शेष रह गए हैं तो उन्हें पूरा किया जाएगा। इस मौके पर परमवीर पम्मा, गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी अध्यक्ष कश्मीर सिंह, सक्कतर सिंह, अजमेर सिंह, गन्ना सहकारी समिति चेयरमैन प्रताप तापी, हरपाल सिंह, दलीप सिंह जख्वाल, हरपाल सिंह, मेजर सिंह, संदीप सनवाल, राज सिंह, दर्जा राज्य मंत्री रेनू अधिकारी, कमल नयन जोशी, प्रताप बोरा, महेश शर्मा, नीमा पाटनी, भीम कुरिया, रमेश पांडे मौजूद रहे।



रामड़ी आन सिंह सीट पर भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी बेला तोलिया के समर्थन में जनसभा संबोधित करते विधायक बंशीधर भगत।

# पत्नी से हुए विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी, मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के जीतपुर नेगी इलाके में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई जब जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान 19 वर्षीय शुभम कश्यप निवासी शाहजहांपुर, बरेली (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुभम कश्यप की तीन महीने पहले ही शादी हुई थी और वह जीतपुर नेगी में पत्नी के साथ किराए पर रह रहा था। स्थानीय राहगीरों ने रविवार शाम जंगल में शव को लटकता देखा, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। टीपीनगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**पति-पत्नी के बीच शराब को लेकर अक्सर होता था विवाद :** युवक के परिजन के अनुसार शुभम को शराब की लत थी और इसी कारण पति-पत्नी के बीच आए दिन झगड़ा होता था। रविवार सुबह वह घर से रोज की तरह काम पर जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। शाम को उसकी मौत की सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। टीपी नगर चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगा।

**समस्या**

### सड़क, स्वास्थ्य और किसान हितों से वंचित स्यूड़ा गांव, विकास की दौड़ में पीछे छूटे इस गांव के लोग पलायन की कगार पर, ग्रामीणों ने सरकार से मांगा अपना अधिकार

# स्यूड़ा गांव की उपेक्षा पर फूटा लोगों का आक्रोश, पंचायत चुनाव में छलका दर्द

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पंचायत चुनाव की गहमागहमी के बीच स्यूड़ा गांव के लोगों का सालों से दबा गुस्सा सामने आ गया है। विकास की दौड़ में पीछे छूटे इस गांव के ग्रामीणों का कहना है कि नेताओं के वादे हर चुनाव में हवा हो जाते हैं, लेकिन गांव की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। गांव की सबसे बड़ी समस्या पक्की सड़क का अभाव है। सड़क न होने के कारण किसानों को अपनी फसल मंडी तक पहुंचाने में भारी परेशानी होती है। किसान बताते हैं कि फसल की कीमत से ज्यादा तो किराया लगता है, जिससे मेहनत का कोई लाभ नहीं मिलता। गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने नाराजगी जताते हुए बताया कि जहां अन्य गांवों में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की ओर से जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी जाती हैं, वहीं स्यूड़ा गांव में आज तक कोई भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि सुनवाई के लिए नहीं आया। इससे जनता का प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर से भरोसा टूटता जा रहा है। साथ ही गांव में सड़क न होने का खामियाजा मरीजों और गर्भवती महिलाओं को भी उठाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि एम्बुलेंस नहीं आ पाती, और मजबूरी में बीमारों को कंधों पर उठाकर पैदल अस्पताल ले जाना पड़ता है।



स्यूड़ा गांव की इसी कच्ची पगडंडी से चलने को मजबूर हैं ग्रामीण। ● अमृत विचार



स्यूड़ा की स्थिति वाकई चिंताजनक है। आजादी के इतने साल बाद भी सड़क, स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं नहीं पहुंच पाई हैं। महिलाओं को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन आज तक किसी जनप्रतिनिधि ने यहां आकर उनकी बात नहीं सुनी। अब वक्त है कि चुनाव सिर्फ वादों पर नहीं, काम के आधार पर हो। -**मंजू भट्ट**, समाजसेविका



कच्चे रास्तों से फसल मंडी तक पहुंचाना रोज की जद्दोजहद है। बरसात में हमें पीठ पर लादकर अनाज ले जाना पड़ता है। सड़क न होने से खेती का फायदा नहीं मिल रहा। सरकारें आईं और चली गईं, लेकिन हमारी हालत नहीं बदली। -**खामीनंद भट्ट**, ग्रामीण



मरीज को अस्पताल तक ले जाना सबसे बड़ी चुनौती है। सड़क न होने से एम्बुलेंस नहीं आती और मरीज को चारपाई या पीठ पर लादकर ले जाना पड़ता है। हम अब ऐसे प्रतिनिधि चुनना चाहते हैं जो हमारी समस्याओं को समझे और समाधान करे। -**चनी राम**, ग्रामीण

**पलायन की ओर बढ़ता गांव**

विकास के अभाव में गांव से धीरे-धीरे पलायन बढ़ रहा है। नौजवान रोज़गार और सुविधा की तलाश में बाहर जा रहे हैं, और गांव की रौनक खत्म होती जा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पंचायत चुनाव में अब ऐसे प्रतिनिधियों को चुना जाए जो सिर्फ वादा न करें, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करें।



गांव में रोज़गार के अवसर नहीं है सड़क न होने से किसानी करनी भी अब नहीं कर पा रहे। मजबूरी में हमें शहरों का रुख करना पड़ता है। अगर यही हाल रहा तो आने वाले कुछ वर्षों में गांव पूरी तरह खाली हो जाएगा। पंचायत चुनाव एक मौका है बदलाव लाने का, लेकिन फैसला सोच-समझकर लेना होगा। -**कृष्णा भट्ट**, ग्रामीण

## युवक से सरेराह कुकर्म का प्रयास

**हल्द्वानी :** कमलुवागांजा निवासी एक युवक ने पुलिस को बताया कि वह ऑनलाइन सामान की डिलीवरी करने वाली कंपनी में काम करता है। 12 जुलाई को वह कंपनी के भगवानपुर स्थित स्टोर रूम से काम निपटाकर घर जा रहा था। रास्ते में कंपनी के एएसएम और चार-पांच युवकों ने उसे घेर लिया। गाली-गलौज कर उसे बुरी तरह पीटा। पुलिस को फोन करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल तोड़ दिया। आरोप है कि कंपनी के युवकों ने उसकी पेंट उतारकर जबरन कुकर्म करने का भी प्रयास किया। किसी तरह उसने अपनी जान बचाई। अपनी जान बचाने के लिए वह शहर से दूर परिवार संग रहने के लिए मजबूर हो चुका है। थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। इसकी जांच कर मारपीट करने वालों के विरुद्ध कार्रवाईकीजाएगी।

## मेले में पहुंच रहे करीब 60 ग्राम सभाओं के ग्रामीण, स्थानीय व्यापारियों ने उठाई मेला अवधि बढ़ाने की मांग

# चरम पर भीमताल का हरेला मेला, जुट रही भीड़

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** बरसात का मौसम होने के बावजूद भीमताल का हरेला मेला अपने चरम पर है। धूप खिले होने से रविवार सवेरे से ही लोगों का मेला स्थल पहुंचना जारी रहा। दूर-दराज की लगभग 60 ग्राम सभाओं के ग्रामीण मेले में आ रहे हैं।

मेले में दुकान लगाने वाले व्यापारियों में मायूसी है। दुकानदार अवगत कराते हैं कि गुणवत्ता का सामान लाने के बावजूद आशा के अनुरूप बिक्री नहीं हो रही है। नगर पालिका प्रशासन की माने, तो 21 तारीख की शाम तक मेला रहेगा। 21 की रात्रि में अस्थाई रूप से लिया गया विद्युत संयोजन काट दिया जाएगा। इधर, व्यापारियों ने मेला अवधि बढ़ाने की मांग की है।



सांस्कृतिक मंच में प्रस्तुति देतीं कलाकार। ● अमृत विचार

"नगर पालिका परिषद आने वाले वर्षों में मेले को और भव्य रूप प्रदान करेगी। इसका प्रचार कर देश विदेश में ख्याति प्राप्त कलाकारों को बुलाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम को और आकर्षक बनाया जाएगा। -**सीमा टम्टा**, अध्यक्ष, नगर पालिका

### सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र

हरेले मेले में आयोजित होने वाले प्रत्येक दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम अब भी आकर्षण का मुख्य केंद्र है। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की परंपरा उतनी ही पुरानी है, जितना हरेला मेले को आयोजित करने का इतिहास। बुजुर्ग बताते हैं कि लंबे समय से यह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। जिसमें पहले विभिन्न ग्राम सभाओं के ग्रामीण प्रतिभा करते थे। अब आधुनिकता के चलते इसमें शैक्षणिक संस्थाएं और विभिन्न सामाजिक संस्थाएं भी सम्मिलित हो गई है। जिससे यह कार्यक्रम और आकर्षक और प्रभावशाली हो गया है।

### ऑनलाइन शॉपिंग से पड़ा मेले पर प्रभाव

भीमताल और आसपास के क्षेत्र में विभिन्न ऑनलाइन साइट की डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध है। प्रतिस्पर्धा के चलते लगभग सभी ग्राम सभाओं में ग्रामीण ऑनलाइन सामान मांगते हैं। जिसका सीधा असर मेले में खरीदारी में पड़ता है। ग्रामीण मोहन सिंह देवी व राम कृपाल राम बताते हैं कि घर-घर मोबाइल की सुविधा होने के कारण घर बैठे ही शॉपिंग की जाती है और घर में ही सामान आने से काफी सुविधा हो गई है।

## बच्चों ने प्रस्तुतियां देकर मनमोहा

**हल्दूचौड़, अमृत विचार :** एनएस टेक्नोलॉजी कंप्यूटर सेंटर हल्दूचौड़ का तृतीय वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। स्थानीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य कमलेश चंदोला एवं इंस्टीट्यूट के प्रबंधक नवीन चंद्र जोशी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।

सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर दुग्ध संघ के पूर्व प्रबंधक नारायण दत्त शर्मा, मथुरा दत्त जोशी, एआरपी स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र पांडे, संतोष जोशी, गीता जोशी, गोविंद बल्लभ भट्ट, कमल पांडे, कैलाश चन्द्र धारियाल आदि मौजूद रहे। संचालन बिपाशा एवं मनीषा ने किया।

## सार-संक्षेप



नैनीताल में भ्रूण को लेकर पूछताछ करतीं एसआई आशा बिष्ट। ● अमृत विचार

### मानवता शर्मसार, सीवर में मिला मानव भ्रूण

**नैनीताल :** मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। घटना नगर के सात नंबर की है। रविवार को क्षेत्र में एक मानव भ्रूण सीवर से बरामद किया गया है। मल्लीताल पुलिस ने मेडिकल जांच के लिए भ्रूण बीडी पांडे जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, जल संस्थान के कर्मी सुबह सात नंबर क्षेत्र के सीवर की सफाई कर रहे थे, तभी उन्हें सीवर में यह भ्रूण दिखाई दिया। उन्होंने इसकी सूचना सभासद जीनू पांडे को दी और उन्होंने तुरंत घटना की सूचना मल्लीताल पुलिस को दी। एसआई आशा बिष्ट ने घटना स्थल पर पहुंचकर भ्रूण को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने लोगों से पूछताछ के बाद मेडिकल जांच के लिए भ्रूण बीडी पांडे जिला अस्पताल भेज दिया है। यह मानव भ्रूण लगभग पांच माह का बताया जा रहा है। बहरहाल मेडिकल जांच के बाद ही वास्तविकता सामने आएगी। इस घटना को लेकर नगर में पूरे दिन लोगों के बीच चर्चा होती रही। लोगों का कहना है कि मानवता को शर्मसार करने वाली इस तरह की घटनाएं नहीं होनी चाहिए।



ट्रॉफी के साथ एनसीसी कैडेट्स। ● अमृत विचार

### सेंट लामार्ट के एनसीसी कैडेट्स ने जमाया ट्रॉफी पर कब्जा

**नैनीताल :** कृषि विश्वविद्यालय परिसर पंतनगर में आयोजित यूके एयर स्क्वाड्रन एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अव्वल प्रदर्शन का ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विद्यालय ने लगातार तीसरी बार यह उपलब्धि हासिल की है। मुख्य अतिथि कमांडिंग ऑफिसर विवेक रावत ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। जीतकर वापस लौटी एनसीसी टीम का विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्वागत किया गया। शिविर में विद्यालय कैडेट्स ने ड्रिल प्रदर्शन में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि टग आफ वार में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शिविर में विभिन्न विद्यालयों के 491 कैडेट्स शामिल हुए थे। विद्यालय निदेशक प्रमोद वर्मा ने कैडेट्स के उज्जवल भविष्य के प्रति शुभकामना व्यक्त की है। इस मौके पर एमएस बिष्ट, निदेशक उमेश सिंह बोरा, प्रधानाचार्य ब्रिज मोहन कुनियाल, बीसीए मनीष पांडे, अंकित पाठक आदि मौजूद रहे।

### महाविद्यालय में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कराया

**हल्दूचौड़ :** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. सीमा श्रीवास्तव के निर्देशन में कीटनाशक दवा का छिड़काव और परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के अनुसेवक राकेश कुमार और जयपाल सिंह द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता और कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया। खरपतवार नाशक दवा का छिड़काव जंगली घास, झाड़ियों को हटाने और गाजर घास (पार्थेनियम हिस्टेरोफोरस) को नष्ट करने के लिए किया गया। महाविद्यालय कार्मिकों और अनुसेवकों ने परिसर में स्वच्छता का कार्य किया। इस अवसर पर कार्यालय प्रधान हरीश चंद्र जोशी, राकेश, जयपाल, डॉ. हेम चंद्र पांडे आदि मौजूद रहे।



कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करता कर्मचारी।

# पंपापुरी पार्क में तोड़फोड़ के विरोध में गरजे क्षेत्रवासी, धरना-प्रदर्शन

## सांकेतिक भूख हड़ताल भी की, पार्क के मुख्य द्वार पर गेट लगाने की उठाई मांग

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पंपापुरी क्षेत्र में वन विभाग की ओर से बनाए गए पार्क की सुरक्षा को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। क्षेत्रवासियों ने निर्माणाधीन पार्क में लगातार हो रही तोड़फोड़ और असामाजिक गतिविधियों से तंग आकर रविवार को सांकेतिक भूख हड़ताल की।

क्षेत्र के दर्जनों लोग रविवार को पार्क के बाहर धरने पर बैठ गए। इनमें बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों कहना है कि जब तक पार्क के मुख्य द्वार पर गेट नहीं लगाया जाएगा, वे पीछे नहीं हटेंगे। वार्ड के लोगों का कहना है कि यह पार्क स्थानीय जनता के उपयोग के लिए बनाया गया था, लेकिन यहां रात के समय असामाजिक तत्वों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। नशे में धुत युवक पार्क में घुसकर शराब पीते हैं और तोड़फोड़ करते हैं। पंपापुरी क्षेत्र के सभासद नवीन सुनेजा ने भी लोगों की मांग को जायज बताया। उन्होंने बताया कि कुछ महीने पहले जब जिलाधिकारी वंदना सिंह ने क्षेत्र का दौरा किया था, तब उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि वन भूमि का स्थानीय जनता के हित में उपयोग करते हुए यहां एक सार्वजनिक पार्क बनाया जाए। पार्क तो बना दिया गया, लेकिन सुरक्षा के अभाव में पार्क असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है। पार्क में गेट न होना सबसे बड़ी समस्या है। भूख हड़ताल पर बैठीं बुजुर्ग महिलाओं ने कहा कि यह पार्क अब डर का केंद्र बन गया है।

उधर, डीएफओ दिगंत ने बताया कि इस पार्क के निर्माण कार्य के लिए करीब 20 लाख रुपये का टेंडर हुआ था, लेकिन अब तक नगर पालिका ने केवल 7 लाख रुपये ही विभाग को दिए हैं। हमने 7 लाख के मुकाबले 9 लाख रुपये तक का काम कर लिया है। जैसे ही शेष बजट प्राप्त होगा, गेट सहित अन्य कार्य तुरंत शुरू कर दिए जाएंगे। इस दौरान पीतांबर सुंद्रियाल, चंद्रपाल नेगी, जितेंद्र प्रसाद बिष्ट, प्रताप रावत, हरिदत्त रेखाड़ी, कमला रावत, पुष्पा पंत, बसंती देवी, हेमा पांडे, सुमन, गीता व गुड्डी समेत कई लोग मौजूद थे।



पार्क में तोड़फोड़ के विरोध में प्रदर्शन करते क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

## कमेटी कार्यालय में लगाया दूसरा ताला, रोष व्याप्त

संवाददाता, हल्दूचौड़

- रामलीला कमेटी ने तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग
- रामलीला में व्यवधान डालने के प्रयास का लगाया आरोप

**अमृत विचार:** आदर्श प्राथमिक विद्यालय हल्दूचौड़ परिसर के अटल सभागार में स्थित रामलीला कमेटी के कार्यालय का शनिवार देर शाम ताला तोड़े जाने और दूसरा ताला लगाए जाने का मामला सामने आया है। रविवार को कमेटी के अध्यक्ष कैलाश दुम्का की अध्यक्षता में हुई बैठक में पदाधिकारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कोतवाली लालकुआं के प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की है।

अध्यक्ष कैलाश दुम्का, सचिव शैलेंद्र दुम्का, संरक्षक उमेश कबडवाल और हेमवती नंदन दुर्गापाल ने संयुक्त रूप से बताया कि कुछ लोग आगामी नवरात्रों में आयोजित होने वाली रामलीला में व्यवधान डालने का प्रयास कर रहे हैं। पदाधिकारियों ने इस मामले में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

इस दौरान उपाध्यक्ष हरीश बिष्ट, उप सचिव भुवन पंवार, भुवन गरवाल, उमेश शर्मा, दयाकिशन बमेटा, दयाकिशन कबडवाल, कैलाश बमेटा, कमलेश बमेटा, योगेश दुम्का, मनोज कोठारी, पप्पू तिवारी आदि मौजूद रहे।



लालकुआं कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देते कमेटी के सदस्य।



बरसाती नाले की नाप जोख करती टीम। ● अमृत विचार

### बरसाती नाले पर 17 अतिक्रमण चिन्हित किए

**रामनगर, अमृत विचार :** प्रशासन की संयुक्त टीम ने चोरपानी क्षेत्र में नाले के पास अतिक्रमण करने वाले लोगों को चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि नालों और नालियों के ऊपर से अतिक्रमण हटा ले। स्थानीय प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि राजस्व विभाग और सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम चोरपानी में बरसाती नाले के समीप जितने लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है, उन्हें चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया है। अभी तक 17 अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर लिया गया है। चिन्हित करने का काम लगातार जारी है। जल्द ही इस क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बरसाती नाले पर अवैध रूप से अतिक्रमण किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। लोगों से कहा गया है कि वह अतिक्रमण हटा लें।

# डाक कांवड़ लाने को शिवभक्त कालाढूंगी से हरिद्वार को रवाना

- मुख्य बाजार में शिवभक्तों व नगरवासियों ने किया नृत्य
- 23 जुलाई को पवित्र गंगाजल से करेंगे महादेव का जलाभिषेक

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** कालाढूंगी नगर से पहली बार डाक कांवड़ लेने के लिए 45 कांवड़ियों का जत्था रविवार को हरिद्वार को रवाना हो गया है। प्राचीन शिव मंदिर में विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ कांवड़ियों व नगरवासियों ने महादेव की पूजा-अर्चना की। मुख्य बाजार में डीजे की धुन पर नगरवासियों व युवाओं ने जमकर भक्ति गीतों पर नृत्य किया।

23 जुलाई को पवित्र गंगाजल लेकर कांवड़ियों की ओर से महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा। शिव मंदिर से लेकर मुख्य बाजार में हर-हर महादेव, जयकारा वीर बंजरगी.... के जयघोष वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान मंयक गुप्ता, महर बिष्ट, संजीव वालिया, रेखा गुप्ता, कविता वालिया, चंद्रशेखर कांडपाल, रविपाल, वन मंगोलिया, ओम, आयुष, जय, सोनपाल, भानु, अंजु, कृष्णा, अंकित बेलवाल, हिमांशु, प्रशांत, धीरू, दीपक सैनी, ललित, संजय, कमल मेहरा, दिनेश गोस्वामी, प्रिंस, अभय, राजा, आंनद, विनोद सैनी, लोकेश जोशी आदि मौजूद रहे।



कालाढूंगी से हरिद्वार के लिए रवाना होता शिवभक्तों का जत्था।

## विद्यालय के बाहर नशेड़ियों का आतंक

**रामनगर, अमृत विचार :** मोहल्ला खताड़ी ऊंटपड़ाव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के बाहर नशेड़ियों के जमघट से विद्यालय परिवार परेशान है। प्रधानाध्यापिका ने पुलिस को तहरीर देकर नशेड़ियों के आतंक से निजात दिलाने और विद्यालय के बाहर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय ऊंटपड़ाव में शबाना प्रधानाध्यापिका है। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने सूचना दी कि स्कूल का ताला टूटा है और कार का शीशा भी टुटा हुआ है। बताया कि उनके पति रिहान एडवोकेट ने इसकी सूचना पुलिस को दी। बताया कि स्कूल के आसपास नशेड़ी घूमते रहते हैं। इसके अलावा स्कूल के बाहर गाड़ियों की लाइन लगी रहती हैं। उन्होंने पुलिस से गश्त कराने के साथ ही असमाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की है।



कोसी बैराज के समीप पौधे रोपित करतीं क्लब की सदस्याएं। ● अमृत विचार

### बैराज मार्ग पर क्लब ने रोपित किए पौधे

**रामनगर :** इनरव्हील क्लब ऑफ कॉर्बेट पार्क की ओर से हरेला के उत्सव के दौरान पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। रामनगर बैराज मार्ग पर पौधरोपण कार्यक्रम में अमरुद, बरगद, पीपल व तुलसी के अलावा अन्य पुष्पों के पौधे रोपित किए गए। साथ ही आमजन से अनुरोध किया गया कि अधिक से अधिक पौधों को रोपित करने के लिए आगे आएं। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष निधि जिंदल, दीप्ति गोयल, रजनी अग्रवाल और सीमा जिंदल आदि मौजूद रहे।

### स्वच्छता के लिए नगर पालिका का जताया आभार

**भीमताल :** भीमताल के नगर पालिका के द्वारा हरेला मेले के सफल आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों ने नगर पालिका का आभार व्यक्त किया है। यह आभार लोगों ने मेले परिसर में स्वच्छता को लेकर व्यक्त किया। कई बार से उनकी मांग बाईपास रोड में शौचालय नहीं बनाने की थी। इस बार स्थानीय लोगों ने प्रमुखता से बाईपास मार्ग में शौचालय निर्माण नहीं करने की मांग की। अधिशासी अधिकारी उदयवीर सिंह ने मेले परिसर में ही अस्थाई शौचालय का निर्माण कराया है।

SAHAS Homeo
Homeopathic Clinic & Medical Store
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

## तेज धूप के बाद हुई झमाझम बारिश

**नैनीताल/हल्द्वानी, अमृत विचार :** हल्द्वानी में रविवार को तेज धूप के बीच उमस होने से लोग बेहाल रहे। हालांकि देर शाम को झमाझम बारिश होने से राहत मिली। इस बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव भी हो गया। उधर, मौसम विभाग की ओर से जारी रेड अलर्ट के बावजूद सरोवर नगरी में रविवार को मामूली वर्षा हुई। मौसम पूरे दिन घने बादलों से ढका रहा। नगर में सुबह से ही घने बादल आसमान में डेरा डाले हुए थे। दोपहर दो बजे हल्की बारिश शुरू हो गई, जोकि 45 मिनट तक जारी रही। हालांकि रात्रि में यहां भी झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा, न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रहा।

**आयोजन** लेक सिटी वेलफेयर क्लब के दो दिवसीय हरेला महोत्सव का हुआ समापन, मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

# भारत की संस्कृति व सभ्यता में देवभूमि का अहम योगदान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** लेक सिटी वेलफेयर क्लब के दो दिवसीय हरेला महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ।

दूसरे दिन के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के जस्टिस पंकज पुरोहित ने दीप जलाकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की। क्लब के सदस्यों ने जस्टिस पंकज पुरोहित को तिलक लगाकर हरेला पूजा। इस दौरान जस्टिस पुरोहित ने कहा कि हरेला हरियाली का प्रतीक है। भारत की सभ्यता और संस्कृति में देवभूमि उत्तराखंड का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने संस्कृति और संरक्षण का जो बीड़ा उठाया है, उसे हरेला महोत्सव पूरा करेगा। चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर द्वारा प्रतिभा ज्योति सम्मान समारोह में शहर के 25 विद्यालयों के 50 मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। जस्टिस पुरोहित ने कहा कि छात्र भारत का भविष्य है। छात्र राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान करें। विधायक सरिता आर्या ने कहा कि क्लब सालभर सामाजिक रचनात्मक, धार्मिक और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम करते आ रहा है। प्रतिभा ज्योति सम्मान समारोह के प्रायोजक किशोर चंदोला ने कहा कि अगले वर्ष से चंदोला होम्योपैथिक इस कार्यक्रम को और भव्य रूप से कराएगा। पार्वती प्रेमा जगाती, सरस्वती विहार के प्राचार्य सूर्य प्रकाश, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बीएस मेहता, अध्यक्ष आभा साह, हेमा भट्ट, रानी साह, गीता साह, मीनू बुधलाकोटी, विनीता पांडे, कविता त्रिपाठी, ज्योति ढौंढियाल, रमा भट्ट, रमा तिवारी, डॉ. पल्लवी, अमिता साह, तारा चौधरी, डॉ. प्रगति जैन, कंचन जोशी, सविता कुलौरा, दयाकुंवर, तनु सिंह, सीमा सेठ, सरस्वती चिराला, जया वर्मा, भावना साह, वंदना जोशी, मानसी गर्ग, खष्टी बिष्ट आदि मौजूद रहे। संचालन मीनाक्षी कीर्ति ने किया।



कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के जस्टिस पंकज पुरोहित। ● अमृत विचार

# हरियाली तीज पर कृति मित्तल चुनी गईं तीज क्वीन

## वैश्य महिला समिति के तीज उत्सव कार्यक्रम में महिलाओं ने रैंप वॉक, डांडिया और एकल व सामूहिक नृत्य पेश किया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वैश्य महिला समिति की ओर हरियाली तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कृति मित्तल को तीज क्वीन चुना गया।

वैश्य महिला समिति की ओर से रविवार को नवाबी रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेयर गजराज बिष्ट, दर्जा मंत्री रेनू अधिकारी ने किया। इसके बाद उत्सव का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। महिलाओं और बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। इसमें महिलाओं ने रैंप वॉक, डांडिया और एकल व सामूहिक नृत्य पेश किया। तीज क्वीन में पहला स्थान कृति मित्तल, द्वितीय स्थान पर दिशा गुप्ता व तृतीय स्थान पर सपना गुप्ता रहीं। कुकिंग प्रतियोगिता में प्रथम नीता गुप्ता, द्वितीय किरन गुप्ता व तृतीय डॉ. सुरभि गुप्ता रहीं। वहीं, जूनियर नृत्य प्रतियोगिता में वर्णिका माहेश्वरी ने पहला, दिशा गुप्ता ने दूसरा और सृष्टि वार्ष्णेय ने तीसरा स्थान हासिल किया। वैश्य महिला समिति की अध्यक्ष मंजू वार्ष्णेय ने कहा की हरियाली तीज का त्योहार शिव पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

सावन में हर तरफ हरियाली छा जाती है। कार्यक्रम का संचालन अलका वार्ष्णेय व मीनाक्षी केसरवानी ने किया । इस दौरान संरक्षक सुचित्रा जायसवाल एवं सविता लाहौटी, वैश्य महासभा अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, तनुज गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल, स्नेहलता गुप्ता, मधु अग्रवाल, अन्नपूर्णा गुप्ता, मनोरमा खंडेलवाल, तृप्ति वार्ष्णेय, प्रियंका वार्ष्णेय, खुशबू जायसवाल मौजूद रहीं।


हल्द्वानी में वैश्य महिला समिति की ओर आयोजित हरियाली तीज उत्सव में शामिल महिलाएं व अन्य।


भारत विकास परिषद के तीज उत्सव कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

### भाविप के कार्यक्रम में पूजा सिंघल ने जीता तीज क्वीन का खिताब

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी की ओर से रविवार को रामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में तीज उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य कर विभाग की उप आयुक्त उर्मिला पिंचा, प्रांतीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, क्षेत्रीय वित्त सचिव राजेंद्र गुप्ता, प्रांतीय संयोजक भवानी शंकर नीरज, शाखा अध्यक्ष दीपक बख्शी, सेंट लॉरेंस की प्रधानाचार्य अनीता जोशी और यूनिवर्सल कॉन्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्य मंजू जोशी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। शाखा की महिला सदस्यों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर हॉजी समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें बंदनवार सजाओ में शिखा अग्रवाल और मटकी सजाओ में मोनिका मित्तल प्रथम रहीं। कार्यक्रम का संचालन दीपिका अग्रवाल और डॉ. मोनिका मित्तल ने किया। बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता भी हुई इसमें इंटर की छात्राओं को सम्मानित किया गया। तीज क्वीन का खिताब पूजा सिंघल ने जीता। इस दौरान डॉ. निधि अग्रवाल, एकता अग्रवाल, डॉ. अभिषेक मित्तल, सीमा बक्शी, मीनू गुप्ता, तनु गर्ग, सौम्या अग्रवाल, अमित अग्रवाल, प्रदीप बिष्ट, विपुल अग्रवाल मौजूद रहे।


हल्द्वानी में रविवार को एक मेडिकल स्टोर में जांच करती टीम। ● अमृत विचार

# मेडिकल स्टोर में मिलीं खामियां खरीद-बिक्री पर लगाई पाबंदी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** खाद्य संरक्षा एवं औषधि ने हल्द्वानी शहर में विभिन्न मेडिकल स्टोरों में औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर एक मेडिकल स्टोर को नोटिस देकर खरीद बिक्री पर पाबंदी लगाई गई है। कुमाऊं के सहायक औषधि नियंत्रक हेमंत सिंह नेगी के नेतृत्व में टीम ने शहर के थोक दवा विक्रेताओं के यहां आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान विभिन्न ब्रांडेड दवा कंपनियों के उत्पादों की जांच की गई और सात दवाओं के नमूने लिए और जांच के लिए भेजा गया। इस अवसर पर दवाओं का रखरखाव, जीएसटी बिल, रजिस्टर, एक्सपायर दवाओं को रखने का स्थान आदि की जांच की गई। इस क्रम में नारायण मेडिकल स्टोर में कई अनियमितताएं मिलीं। इसके बाद टीम ने मेडिकल स्टोर संचालक को नोटिस दिया और क्रय-विक्रय पर पाबंदी लगाई गई। टीम में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट एवं नीरज कुमार, औषधि निरीक्षक अर्चना उप्पल गहतोड़ी, निधि शर्मा, पूजा जोशी मौजूद रहीं।

# नेशनल चैंपियनशिप के लिए पांच जिलों के 88 तैराकों ने दिखाया दम

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** गौलापार स्थित मानसखंड तरणताल में रविवार को उत्तराखंड स्विमिंग एसोसिएशन की ओर से सब जूनियर और जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों के राज्य स्तरीय टाइम ट्रायल आयोजित किए गए। इस ट्रायल में प्रदेश के पांच जिलों नैनीताल, देहरादून, ऊधमसिंह नगर, चंपावत और टिहरी से कुल 88 तैराकों ने भाग लिया।

इनमें 52 बालक और 36 बालिकाएं शामिल रहीं। सभी प्रतिभागियों को तीन-तीन ग्रुपों में बांटा गया था, जिनमें से प्रत्येक ग्रुप से चार-चार श्रेष्ठ तैराकों का चयन आगामी राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। ट्रायल में चयनित खिलाड़ी 3 अगस्त से अहमदाबाद में आयोजित होने वाली 41वीं सब जूनियर और 51वीं जूनियर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजन में बालकों और बालिकाओं ने जबरदस्त उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बालिकाओं के ग्रुप-ए में तीषा वर्मा और मानसवी पवार ने तेज़ तैराकी दिखाई, जबकि ग्रुप-बी में ईरा रावत, ईशा, भार्गवी और अवनी ने शानदार प्रदर्शन किया। ग्रुप-सी में श्रद्धा जोशी और आरना चौहान अपनी प्रतिभा से प्रभावित करने में सफल रहीं। वहीं बालकों के ग्रुप-ए में शिवम धपोला, सौर्य चौधरी, रितेश अग्रवाल, अंशुमन और पार्थ ने दमदार प्रदर्शन किया। ग्रुप-बी में धैर्य, आदित्य नेगी, करण नेगी, याशिष्ट बोरा और अर्नव भंडारी ने अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि ग्रुप-सी में यशवर्धन की तैराकी दर्शनीय रही। इस आयोजन के दौरान कोच पूनम सिरौला, राकेश दत्त, पूरन नयाल, अंजली, कुमकुम, ललित बोरा, प्रशांत और प्रमोद की निगरानी में ट्रायल प्रक्रिया संपन्न हुई। एसोसिएशन की महासचिव सीमा मेहरोत्रा ने बताया कि तैराकों की संख्या और उनके प्रदर्शन को देखकर यह स्पष्ट है कि हल्द्वानी में तैराकी को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह है।

## पॉलीसीट-काठगोदाम से 17 बंदरों को पकड़ा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से लगाए गए बंदरों के पिंजड़े में 17 बंदरों को पकड़ा और उन्हें जंगल में भेजा गया। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि नगर निगम ने मथुरा की एक संस्था के साथ बंदरों को पकड़ने का अनुबंध किया है।

इसी क्रम में रविवार को काठगोदाम की रेलवे कॉलोनी एवं पॉलीसीट में बंदर पकड़ने का अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि दोनों स्थानों पर पिंजड़ों को लगाया गया इसमें 17 बंदर पकड़े गए। इससे क्षेत्रवासियों को बंदरों के आतंक से निजात मिली। यदि किसी को बंदरों के आतंक से परेशान हैं तो नगर निगम को सूचना देंगे तो टीम वहां भेजी जाएंगी। अब तक 70 बंदरों को पकड़ा गया है, इन्हें जंगलों में भीतर छोड़ा गया है ताकि शहरों की तरफ दोबारा नहीं आ सकें।

# क्वींस सेकेंडरी स्कूल ने जीती शतरंज ट्रॉफी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


परिणामों की घोषणा के बाद ट्रॉफी के साथ क्वींस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में चल रही दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता में क्वींस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने ट्राफी जीती।

दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय व इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रविवार को शतरंज महाकुंभ प्रतियोगिता की शुरुआत इंस्पिरेशन स्कूल के प्रबंधक दीपक बल्यूटिया ने किया। उन्होंने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि जीवन की रणनीति सिखाने वाला माध्यम है। प्रतियोगिता में कनिष्ठ बालक वर्ग में दीक्षांत स्कूल के तेजस तिवारी प्रथम, ऑरम स्कूल के अक्षत जनौटी द्वितीय, आनंद एकेडमी के आदित्य धपोला तृतीय, क्वींस पब्लिक स्कूल के स्नेह कुमार चतुर्थ रहे। कनिष्ठ बालिका वर्ग में विजन वैली के आद्विका साहू प्रथम, आनंदा एकेडमी की सौम्या मेहरा द्वितीय, ऑलसेंट की रिभय जोशी तृतीय, क्वींस की प्रेक्षा चंद्र चतुर्थ स्थान पर रहीं। मध्यम बालक वर्ग में डीपीएस के दिव्यांश मटियाली पहले, दीक्षांत स्कूल के सक्षम दर्शन दूसरे, सेंट थेरेसा के अतीक्ष सिंह तीसरे, इंस्पिरेशन के हर्षित धपोला चौथे स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में डीपीएस की शीशा रघुवंशी पहले, विजन वैली के तान्या पांडे दूसरे, यूनिवर्सल कॉन्वेंट की कृतिका खाती तीसरे, इंपीरियम स्कूल की सृष्टि चिलकोटी चौथे नंबर पर रहीं। वरिष्ठ बालक वर्ग में क्वींस स्कूल के ध्रुवांश भट्ट ने प्रथम, सिंथिया सीनियर के गर्वित पंत द्वितीय, डीपीएस के कनव गुप्ता तृतीय, बीएलएम एकेडमी के प्रत्यूष फुलारा चतुर्थ स्थान पर रहे। वरिष्ठ बालिका वर्ग में ऑल सेंट की जान्या सलरिया प्रथम, क्वींस स्कूल की खुशी कन्नौजिया द्वितीय, क्वींस की दिव्यांशी पोखरिया तृतीय, आरएएन की इशिका बंगा चतुर्थ नंबर पर रहीं। अंत में विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि दीपक बल्यूटिया ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। दीक्षांत स्कूल के प्रबंधक समित टिक्कू ने कहा कि शतरंज बुद्धि और धैर्य का अद्भुत संगम है। प्रधानाचार्य रूपक पांडे, उत्तराखंड शतरंज संघ के सचिव संजीव चौधरी, नैनीताल शतरंज संघ के ईश्वरी दत्त तिवारी, क्वींस के चेयरमैन आरपी सिंह, पीके रौतेला, नीरज जोशी, सुनील जोशी, विवेक जोशी, करन गंगोला, राधा ऐंठानी, डॉ. बीबी पांडे, अवि सिंह, सुनील व अमरदीप रहे।


शिविर में रक्तदान करते एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा व डॉ. खुल्लर। ● अमृत विचार

### भाविप के शिविर में एसएसपी समेत 72 ने किया रक्तदान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद काठगोदाम शाखा की ओर से रविवार को बिठौरिया स्थित एक बैंक्वेट हॉल में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसका शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. विनय खुल्लर, शाखा अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सचिव नीलम शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। एसएसपी मीणा ने कहा कि जीवन को रक्तदान करना चाहिए। एक यूनिट रक्त से तीन जान बचाई जा सकती हैं। इस अवसर पर एसएसपी मीणा समेत 72 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में डॉ. खुल्लर, दीपक माहेश्वरी, विशाल सिंघल, पार्षद दीपक बिष्ट, हितेन्द्र उप्रेती, राजीव रावत, हरीश परगई, अमित अरोड़ा, देवेंद्र केसरवानी, सुशील मित्तल, जितेंद्र डेरोलिया, विजय पाल, रेणुका गर्ग, आनंद मीर, प्रीती मनराल, भगवान बिष्ट शामिल रहे। इस दौरान रश्मि जैन, गरिमा सिंघल, अनुज माहेश्वरी, आलोक सक्सेना, अंजू भट्ट, डीके अग्रवाल व मीरा अग्रवाल मौजूद रहे।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम में सम्मानित विद्यार्थी, साथ में मौजूद अतिथि व आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह किया। इसमें विभिन्न स्कूलों के मेधावी छात्र-छात्राओं, एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स, खिलाड़ियों व गुरुजनों को सम्मानित किया।

समारोह का शुभारंभ मेयर गजराज सिंह, उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. कमल किशोर पांडे बिष्ट ने किया। मेयर बिष्ट कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। एबीवीपी का यह प्रयास शिक्षा और राष्ट्र सेवा के समन्वय को मजबूत करता है। उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. पांडे ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में जिम्मेदारी बोध जगाते हैं। राज्य के डिग्री कॉलेजों में शैक्षणिक माहौल सुधारना हमारी प्राथमिकता है।

सम्मान समारोह में बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 50 से अधिक छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं, एनसीसी व राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के 30 कैडेट्स को समाज सेवा एवं नेतृत्व क्षमता के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा जिला एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 20 खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

वहीं नवाचारों के लिए शिक्षकों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर एबीवीपी के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. डिगर सिंह फर्स्वाण ने कहा कि छात्र शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। परिषद 'स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट' जैसे मंचों से युवाओं को जोड़ रही है। जिला संयोजक धीरज गड़कोटी ने कहा कि हमारा लक्ष्य विद्यार्थी परिषद की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। एनएसएस/एनसीसी कैडेट्स का सम्मान इस दिशा में एक कदम है। तकनीकी कौशल विकास और उद्यमिता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, पौधरोपण व स्वच्छता अभियान किया गया। इस दौरान कौशल बिरखानी रहे।

# सांसद भट्ट ने चिकित्सकों की तैनाती को पत्र लिखा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** सांसद अजय भट्ट ने स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार को बीडी पांडे अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन की नियुक्ति के लिए पत्र लिखा है।

सांसद भट्ट ने पत्र में लिखा है कि नैनीताल में बीडी पांडे अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ नहीं है। उस अस्पताल में दो सर्जन तैनात थे किन्तु उनमें एक का तबादला कर दिया है जिससे अब अस्पताल में सिर्फ एक सर्जन हैं।

एक ही सर्जन से ऑपरेशन करने में परेशानी हो गई है। इस कारण नैनीताल शहर और आस-पास के क्षेत्रों के बच्चों को उपचार के लिए पर्याप्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। विशेष रूप से छोटे बच्चों के उपचार के लिए उन्हें हल्द्वानी या अन्य दूरस्थ स्थलों की ओर रूख करना पड़ता है। इसमें समय, धन और स्वास्थ्य-तीनों की हानि हो रही है। एक प्रमुख पर्यटक स्थल होने के कारण देश एवं दुनिया से पर्यटक आते है।

वर्षभर अत्यधिक पर्यटकों के आने से जनसंख्या का दबाव सामान्य से कहीं अधिक रहता है इसलिए अस्पताल में दो सर्जन होने जरूरी है। अस्पताल में एक बाल रोग विशेषज्ञ और दो सर्जन की स्थाई व्यवस्था की जाए।

रणनीति

बागजाला में अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक, पंचायत चुनाव के बाद आंदोलन की तैयारी

# अब आंदोलन की राह पकड़ेंगे बागजाला के लोग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


बागजाला गांव में अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक में उपस्थित ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बागजाला गांव में अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक हुई। बैठक में आगामी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि पंचायत चुनाव के बाद अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

महासभा के नेतृत्व में बागजाला गांव के निवासी पेयजल, सड़क, विकास कार्यों और निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, जल जीवन मिशन योजना को लागू करने, मालिकाना अधिकार देने और पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकार को बहाल करने की मांग कर रहे हैं। पिछले वर्ष नवंबर से इस मुद्दे पर संघर्षरत संगठन ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि वह जानबूझकर समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है और अब आंदोलन तेज करना ही एकमात्र विकल्प बचा है।

भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडेय ने भाजपा सरकार की नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गरीबों को बेघर करने के लिए बुलडोजर चला रही है। महासभा की अध्यक्ष उर्मिला रैस्वाल ने कहा कि यह सरकार गरीबों को डराकर उनका शोषण करना चाहती है, लेकिन जनता का एकजुट होना जरूरी है। वेद प्रकाश, महासभा के सचिव ने कहा कि बागजाला की बेशकीमती जमीन पर बड़े पूंजीपतियों की नजरें गड़ी हैं, जबकि दशकों से बसे गरीबों को मालिकाना अधिकार नहीं दिया जा रहा। बैठक में पंकज चौहान, प्रेम सिंह नयाल, रईस अहमद, मीना भट्ट, दीवान सिंह बर्गली, हनीफ, चन्दन सिंह मटियाली, कुंवर राम, जगदीश तिवारी, रमेश चन्द्र, समीर, दौलत सिंह कुंजवाल, किरन प्रजापति, हेमा पलड़िया, प्रकाश राज, दुर्गादेवी भट्ट, दयाकृष्ण, जाकिर अली, विशाल आदि मौजूद रहे।

## वॉल्वो बसें रुद्रपुर व बिलासपुर में हुईं खराब, यात्री परेशान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम डिपो से चलने वाली ऑफलाइन वॉल्वो बसें रुद्रपुर और बिलासपुर में खराब हो गई। हल्द्वानी से दिल्ली के लिए चली बस में करीब 17 यात्री सवार थे। बस बिलासपुर में पहुंची ही थी कि उसका इंजन जबाब दे गया। इस मामले में परिचालक ने अधिकारियों से बात की। हल्द्वानी से चलने वाली दूसरी बस से सभी यात्रियों को दिल्ली के लिए रवाना किया गया। इसके अलावा हल्द्वानी से दिल्ली के लिए 1.30 बजे बस रुद्रपर पहुंची थी कि वह रुद्रपुर में खराब हो गई। बस में 15 यात्री सवार थे। परिचालक ने सभी यात्रियों को रिफंड कर अधिकारियों को अवगत करा दिया। हल्द्वानी से दिन में चलने वाली ये अंतिम वॉल्वो बस है। यात्रियों ने साधारण बस में यात्रा कर दिल्ली की दूरी तय की।

# मां भगवती मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


हनुमान चालीसा पाठ के लिए रिवर वैली कॉलोनी पहुंचे मेयर गजराज बिष्ट।

**अमृत विचार :** कमलुवागांजा गौड़ स्थित रिवर वैली कॉलोनी के मां भगवती मंदिर प्रांगण में रविवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। एक साथ सैकड़ों की संख्या में लोगों ने जब हनुमान चालीसा का पाठ किया तो वातावरण भक्तिमय हो गया। लोग श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम में जुटे रहे। यह आयोजन हनुमान भक्त पंकज खत्री के सान्निध्य में तथा कॉलोनी के अध्यक्ष कैप्टन सोबन सिंह भड़ (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

आयोजन में श्रद्धालुओं का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा और सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर दिव्यता और भक्ति का वातावरण सृजित किया।

महापौर गजराज बिष्ट और जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने भी मंदिर पहुंच कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यक्रम में रिवर वैली कॉलोनी सहित आस-पास की कालोनियों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

प्रमुख रूप से कुंदन गाड़िया, गोविंद रावत, लाल सिंह मेहता, विजय राठौर, गिरधर बिष्ट, मोहन रावत, मंगल बोरा, आनंद बिष्ट, महेंद्र राणा, जगदीश बेलवाल, नंदन सामंत, नंदन बिष्ट, टीएस पोखरिया, करम बिष्ट, ग्रीस फुलारा, डीएस कुंजवाल, दीपा भड़, भावना डांगी, हेमा बोरा, राधिका त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

# एनसीसी प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को देश सेवा के लिए आगे आना होगा

## वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का सांस्कृतिक संध्या एवं पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ

संवाददाता, रुद्रपुर



विजेताओं को पुरस्कार देतीं मुख्य अतिथि पंतनगर विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ. दीपा विनय। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** वन यूके एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के जीबी पंत विश्वविद्यालय पंतनगर में चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का सांस्कृतिक संध्या एवं पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया।

रविवार को समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पंतनगर विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ. दीपा विनय ने कहा कि एनसीसी कैडेटों की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। शिविर के दौरान सीखे अनुशासन को छात्र आगे भी अपने जीवन का अंग बनाएं। एनसीसी प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को देश सेवा के लिए आगे आना होगा।

इससे पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम में कैडेटों द्वारा विभिन्न आंचलिक और देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कैम्प के दौरान हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। जिसमें गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ उपवाहिनी का पुरस्कार दिया गया।

ड्रिल प्रतियोगिता में एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी को सीनियर वर्ग में एवं सेंट लेमार्ट को जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान, रस्साकशी में जूनियर वर्ग में सर्राफ स्कूल खटीमा और सीनियर वर्ग में ग्राफ़िक एरा को प्रथम पुरस्कार दिया गया। फ्लाइंग प्रतियोगिता में शहीद भगत सिंह महाविद्यालय रुद्रपुर की कनुप्रिया दानु को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। ड्रोन फ्लाइंग में ग्राफ़िक एरा हल्द्वानी को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। विजेताओं को मुख्य अतिथि डॉ. दीपा विनय और कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन विवेक रावत ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीन छात्र कल्याण परिषद पंत नगर विश्वविद्यालय डॉ. आनंद सिंह जीना, कमांडिंग अफसर आर एंड वी एनसीसी कर्नल भटनागर डॉ. अजीत प्रताप सिंह, डॉ. उदित पांडे, डॉ. सुरेश भट्ट, वारंट ऑफिसर अजित यादव सहित समस्त सहयोगी एनसीसी अधिकारी और ट्रेनिग इंस्ट्रक्टर मौजूद रहे।

## शादी समारोह में रानीखेत गई महिला के घर में चोरी

**किच्छा:** गृह स्वामी की गैर मौजूदगी में चोरों ने घर में धावा बोलकर नगदी सहित कीमती जेवर चोरी कर लिए। पड़ोसियों द्वारा घर का ताला टूटा होने की सूचना पर पीड़िता ने फोन के माध्यम से पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस में मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 8, पंत कॉलोनी, किच्छा निवासी नीमा पांडे ने बताया कि वह रिश्तेदारी में शादी समारोह में शिरकत करने के लिए परिवार सहित रानीखेत गई थी। इस बीच पड़ोसी द्वारा उसके घर का ताला टूटा होने की सूचना के बाद उसके द्वारा पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके का निरीक्षण कर जांच प्रारंभ कर दी। रानीखेत से वापस आने के बाद पीड़िता ने बताया कि चोरों ने घर का ताला तोड़कर अलमारी के लॉकर से करीब 58 हजार रुपये कीमत के एक जोड़ी कान के टॉप्स, करीब 50 हजार कीमत की दो अंगूठियां एवं 50 हजार रुपये की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पत्रकारों से वार्ता करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

# विधानसभा को मिली 187 करोड़ के विकास की सौगात

संवाददाता, रुद्रपुर

- विधायक शिव अरोरा ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी
- सीएम व केंद्रीय गृह मंत्री का जताया आभार

**अमृत विचार :** विधायक शिव अरोरा ने कहा कि सीएम और केंद्रीय गृह मंत्री के योगदान के कारण रुद्रपुर विधानसभा 187 करोड़ विकास की सौगात मिली है। जिसके बाद विधानसभा का तीव्र गति से विकास कराया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री और सीएम ने जनता की भावनाओं का सम्मान किया।

प्रेसवार्ता करते हुए विधायक ने कहा कि 2023 में हुए उत्तराखंड इन्वेस्टर्स समिट में 2.50 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू परहस्ताक्षर हुए और प्रदेश के सीएम धामी के अथक प्रयासों से डेढ़ वर्ष में एक लाख से अधिक एमओयू की ग्राउंडिंग होना राज्य के इतिहास में बड़ी उपलब्धि है। बताया कि उत्तराखंड निवेश उत्सव के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 1236 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया है।

बताया कि गांधी पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए 5.55 करोड़ की धनराशि जिला विकास प्राधिकरण को जारी हो चुकी है। इसके अलावा डीडी चौक से 35 करोड़ धनराशि से अटरिया मोड़ तक चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके अलावा पीएसी जवानों के लिए 47.79 करोड़ की लागत से 31वीं पीएसी में 108 भवनों का निर्माण कराया जाएगा। इस मौके पर व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, सुशील गाबा, पूर्व मंडी चेयरमैन केके दास, सुनील यादव, मयंक कक्कड़, शिवकुमार राय आदि मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर 12 साल तक शारीरिक शोषण

संवाददाता, काशीपुर

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- गर्भपात की गोलियां खिलाकर कई बार गर्भ गिराया

**अमृत विचार:** एक युवती ने एक युवक के खिलाफ 12 साल तक शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने और मारपीट का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

काशीपुर निवासी एक युवती ने बताया कि वह एक गरीब परिवार से है और सिलाई-बुनाई करके अपना जीवन यापन करती है। उसके घर से करीब 200 मीटर दूर आरोपी विनोद का परिवार रहता है। बताया कि आरोपी एक सीएससी सेंटर चलाता है। उसने पीड़िता को नौकरी देने और सरकारी योजनाओं से पैसा दिलाने का लालच दिया। इसी दौरान पिछले करीब 12 सालों से आरोपी ने उसके साथ प्रेम प्रसंग रखा और उसकी इच्छा न होने पर भी शारीरिक संबंध बनाता रहा। साथ ही शादी का झांसा भी देता रहा। बताया कि वह आरोपी की बातों पर विश्वास करती रही और इस दौरान कई बार गर्भवती भी हुई। हर बार आरोपी गर्भपात की गोलियां खिलाकर उसका गर्भ गिरा देता था।

कहा कि आरोपी विनोद कानूनी कार्रवाई करने पर उसे जान से मारने और वीडियो वायरल करने की धमकी देता था। आरोप है कि उसने करीब चार साल पहले चुपचाप एक महिला से शादी कर ली। आरोप है कि विनोद अपनी पत्नी से छिपकर लगातार पीड़िता से संबंध बनाता रहा। बीती 24 मई, 2025 को शाम करीब पांच बजे, विनोद ने वैशाली कॉलोनी में पीड़िता के साथ बुरी तरह मारपीट की।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग लापता

**किच्छा:** कोतवाली अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल कार्य करने की बात कह कर घर से निकला नाबालिग छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी नाबालिग का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित परिजनों ने कोतवाली पुलिस को नाबालिग की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है।

फिलहाल पुलिस ने सूचना दर्ज कर बालक की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी सूचना में ग्राम इंदरपुर, कोतवाली किच्छा निवासी रामायण दास ने बताया कि उसका 16 वर्षीय पुत्र शिवम विगत 17 जुलाई की शाम करीब 7 बजे स्कूल कार्य करने की बात कह कर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी खोज शुरू कर दी। काफी खोज के बाद भी शिवम का कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शिवम की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश प्रारंभ कर दी है।

# किशोरी लाल ने समर्थकों के साथ निकाला रोड शो

संवाददाता, दिनेशपुर



समर्थकों के साथ रोड शो निकालते दिनेशपुर के ग्राम पंचायत कूल्हा से प्रधान पद के प्रत्याशी किशोरी लाल। ● अमृत विचार

- ग्राम पंचायत कूल्हा से ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी किशोरी लाल के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब
- पूर्व प्रधानों, जनप्रतिनिधियों एवं मतदाताओं ने अपना समर्थन देते हुए आशीर्वाद दिया

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चुनाव चिन्ह आवंटन होते ही प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों के साथ व्यापक जनसंपर्क व शक्ति प्रदर्शन करते हुए रोड शो निकाल रहे हैं। गरीब परिवार में जन्मे कर्मठ, ईमानदार, शिक्षित किशोरी लाल को कूल्हा ग्राम पंचायत से प्रधान प्रत्याशी बनाकर पूर्व प्रधान व जनप्रतिनिधि एवं मतदाताओं ने अपना समर्थन देकर चुनाव मैदान में उतारा है।

रविवार को ग्राम पंचायत कूल्हा से प्रधान पद के प्रत्याशी किशोरी लाल ने रोड शो निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान सहकारी समिति पूर्व अध्यक्ष शंकर सिंह नगरकोटी ने कहा कि ग्राम पंचायत कूल्हा के मतदाता जागरूक हैं। वह किसी भी प्रलोभन में नहीं आकर स्वच्छ छवि के प्रधान प्रत्याशी किशोरी लाल को अपना समर्थन दे रहे हैं। पूर्व सूबेदार दुर्गा सिंह राणा ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदाताओं को स्वच्छ छवि के प्रत्याशी को ही अपना समर्थन देकर मतदान करना चाहिए। नरेंद्र सिंह मेहता ने कहा कि क्षेत्र के मतदाता अपने खर्चों पर गरीब परिवार के लोकप्रिय उम्मीदवार किशोरी लाल को प्रधान पद पर चुनाव लड़ा रहे हैं। प्रत्याशी किशोरी लाल ने कहा कि कूल्हा ग्राम पंचायत में सभी लोगों को साथ लेकर विकास कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के विकास के मुद्दों के साथ प्रधानमंत्री आवास, लिंक मार्गों का पक्कीकरण, शिक्षा, राशन कार्ड, पेयजल, पानी निकासी न होने पर सोखता व सुलभ शौचालय आदि समस्याओं को प्राथमिकता से करूंगा यह उनका वादा है। इस मौके पर पूर्व प्रधान दयान सिंह राणा, त्रिलोक पाठक, हयात राम, पुष्पा मेहरा, तारा राणा, दीपा दानू, शोभा राणा, जगत सिंह कार्की, मोहनी राणा, आनंद सिंह कोश्यारी, गीता राणा, जसपाल राणा, चंदिका राजभर, महेश दानू, राजेश पाठक, हिम्मत सिंह कोरंगा आदि मौजूद रहे।

## 576 लोगों पर की निरोधात्मक कार्रवाई

**जसपुर :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस ने 576 लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की है। इनमें 478 लोगों को मुचलके में पाबंद कराया है।

प्रभारी कोतवाल जावेद मलिक ने बताया कि पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस टीम लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। टीम ने अब तक 28 हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग की है। इसके अलावा 24 सक्रिय अपराधियों को एसडीएम न्यायालय से मुचलका पाबंद कराया गया है। अगर किसी गांव में झगड़ा हुआ तो इन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मुचलके की धनराशि वसूल होगी। छह लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट की चालानी रिपोर्ट डीएम को भेजी है। अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाकर 18 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है उनके पास से लगभग पांच-पांच सौ लीटर शराब और लहन बरामद हुआ है। 21 गैर जमानती वारंटी पकड़कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गए हैं।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034, अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488, काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222, किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034
अल्मोड़ा : 8126628885, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)



खटीमा के पहेनियां में समर्थकों के साथ जनसंपर्क करतीं मधुलिका देवी। ● अमृत विचार

# पहेनियां-कुमराह में मधुलिका का व्यापक जनसंपर्क

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत पहेनियां-कुमराह से ग्राम प्रधान की प्रत्याशी मधुलिका देवी ने अपने समर्थकों के साथ दोनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। पूर्व में निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य रहीं मधुलिका देवी के चुनाव प्रचार में उनके पति अमर सिंह राणा और ससुर जगदेव सिंह का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को गांव की तमाम समस्याओं से निजात दिलाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने चुनाव निशान आइस्क्रीम के सामने मोहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है। जन संपर्क के दौरान रामदास सिंह, भागीरथी, राम सिंह खोलिया, महेंद्र सिंह, गुड्डू, दीवान सिंह, मोहन सिंह धामी, रामराज मौर्य, अमर सिंह, उर्मिला, टीका, उमेश सिंह, सुधा, सीता, कमला आदि मौजूद रहे।

# नौकरानी के खिलाफ दाखिल परिवाद खारिज

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने एक महिला अधिवक्ता की ओर से घरेलू नौकरानी के विरुद्ध दायर आपराधिक परिवाद खारिज कर दिया है।

नई सब्जी मंडी, शक्तिनगर निवासी सोनल ने अपने घर में खाना बनाने वाली काली मंदिर निवासी रमाकान्ति उर्फ सुमन पत्नी विनोद कुमार वर्मा के खिलाफ परिवाद दाखिल किया था। परिवाद में कहा गया था कि रमाकान्ति ने बच्चों के स्कूल फीस जमा करने के लिए उनसे 50,000 रुपये लिए थे। रमाकान्ति ने उक्त रकम 1,200 रुपये प्रति माह की किस्तों में चुकाने का वादा किया था। बाद में उसने उनके घर खाना बनाना बंद कर दिया और अक्टूबर 2024 में स्पष्ट कह दिया कि वह अब काम पर नहीं आएगी।

सोनल ने रमाकान्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316 (1), 318 (4), 351 (1)(2) के अंतर्गत परिवाद दाखिल किया। रमाकान्ति की ओर से उसके अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल ने अदालत में पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि यदि कोई खाना बनाने वाली महिला काम छोड़ देती है तो वह कोई अपराध नहीं है। यह व्यक्ति विशेष की स्वेच्छा का मामला है, और इसमें किसी भी प्रकार का आपराधिक पक्ष नहीं बनता। सुनवाई के बाद अदालत ने परिवाद खारिज कर दिया।

# किच्छा में अवैध चाकू के साथ युवक को दबोचा

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पुलभट्टा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिसकर्मी गजेंद्र सिंह एवं अनिल कुमार की टीम संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ तथा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत ग्राम बरा क्षेत्र में गश्त कर रही थी।

इसी दौरान बरा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पोल्ट्री फार्म के निकट पुलिस को देखकर एक संदिग्ध युवक तेज गति से चलकर भागने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिस टीम ने कुछ दूरी तक पीछा कर आरोपी युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम पता ग्राम शहदौरा, थाना पुलभट्टा, जिला उधम सिंह नगर निवासी आजाद उर्फ छोटे बताया। टीम ने आरोपी के पास से एक अवैध चाकू बरामद कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशा पूर्ति के लिए चाकू की नोंक पर लोगों को डरा धमका कर पैसे छीनने तथा छोटी-मोटी चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। फिलहाल पुलिस में आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दो तस्करों को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग क्षेत्र में दो शराब तस्करों को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

उपनिरीक्षक रिनी चौहान के नेतृत्व में पुलिसकर्मी महेंद्र बिष्ट एवं चारु पंत की टीम ने बिना नंबर की पल्सर बाइक को गौला पुल के निकट रोक लिया। इस दौरान पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से फरार होने का प्रयास कर रहे बाइक सवार ग्राम गोंदा बसगर, थाना सितारगंज निवासी रघुवीर सिंह को पकड़ लिया और बाइक पर प्लास्टिक के कट्टे में रखी 51 लीटर कच्ची शराब बरामद कर कब्जे में ले ली।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने बताया कि वह कच्ची शराब को बेचने के लिए रुद्रपुर जा रहा था। दूसरे मामले में उप निरीक्षक प्रताप सुयाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना अंतर्गत फ्लाई ओवर के निकट रेलवे पुल के पास पैदल जा रहे एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पता ग्राम बसगर, थाना सितारगंज निवासी सतनाम सिंह बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कच्ची शराब के 69 पाउच बरामद कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

### केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक, 10 इकाइयों से आए प्रतिनिधि शामिल हुए

# निर्देशों का पालन व अव्यवहारिक के विरोध का निर्णय

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की पहली बैठक का शुभारंभ जिलाध्यक्ष मनीष कुमार, महामंत्री सर्वेश अरोड़ा और कोषाध्यक्ष बलदेव गाबा ने भगवान धन्वंतरि के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बैठक में जिला कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया।

सितारगंज रोड स्थित एक निजी प्रतिष्ठान के सभागार में आयोजित बैठक में जिले की 10 इकाइयों से आए प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में दवा व्यवसाय से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हुए विभाग द्वारा दिए दिशा निर्देशों का पालन और अव्यवहारिक निर्देशों का विरोध करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान कार्यकारिणी का विस्तार कर प्रमाणपत्र सौंपे गए। नगर अध्यक्ष जीडी जोशी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन महामंत्री हरीश शर्मा ने किया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भुवन जोशी, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष अतुल अरोड़ा, दलजीत सिंह खिंडा, बिक्रम गुलाटी, विकास गोयल, मो.आसिम, टीडी काण्डपाल, अवलोक जैन, प्रमोद ठुकराल, मयंक जैन, संजय जिंदल, जोगा सिंह आदि उपस्थित रहे।



खटीमा में केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक में मंचासीन पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# तमिलनाडु के युवक की मौत

- अचानक हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल ले जाया गया
- यहां फेरी लगाकर करता था गुजर-बसर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** फेरी लगाकर अपनी जीविका चलाने वाले तमिलनाडु के युवक की अचानक हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार तमिलनाडु के जिला त्रिचुरापल्ली थेककमलीय कोबिल पट्टी निवासी 28 वर्षीय युवक जयराम मलिक कॉलोनी में अपने मामा के साथ किराए के मकान में रहता था और फेरी लगाकर गुजर बसर कर रहा था। बताया कि शनिवार की दोपहर अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया।

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि तीन -चार दिन से युवक की तबीयत खराब चल रही थी। बावजूद इसके पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

### हाईवे किनारे मृत मिला युवक

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** कोतवाली इलाके के काशीपुर हाईवे किनारे एक युवक का शव पड़ा होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को 112 पर पुलिस सूचना मिली कि काशीपुर हाईवे किनारे 26 वर्षीय युवक बेसुध पड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर जब पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को जिला अस्पताल लेकर आई। पुलिस ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पड़ताल में युवक की पहचान विक्की निवासी धौलपुर कैसरपुर के नाम से हुई। बताया कि युवक शराब का लती था और दिहाड़ी मजदूरी कर जीविका चलाता था। रोजमर्रा की भांति युवक 19 जुलाई को घर से निकला था और घर से कुछ ही दूरी पर लोगों ने जमीन पर पड़ा हुआ देखा था। पड़ताल में पाया कि युवक के हाथ-पैर व पीठ की खाल उधड़ी हुई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# रुद्रपुर में तीन राउंड गोलीबारी से फैली दहशत, केस दर्ज

### 16 जुलाई की रात्रि की है वारदात, भागता रहा युवक, बाल-बाल बची जान, फोन कर जान से मारने की धमकी दी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** 16 जुलाई की रात्रि कोतवाली इलाके में उस वक्त दहशत फैल गई जब घात लगाए बैठे युवकों ने एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जब युवक भागकर अपनी जान बचाने की जद्दोजहद कर रहा था तो हमलावरों ने तमंचे से तीन राउंड फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की आवाज सुनकर लोगों में अफरातफरी मच गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार भूरारानी निवासी सीता देवी ने बताया कि उसका बेटा शिव कुमार मुख्य बाजार स्थित ग्लास स्टोर की दुकान पर काम करता है। बताया कि 16 जुलाई की रात्रि दस बजे वह अपने दोस्त राजू के साथ घर लौट रहा था। जैसे ही फ्लाईओवर के समीप पहुंचा, तभी घात लगाए बैठे फतेह, संदीप, राहुल, संदीप, राहुल, करन निवासी बिंदुखेड़ा, बादल निवासी भूरारानी ने घेर लिया और बेटे पर धारदार हथियार से हमला शुरू करने लगे। बेटा जान बचाने के लिए भागा तो हमलावरों ने काफी दूर तक पीछा करते हुए तमंचे से ताबड़तोड़ फायर करना शुरू कर दिया। चीख पुकार सुनकर जब लोग इकठ्ठा होने लगे, तो हमलावर फरार हो गए। शिकायतकर्ता का आरोप था कि 17 जुलाई की सुबह दस बजे हमलावरों ने फोन कर बेटे को जल्द ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### हथियारबंद दबंगों ने युवक को बेरहमी से पीटा

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप में दबंगों ने रात्रि में एक युवक को घर से बाहर बुलाकर जानलेवा हमला कर दिया। तमंचे की बट से प्रहार किए जाने के बाद युवक लहूलुहान होकर नीचे गिर गया और हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार धोबी घाट थाना ट्रांजिट कैंप निवासी अर्जुन पाल ने बताया कि वह किराए के मकान में रहता है और शिकंजी का ठेला लगाकर आजीविका चलाता है। बताया कि 16 जुलाई की रात्रि आठ बजे उसका बेटा वरदान पाल के फोन पर अज्ञात व्यक्ति की कॉल आई और कुछ युवक फोन कर बार-बार उसे बाहर निकालने की धमकी दे रहे थे। साथ ही धमकाया कि यदि घर से बाहर नहीं आया,तो पूरे परिवार पर हमला होगा। भयभीत बेटा जब बाहर निकला तो टनकपुर निवासी पीयूष, रुद्रपुर निवासी विक्रांत, अक्षय कुमार, रॉकी और अजय नाम के युवक हथियारों से लैस हो गए और एक युवक के हाथ में तमंचा भी था। आरोप था कि बेटे को देखते ही युवकों ने हमला कर लहूलुहान कर दिया और आनन फानन में बेटे को जिला अस्पताल ले जाया गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला पर तलवार से हमला, पांच युवकों पर मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर :** कोतवाली इलाके की रंपुरा बस्ती में एक महिला पर तलवार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वार्ड-आठ निवासी सीमा ने बताया कि वह चाउमीन का ठेला लगाकर परिवार की आजीविका चलाती है। 15 जुलाई की दोपहर ढाई बजे पडोसी राकेश, पप्पू, मखन अपने दो साथियों के साथ आया और थप्पड़ बाजी करते हुए तलवार से हमला कर दिया। साथ ही गर्दन पर तलवार रखकर काटने की धमकी दी। आरोप था कि हमलावरों ने ठेला भी तहस नहस कर दिया और बेटे को भी घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर परिवार की जानमाल का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवक पर चाकू से हमले का आरोपी गिरफ्तार

- हमले का आरोपी भागते वक्त कोतवाली पुलिस ने पकड़ा
- आरोपी के खिलाफ पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने एक ऐसे युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया, जो चाकू से हमला कर भागने की कोशिश कर रहा था। आरोपी का कहना था कि वह युवक की हत्या करना चाहता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 19 जुलाई को कोतवाली दरोगा नवीन बुधानी व चंदन सिंह निजी वाहन से गश्त कर रहे थे। सूचना मिली कि एक युवक चाकू से हमला कर फरार हुआ है। पुलिस ने रामपुर हाईवे स्थित एक होटल के समीप चेकिंग शुरू कर दी। तभी एक युवक पुलिस को देख भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आयुष कुमार निवासी वार्ड-20 रंपुरा बताया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उस का विवेक नाम के युवक से विवाद चल रहा है। इसी रंजिश के चलते वह उसकी हत्या करने के इरादे से युवक पर चाकू से हमला किया और फरार हो गया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# पति समेत बैंक अधिकारियों पर धोखाधड़ी का आरोप

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एक महिला ने अपने पति सहित बैंक अधिकारियों पर धोखाधड़ी और जालसाजी कर उसके खाते से 51,785 रुपये फर्जी हस्ताक्षर कर निकालने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामनगर निवासी कोमल कालरा ने प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका बचत खाता काशीपुर अर्बन कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड, सिंघान शाखा में था, जिसमें 51,785 रुपये जमा थे। उनके पति सावन मेहरोत्रा इसी बैंक में कार्यरत हैं। आरोप लगाया है कि 4 फरवरी, 2023 को उनके पति ने बैंक के अन्य कर्मचारियों तत्कालीन शाखा प्रबंधक, क्लर्क शिवम चौधरी, अधिकारी मनोज चंद्र पांडे, क्लर्क देवराज सिंह के साथ मिलकर बैंक वाउचर पर उनके फर्जी हस्ताक्षर बनाकर 40,000 और 11,785 रुपये की दो धनराशियां निकाल लीं। इतना ही नहीं, उनके फर्जी हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर उनका बैंक खाता भी अवैध रूप से बंद कर दिया गया।

जब उन्हें इस धोखाधड़ी का पता चला, तो उन्होंने 5 अक्टूबर, 2024 को बैंक शाखा प्रबंधक को एक शिकायत पत्र दिया और अपनी निकाली गई धनराशि वापस दिलाने व मामले की जांच करने का अनुरोध किया, लेकिन बैंक ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद, 14 अक्टूबर, 2024 को उन्होंने कोतवाली काशीपुर में भी एक प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन पुलिस द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। बताया कि उन्होंने 5 फरवरी, 2025 को क्षेत्राधिकारी पुलिस, अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर और पुलिस महानिदेशक देहरादून को भी इस संबंध में प्रार्थना पत्र भेजे, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# धोखाधड़ी कर टावर के किराए में कटौती करने का लगाया आरोप

- कोर्ट के आदेश पर टावर संचालित करने वाली कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एक व्यक्ति ने इंडस टावर लिमिटेड के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि कंपनी ने उनके फर्जी हस्ताक्षर बनाकर मोबाइल टावर के किराए में कटौती की है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पॉलिटेक्निक गेट के पास निवासी मोहम्मद अजीम ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने अपनी भूमि भारती इन्फ्राटेल लिमिटेड को मोबाइल टावर लगाने के लिए किराए पर दी थी। इसका मासिक किराया 33,062 रुपये तय था। वर्तमान में भारती इन्फ्राटेल का टावर संबंधी कार्य इंडस टावर लिमिटेड द्वारा संचालित किया जा रहा है। बताया कि इंडस टावर लिमिटेड ने 1 अप्रैल, 2021 से उन्हें निर्धारित किराए से कम राशि भेजना शुरू कर दिया। जब अजीम ने इस संबंध में इंडस टावर को एक कानूनी नोटिस भेजा, तो उन्हें 7 मार्च, 2023 को उसका जवाब मिला। जवाब देखने के बाद अजीम को पता चला कि इंडस टावर लिमिटेड ने उनके फर्जी हस्ताक्षर का इस्तेमाल करके किराए की दर 33,062 रुपये से घटाकर 27,063 रुपये कर दी है। आरोप है कि उनके और कंपनी के बीच पंजीकृत किरायानामा लिखा गया था और उन्होंने कभी भी किराए में किसी तरह की कटौती के लिए सहमति नहीं दी और न ही उन्होंने इंडस टावर लिमिटेड को ऐसा लिखकर दिया। अजीम का आरोप है कि इंडस टावर लिमिटेड ने उन्हें आर्थिक क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से फर्जी हस्ताक्षर बनाकर किराए में कमी करने का फर्जी दस्तावेज तैयार किया है और उसे वास्तविक दस्तावेज मानकर उपयोग किया है। इससे उन्हें अत्यधिक आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। बताया कि मामले में 23 मार्च, 2023 को काशीपुर कोतवाली में भी एक प्रार्थना पत्र दिया था।

# मजदूरों को लेकर जा रही प्राइवेट बस खेत में पलटी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पंजाब से यूपी जा रही बस सुबह परमानंदपुर के पास नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे खेत में पलट गई। मौके पर आईटीआई थाना पुलिस, दमकल रेस्क्यू टीम व एंबुलेंस पहुंच गई, लेकिन किसी को गंभीर चोटें नहीं आने पर बस सवार यात्री दूसरी बस से रवाना हो गए।

रविवार सुबह साढ़े 6 बजे रुद्रपुर-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर परमानंदपुर स्थित बल्ली ढाबा के पास एक बस संख्या यूपी 31 एटी 1718 सड़क किनारे खेत में पलट गई। सूचना पर फायर स्टेशन से रेस्क्यू उपकरण के साथ टीम और एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची। बस में करीब 32 मजदूर सवार थे, जो पंजाब के लुधियाना से काम कर बहराइच, उत्तर प्रदेश लौट रहे थे। कई बस सवार रेस्क्यू टीम के पहुंचने से पहले ही बाहर निकल गए थे। बाकी लोगों को टीम ने सकुशल बाहर निकाला। इस दौरान हादसे में कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं। गनीमत रही कि कोई गंभीर घायल नहीं हुआ। बस चालक विक्रम सिंह पुत्र गुरदास सिंह ने बताया कि बस लुधियाना, पंजाब से बहराइच, उत्तर प्रदेश जा रही थी। बस सुबह बल्ली ढाबे के पास कांवड़ियों की ट्रॉली को बचाने के चक्कर में सड़क किनारे खेत में पलट गई। बस में 32 मजदूर सवार थे, जो लुधियाना से यूपी लौट रहे थे। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि हादसे में कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। कोई भी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। मौके पर एंबुलेंस भी पहुंची लेकिन कोई अस्पताल नहीं गया। बस चालक ने दूसरी बस बुलाई, जिससे सभी लोग बहराइच को रवाना हो गए।



काशीपुर में घायलों से वार्ता करते आईटीआई थाना एसओ। ● अमृत विचार


नेशनल हाईवे पर पलटी बस।

- घटना में मजदूरों को आई मामूली चोटें, दूसरी बस से किया रवाना
- पंजाब से यूपी जा रही थी बस पुलिस मौके पर पहुंची

**जायजा** पेयजल विभाग के सचिव ने एएमआरयूटी-आई योजना की ली जानकारी

# गदरपुर-रुद्रपुर ब्लॉक का किया निरीक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** पेयजल विभाग के सचिव शैलेश बगौली ने एएमआरयूटी-आई पेयजल योजनाओं की जानकारी लेते हुए गदरपुर व रुद्रपुर ब्लॉक का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधीनस्थों को समयबद्ध, कार्ययोजना और सजगता बढ़ाने का आदेश भी दिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने योजनाओं की गुणवता, क्रियाशील नल कनेक्शनों की स्थिति एवं पेयजल आपूर्ति की प्रभावशीलता का गहनता से आंकलन भी किया। उन्होंने दानपुर एकल ग्राम योजना, रायपुर एकल ग्राम पेयजल योजना, सरोवर नगर बहुल ग्राम योजना के तहत वितरित कनेक्शनों की भी जानकारी मांगी।

उन्होंने एएमआरयूटी-आई योजना की समीक्षा करते हुए आदेशित किया कि नगर आयुक्त के साथ समन्वय बनाकर विशेष जागरूकता मुहिम चलाई जाए। ताकि लोग पाइप्ड वॉटर सप्लाई के लाभों के प्रति जागरूक होकर कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित हों। एफएसटीपी का निरीक्षण करते हुए बताया कि शहर में निर्मित 25 केएलडी क्षमता की जानकारी ली। इस मौके पर अभियंता बिशन कुमार,तरुण शर्मा, सुशील बिष्ट, ललित पांडे, चेतन चौहान, अजय श्रीवास्तव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।


पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण करते सचिव शैलेश बगौली। ● अमृत विचार

## घर से नकदी व जेवर लेकर युवती हुई लापता

**काशीपुर:** एक युवती घर से बिना बताए कहीं चली गई। युवती के भाई ने तहरीर देकर हल्द्वानी निवासी एक युवक पर उसको साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

जैतपुर घोसी, काशीपुर निवासी युवक ने तहरीर में बताया कि उसकी 21 वर्षीय बहन 29-30 जून, 2025 की रात लगभग एक बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। वह अपने साथ अपने शैक्षिक दस्तावेज, 70,000 की एफडी, एक आइफोन, कुछ जेवर और 30 हजार रुपये नकद लेकर गई है। बताया कि सुबह जब उसकी बहन घर पर नहीं मिली, तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान उन्हें पता चला कि वह लालकुआं, हल्द्वानी निवासी एक युवक के संपर्क में थी। जब वह उस युवक के घर पहुंचा, तो पता चला कि वह भी उसी रात से लापता है। बताया कि उसे पूरा शक है कि युवक ही उसकी बहन को अपने साथ कहीं ले गया है।

# दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर तोड़ा रिश्ता

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एक व्यक्ति ने फरीदाबाद निवासी युवक व उसके परिवार पर दहेज मांगने, पैसे हड़पने, बेटी के साथ छेड़छाड़ करने और शादी से ठीक पहले रिश्ता तोड़ने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

विंध्यवासिनी कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर में बताया कि उनकी बेटी का विवाह कशिश कपूर निवासी फरीदाबाद, हरियाणा के साथ तय हुआ था। शादी की तारीख 7 जुलाई, 2025 और सगाई की तारीख 6 जुलाई, 2025 निश्चित हुई थी। बताया कि 6 अप्रैल, 2025 को कशिश, उसकी मां बीना कपूर और मामा अशोक अरोरा की उपस्थिति में प्रतापपुर स्थित कशिश की मौसी के घर में रोका की रस्म संपन्न हुई। आरोप है कि रोका वाले दिन ही उन लोगों ने सात लाख दहेज की मांग रखी। शुरुआती इंकार के बाद, बेटी की शादी को देखते हुए, उन्होंने पांच लाख की राशि देने पर सहमति जताई। इसके बाद, 3 मई, 2025 को कशिश के कहने पर उन्होंने 2.5 लाख रुपये कशिश के मामा अशोक अरोरा के खाते में ट्रांसफर कर दिए। 4 मई, 2025 को जब वह अपनी पत्नी के साथ कशिश के घर गए, तो वहां भी उनसे रिश्तेदारों और कशिश की मां को 17 हजार रुपये दिलवाए गए और रोका वाले दिन भी कशिश की मां ने शगुन के नाम पर 16 हजार रुपये लिए थे।

इसके बाद 13 जून, 2025 को आरोपी कशिश ने उसकी पुत्री से 50 हजार रुपए ऑनलाइन ले लिए। बताया कि 17 जून, 2025 को कशिश अचानक काशीपुर आया और उसकी बेटी से पैसे मांगने लगा। आरोप है कशिश ने उनकी बेटी को जान से मारने की धमकी भी दी है। आरोप है कि जब उसकी पुत्री ने अधिक पैसे देने से मना कर दिया, तो शादी से दो दिन पहले कशिश ने शादी से मना कर दिया।

## मारपीट के मामले में 11 लोगों पर केस दर्ज

**काशीपुर:** एक महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने, आगजनी करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम बाबरखेड़ा निवासी एक महिला ने पुलिस में तहरीर सौंपी। इसमें बताया कि बीती 10 जून की रात लगभग एक बजे मुशाहिद, जाहिद, दानिश, मोनिश, मुमत्याज, तालिम, ताहिर, नदीम, अनस, शोहिल व राहिल हमसाज होकर उसके घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए। इस दौरान मुशाहिद ने उसको जबरन कंधे पर उठा लिया। शोर मचाने पर उसकी सास उठ गई। सास के विरोध करने पर उनके साथ हमलावरों ने मारपीट कर बेहोश कर दिया। वहीं इन लोगों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए कपड़े फाड़ दिए। महिला ने बताया वह किसी तरह हमलावरों के चंगुल से छूटकर अपनी ननद के घर पहुंच गई।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनादरो विलम्बश्च वै मुख्यम निष्ठुर वचनम।
पश्चतपश्च पश्चापि दानस्य दूषणानि च ।।

अपमान करके देना, मुंह फेर कर देना, देरी से देना, कठोर वचन बोलकर देना और देने के बाद पछ्चाताप होना। ये सभी 5 क्रियाएं दान को दूषित कर देती है।

## संपादकीय

# कौशल का दशक

भारत में कौशल विकास के भविष्य के लिए सरकार के रोडमैप से साफ है कि देश 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। स्किल इंडिया मिशन ने भारत के युवाओं को देश और विदेश दोनों जगह परिवर्तन की एक शक्ति बना दिया है। स्किल इंडिया मिशन आज नए भारत की एक सशक्त पहचान बन गया है। पिछले एक दशक में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने, कौशल विकास, प्रशिक्षुता, उद्यमिता, वैश्विक गतिशीलता और पारंपरिक व्यवसायों में समन्वित प्रयासों से करोड़ों देशवासियों को अपने और देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु सशक्त बनाया है। यह सरकारी विभागों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को एक साथ लाया। संयोजन, गुणवत्ता और पैमाने को सुनिश्चित करने के लिए समग्र सरकार और समग्र समाज का दृष्टिकोण अपनाया। पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) जैसी योजनाओं ने 1.64 करोड़ से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षित किया है, जबकि 14,500 से ज्यादा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को गुणवत्ता, प्रशासन और संबद्धता मानदंडों में सुधारों के ज़रिए सहायता प्रदान की गई है। केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने स्किल इंडिया मिशन के 10 वर्ष पूरे होने पर कहा कि जिस तरह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लेकर आई है, उसी तरह आगामी राष्ट्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता नीति भी भारत के कार्यबल के लिए उतनी ही परिवर्तनकारी होगी। यह उन तरीकों को नए सिरे से परिभाषित करेगी कि तेजी से गतिशील होती वैश्विक अर्थव्यवस्था में आगे बढ़ने और नेतृत्व करने के लिए हम किस प्रकार अपने लोगों को कौशल प्रदान करने, कौशल में सुधार करने और पुनः कौशल प्रदान करने के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि हम फंडिंग से आगे बढ़ना चाहते हैं। चाहते हैं कि उद्योग पाठ्यक्रम, प्रमाणन और प्रशिक्षण मानकों को आकार दे।

इस तरह रोज़गार-योग्य युवा तैयार होंगे सरकार केवल संख्या के लिए नहीं, बल्कि गुणवत्ता के लिए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि भारतीय कामगार मेहनत और अनुशासन के लिए दुनिया भर में जाने जाते हैं। ऐसे में विश्वास, सत्यापन और उद्योग की भागीदारी के ज़रिए रोजगार क्षमता बढ़ाने की ज़रूरत है। तय है कि युवाओं का कौशल, उत्साह और नवाचार ही देश के सामूहिक भविष्य को आकार देंगे।

# मानसून सत्र में अखाड़ा न बने संसद



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल मतदाता सूची को लेकर आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। जबकि सत्तारुढ़ दल चुनाव आयोग की जानकारी के आधार पर विपक्ष के आरोपों का जबाव देने की तैयारी कर रहा है।

इस बार शुरू होने वाले मानसून सत्र को गर्माए रखने के लिए कांग्रेस समेत लगभग समूचे विपक्ष ने अपने-अपने हथियार भांज लिए हैं। गोया, यह आशंका कायम है कि विपक्षी दल संसद को ठप बनाए रखने में ही अपना समय जाया करेंगे। इस सत्र में लंबे समय तक चलने वाला हंगामा बिहार में मतदाता सूची के गहन परीक्षण को लेकर हो सकता है। चुनाव आयोग की इस बड़े प्रयास पर समूचा विपक्ष बड़े राजनीतिक संग्राम की तैयारी में जुटा है। लोकसभा चुनाव की तरह एक बार फिर से इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के दल एकजुट होते दिखाई दे रहे है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से बैठक भी की है।

इस हंगामें में मुख्य रूप से कांग्रेस, राजद और तृणमूल कांग्रेस कार्यस्थगन प्रस्ताव ला सकते हैं। अतएव आशंका है कि बिहार में इस साल के अंत में होने वाले चुनाव को लेकर संसद में गतिरोध बनाए रखने की कोशिश युद्धस्तर पर होगी। सत्ता पक्ष के लिए राहत की बात यह है कि निर्वाचन आयोग के बिहार की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक नहीं लगाई है, इस मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। अतएव विपक्ष इस मुद्दे के न्यायालय में विचाराधीन होने के बहाने को सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करेगी।

सरकार ने इस सत्र में 8 नए विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित कराने के लिए सूचीबद्ध किए हैं। इन विधेयकों में मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर संशोधन विधेयक-2025, सार्वजनिक न्यास प्रणाली (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक-2025, भारतीय प्रबंधन संस्थान संशोधन विधेयक-2025, पुरातत्व धरोहर स्थल और अवशेष (संरक्षण और देखरेख विधेयक-2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक-2025 एवं राष्ट्रीय डोपिंग (कचरा) रोधी संशोधन विधेयक-2025 शामिल हैं। इन विधेयकों पर सहमति बनाए जाने की चर्चा से पहले विपक्ष चाहेगा कि पहलगाम हमले में गुप्तचर तंत्र की



नाकामी, सैन्य ऑरेशन सिंदूर के दौरान विदेशी हस्तक्षेप, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता के दावों के बीच सेना के अभियान को अचानक क्यों रोका गया जैसे मुद्दों पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा हो। विपक्ष की मंशा, मुद्दों की सच्चाई से कहीं ज्यादा सरकार को घेरना है। सत्तारुढ़ पक्ष इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दे बताकर चर्चा से बचने की कोशिश कर सकता है? इन बड़े मुद्दों के अलावा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के निवास में लगी आग के दौरान नकद धनराशि जलने के मामले में महाअभियोग लाने की पैरवी करने के साथ ओड़ीसा की छात्रा के साथ हुए अत्याचार जैसे मुद्दे भी सदन में गरमा सकते हैं। न्यायमूर्ती वर्मा के मामले में सरकार को उम्मीद है कि यदि वह इस मुद्दे पर महाअभियोग चलाने का प्रस्ताव लाती है तो उसे सभी दलों का समर्थन मिल सकता है। संभव है इस प्रक्रिया के शुरू होने से पहले वर्मा इस्तीफा दे दें। यदि नहीं देते हैं तो संसद में इस मुद्दे पर तीखी बहस संभव है। जिससे सत्तारुढ़ दल से कहीं ज्यादा न्यायिक साख प्रभावित होगी। यदि बहस होती है तो न्यायाधीशों की मनमानी नियुक्ति प्रक्रिया पर भी गहन विमर्श होना तय है।

कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल मतदाता सूची को लेकर आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। जबकि सत्तारुढ़ दल चुनाव आयोग की जानकारी के आधार पर विपक्ष के आरोपों का जबाव देने की तैयारी कर रहा है। बावजूद तेलगु देशम पार्टी द्वारा मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण पर सवाल उठाए जाने से सरकार की चुनौतियां बढ़ी हुई हैं। इधर निर्वाचन आयोग के मुख्य आयुक्त ज्ञानेश कुमार का ऐसा बयान आया है, जिसे सरकार अपनी ढाल बनाने का काम करेगी। ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बिहार में एसआइआर के तहत मतदाता सूची को दुरुस्त करने के प्रयास में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी देखने में आई है। बिहार के 7.9 करोड़ मतदाताओं में से महज 6.85 प्रतिशत मतदाताओं ने अब तक विशेश गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत गणना फार्म नहीं भरे हैं। यानी आयोग ने अंतिम तिथि से 9 दिन पहले ही 93 फीसदी काम पूरा कर लिया है। बिहार में कुल 7.9 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से 6 करोड़ 99 लाख 92 हजार 926 मतदाताओं ने 1 अगस्त 2025 को प्रकासित होने वाली मसविदा मतदाता सूची में शामिल होने के लिए अपने गणना फार्म भर दिए है। हालांकि राहुल गांधी, ममता बनर्जी और तेजस्वी यादव ने इस कवायद पर कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं, जिन पर संसद में गरमा-गरम बहस हो सकती है। दरअसल समूचा विपक्ष इसलिए चिंतित है, क्योंकि पहली बार बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के नाम मतदाता सूचियों से हटाए जाने की आधीकारिक प्रक्रिया शुरू हुई है। यही वह समय है, जब राज्यों में सत्तारुढ़ भाजपा सरकारें घुसपैठियों को देश से विस्थापित करने के राष्ट्रहितैषी काम में लगी हैं।

इस बाबत असम के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने ठीक ही कहा है कि असम जैसे राज्य में घुसपैठिए एक ही धर्म के लोग हैं, जो कांग्रेस समेत गैर भाजपा दलों को वोट करते हैं। इन घुसपैठियों को बाहर कर देने से ये दल हार के खतरे को अनुभव कर रहे हैं। जबकि घुसपैठिए कई राज्यों का जनसांख्यिकी घनत्व बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। पुनरीक्षण में यह बात सामने आई है कि असम के सीमावर्ती जिलों अररिया, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया जिलों की मतदाता सूची में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के नागरिकों के नाम मिले हैं। एक अनुमान के मुताबिक इनकी संख्या 15 लाख से अधिक हो सकती है। गृह विभाग ने भी कई जिलों में बांग्लादेशियों की संख्या को लेकर रिर्पोट पेश की है। इसके अनुसार सीमांचल में अवैध घुसपैठियों के कारण कई जिलों का जनसांख्यिकी गणित पूरी तरह गड़बड़ा गया है। 1951 से 2011 तक देश की कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी जहां चार प्रतिशत बढ़ी है, वहीं सीमावर्ती जिलों में यह आंकड़ा करीब 16 प्रतिशत है। सरकारी दस्तावेजों में ये लोग भारतीय नागरिक बनते जा रहे हैं। इस कारण उन्हें अनेक केंद्र एवं राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस कारण उनका भारत की जमीन पर रहना आसान हो गया है।

अतएव प्रस्तावित विधेयकों की बजाय मतदाता सूची पर ज्यादा हंगामा होना तय है। यदि संसद में राजनीतिक गतिरोध बना रहता है और संसद अखाड़े में तब्दील होती रही तो उन विधेयकों और अधिनियमों पर बारीकी से बहस संभव नहीं है, जो देश की 1.4 करोड़ जनता की भलाई व नियमन के लिए कानून बनने जा रहे हैं ? प्रत्येक सांसद का दायित्व बनता है कि वह विधेयकों के प्रारूप का गंभीरता से अध्ययन करे, जिससे यह समझा जा सके कि उसमें शामिल प्रस्ताव देश व जनता के हित से जुड़े हैं अथवा नहीं? लेकिन राज्यसभा और लोकसभा का यह दुर्भाग्य है कि ज्यादातर सांसद अधिनियम के प्रारूप पर चर्चा करने की बजाय, ऐसे मुद्दों को बेवजह बीच में घसीट लाते हैं, जिनसे उनकी क्षेत्रीय राजनीति चमकती रहे। ऐसी स्थिति सत्तारूढ़ सरकार के लिए लाभदायी होती है, क्योंकि वह बिना किसी बहस-मुबाहिशे के ही ज्यादातर विधेयक पारित करा लेती है। जबकि विपक्ष सार्थक बहस करने की बजाय गाहे-बगाहे सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश में लगा रहकर संसद का समय जाया कर देता है। प्रजातांत्रिक मूल्यों की रक्षा की दृष्टि से यह स्थित देशहित में कतई नहीं है। इस लिहाज से सत्तारूढ़ सरकार और दल का कर्तव्य बनता है कि वह राजनीतिक गतिरोध का समाधान, राजनीतिक तौर-तरीकों से ही निकाले।

## प्रसंगवश

# दुनिया के दिग्गज नेताओं की प्राइवेट सेक्टर में वापसी

ऐसे कुछ राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री है जो कि पद से रिटायर होकर भी प्राइवेट कंपनियों में काम कर रहे हैं। हाल में खबर आई कि ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पद से हटने के बाद वापस कॉरपोरेट जिंदगी में लौट चुके हैं और उन्होंने फिर अपना कामकाज शुरू कर दिया है।

यह सिर्फ एक नाम नहीं है, बल्कि ऐसी एक पूरी लिस्ट है कि कैसे दुनिया के दिग्गज नेता अपने पद से हटने के बाद वापस प्राइवेट सेक्टर में लौट चुके हैं। भारत में तो यह पूरी तरह काल्पनिक लगता है, क्योंकि यहां तो कोई नेता राजनीतिक करियर शुरू करने के बाद वापस काम करने की सोच भी नहीं सकता। इस लिस्ट में सबसे ताजा नाम आता है ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का, जिन्होंने पीएम पद छोड़ने के बाद वापस गोल्डमैन सॉक्स को ज्वाइन कर लिया है। उन्होंने वरिष्ठ सलाहकार का पद संभाला है।



ऑस्ट्रेलिया की प्रधानमंत्री जूलिया गिलार्ड ने साल 2013 में अपना पद छोड़ने के बाद वापस राजनीति की तरफ कदम नहीं रखा। इसके बजाय उन्होंने दुनियाभर में एजुकेशन को बढ़ाने का काम संभाला और ग्लोबल एजुकेशन ट्रस्ट के साथ मिलकर काम करना शुरू किया।

साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने साल 2017 में दूसरी बार अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद वापस राजनीति की तरफ जाने के बजाय पत्नी मिशेल ओबामा के साथ मिलकर मीडिया कंपनी शुरू की है। उनकी कंपनी एक प्रोडक्शन हाउस की तरह काम करती है और नेटफ्लिक्स के लिए कंटेंट बनाने का करीब 400 करोड़ रुपये का करार भी किया है।



आर .के जैन
लेखक

करीब 16 साल तक जर्मनी की सत्ता संभालने के बाद पूर्व चांसलर एंजेला मर्केल राजनीति से लौटकर वापस यूरोप के कॉलेज में पढ़ाने लगीं हैं। उन्होंने कॉरपोरेट जगत में सेवाएं देने के बजाय एकेडमिक करियर में वापस लौटना ज्यादा मुनासिब समझा।

यूके के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन ने भी प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद वापस राजनीति की तरफ जाने के बजाय कॉरपोरेट जगत में अपना करियर बनाना उचित समझा। उन्होंने साल 2016 में अपने पद से हटने के बाद फर्स्ट डाटा कॉरपोरेशन नाम की कंपनी में बतौर सलाहकार करियर शुरू कर दिया है।

अमेरिका के पूर्व उप राष्ट्रपति एआई गोर ने 1993 से 2001 तक अपना पद संभालने के बाद वापस कानून के क्षेत्र में अपना करियर शुरू किया। उन्होंने दुनिया के दिग्गज पर्यावरण वकीलों में एक गिना जाता है। साल 2006 में बनाई गई उनकी डॉक्यूमेंटरी को अकादमी अवार्ड भी मिला और 2007 में उन्हें नोबल पुरुस्कार से नवाजा गया।

ऑस्ट्रेलिया की प्रधानमंत्री जूलिया गिलार्ड ने साल 2013 में अपना पद छोड़ने के बाद वापस राजनीति की तरफ कदम नहीं रखा। इसके बजाय उन्होंने दुनियाभर में एजुकेशन को बढ़ाने का काम संभाला और ग्लोबल एजुकेशन ट्रस्ट के साथ मिलकर काम करना शुरू किया। गिलार्ड को अच्छा शिक्षक, लेखक और सलाहकार भी माना जाता है।

इटली के पीएम मेटियो रेंजी ने अपने रिटायरमेंट के बाद वापस राजनीति में जाने के बजाए उन्होंने राजनीतिक लेक्चर लिखने और थिंक टैंक पर काम शुरू कर दिया। आज भी उनका मुख्य काम एक थिंक टैंक के रूप में अपनी सेवाएं देना है। रेंजी आजकल पॉलिटिकल कमेंटरी करते हैं और राजनीति को लेकर अपनी टीम के साथ रिसर्च पेपर निकालते हैं।

# जो बच्चे जीतकर आए थे, हार कैसे गए...



राजेश जैन
लेखक

यह सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं है। इन संस्थानों में बहुत सारे छात्र दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से भी आते हैं।

आईआईटी, एनआईटी और आईआईएम जैसे संस्थान हर पढ़ने वाले छात्र और उनके परिवारों का सपना होते हैं। सालों की मेहनत, रातों की नींदें, लाखों की कोचिंग और मां-बाप की हर उम्मीद-सब कुछ इस एक सीट के लिए दांव पर लगा होता है। जब वह सीट मिलती है, तो लगता है कि ज़िंदगी जीत ली। लेकिन हाल ही में आईआईटी खड़गपुर से आई खबरों ने इस जीत की चमक के पीछे छुपा एक ऐसा स्याह सच उजागर कर दिया। यहां एक ही साल में चार छात्रों की आत्महत्या की है। यह कोई अपवाद नहीं। बीते एक दशक में भारत के टॉप संस्थानों में आत्महत्या की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। आंकड़े कहते हैं कि हर साल ऐसे 30 से 40 छात्र आत्महत्या कर लेते हैं, लेकिन असल संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है-क्योंकि बहुत से मामले रिपोर्ट ही नहीं होते।

इस देश में जो छात्र सबसे होशियार, टॉपर और घर का गौरव कहे जाते हैं, वे आखिर खुद को खत्म करने जैसा फैसला क्यों कर बैठते हैं? इसका जवाब सीधा नहीं, बहुत जटिल है। आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों में जाना जितना मुश्किल है, वहां टिके रहना उससे भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण है। वहां पहुंचते ही शुरू हो जाती है एक अंतहीन दौड़-नंबरों की, इंटर्नशिप की, प्लेसमेंट की और अब तो स्टार्टअप और सोशल मीडिया ब्रांडिंग की भी। हर तरफ सफलता की परिभाषा "मिलियन डॉलर पैकेज" है। कोई एक दिन धीमा हुआ, तो उसे पीछे छूटने का डर सताने लगता है और यही डर, धीरे-धीरे दिल-दिमाग में घर बना लेता है। इन संस्थानों के कैंपस चाहे कितने भी बड़े क्यों न हों, उनके हॉस्टल्स कितने भी आबाद क्यों न दिखें, पर सच्चाई यह है कि वहां एक अजीब-सी तन्हाई बसती है। एक ऐसी तन्हाई, जो बाहर से नहीं, भीतर से खाए जाती है। भाषा की दीवार, नए माहौल की असहजता, पढ़ाई का लगातार दबाव और परफेक्ट बने रहने की अंधी दौड़-ये सब मिलकर छात्र को उस जगह पर ले जाते हैं जहां वो खुद को नाकाम, अकेला और अस्वीकार्य मानने लगता है।

यह सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं है। इन संस्थानों में बहुत सारे छात्र दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से भी आते हैं। उनके लिए संघर्ष सिर्फ अकादमिक नहीं, सामाजिक भी होता है। उन्हें बार-बार जताया जाता है कि वे कोटा से आए हैं, मेरिट से नहीं। प्रोफेसर हों या साथी छात्र, भेदभाव खुलकर भले न करें, लेकिन व्यवहार से झलक जाता है। पहचान पर लांछन लगाना, सवाल करना और मानसिक रूप से अलग-थलग कर देना-ये एक इंसान को अंदर से तोड़ने के लिए काफी है।

फिर परिवार का दबाव भी होता है। कई छात्र ऐसे परिवारों से आते हैं जहां पहली बार किसी ने आईआईटी और आईआईएम का मुंह देखा होता है। उनके लिए वह बच्चा सिर्फ एक छात्र नहीं, पूरे खानदान की उम्मीद होता है। मां-बाप कहते हैं-बेटा, तू ही तो सहारा है और यह सहारा बनने की कोशिश, छात्र को खुद को खो देने पर मजबूर कर देती है। वह डरने लगता है कि अगर असफल हुआ तो सिर्फ खुद को नहीं, अपने परिवार के सपनों को भी तोड़ देगा। इन सबके बीच सिस्टम की सबसे बड़ी चूक यह है कि उसने सफलता की परिभाषा को बहुत संकुचित कर दिया है। टॉपर बनना, 10 सीजीपीए लाना, गूगल या अमेज़न में नौकरी पाना-यही सफलता के मानक बन चुके हैं। कोई मिड लेवल जॉब ले ले, ब्रेक ले ले, करियर बदल ले या पढ़ाई धीमे करे-तो उसे फेलियर समझा जाने लगता है। ऐसी सोच एक छात्र को इंसान से मशीन बना देती है और जब मशीन ब्रेक करती है तो कोई नहीं पूछता, बस फाइल बंद हो जाती है।

अब सवाल यह नहीं है कि यह सब क्यों हो रहा है, सवाल यह है कि हम इसके लिए क्या कर रहे हैं? सबसे पहले तो हमें हर संस्थान में मानसिक स्वास्थ्य को पाठ्यक्रम जितना ही अनिवार्य बनाना होगा। छात्र जब कॉलेज में दाखिल होता है, उसी दिन से उसे मेंटल हेल्थ से जुड़ी जानकारी, संसाधन और मदद की व्यवस्था दी जानी चाहिए। काउंसलिंग को वैकल्पिक नहीं, ज़रूरी बनाया जाना चाहिए। हर हॉस्टल में एक पियर लिसनर ग्रुप हो, जहां छात्र अपने जैसे साथियों से बात कर सकें। आखिरी बात यह कि इस बदलाव की जिम्मेदारी सिर्फ संस्थानों की नहीं, हम सबकी है। मीडिया, शिक्षक, सरकार, परिवार, दोस्त-हर किसी को मिलकर यह माहौल बनाना होगा जिसमें छात्र खुद को अकेला महसूस न करे। हमें सफलता की परिभाषा बदलनी होगी-वह सिर्फ ऊंची तनख्वाह नहीं, एक शांत मन भी है। वह सिर्फ रैंक नहीं, रिश्तों की गर्माहट भी है। वह सिर्फ टॉपर बनना नहीं, एक अच्छा इंसान बने रहना भी है। हमारी नई पीढ़ी सिर्फ नौकरी की तैयारी नहीं कर रही, वह ज़िंदगी की तैयारी कर रही है और अगर ज़िंदगी ही उनसे छिन जाए, तो हमने क्या पाया?

## सोशल फोरम

# चौकस निगरानी की जरूरत

मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर कांवरियों द्वारा एक सीआरपीएफ के जवान को बुरी तरह मारने की घटना चिंतित करती है। हलांकि रेलवे पुलिस ने तत्परता बरतते हुए आरोपितों को पकड़ा और कानूनी कार्रवाई शुरु कर दी है। कांवरियों का उत्पात मचाना कोई नई बात नहीं है। दशकों से मैं यह देख रहा हूं। इस वर्ष भी एक महिला पर इनका आक्रोश नाजिल होते देखा। कांवड़ यात्रा के दौरान ऐसी घटनाएं होती रहती आई हैं और आगे भी होती रहेंगी।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हम श्रद्धा, विश्वास, भक्ति और आस्था के मामले पर मौन रहते हैं क्यों कि अनुभव हमें बताता है कि यहां तर्क का कोई मतलब नहीं है। और अभी तो इन्हें राजाश्रय भी प्राप्त है। इनकी हर सहूलियत का ध्यान रखा जाता है। चरण चापन और वंदन होता है। महिमामंडन भी। परंतु मैं इसलिए भी मौन रहता हूं कि आस्था का यह सैलाब एक उस मजहबी उन्माद को बैलेंस करता नज़र आता है जो अभी एक दशक पहले तक सर पर चढ़ कर बोल रहा था। इस लिहाज से कांवरियों का 'सात खून' माफ होना सही ठहराया जा सकता है। लोहा लोहे से ही कटता है।

मगर इस भीड़ को नियंत्रित करने, अनावश्यक हुड़दंग करने और नागरिकों की सुख शान्ति को डिस्टर्ब करने के लिए इन्हें छुट्टा नहीं छोड़ा जा सकता। देश का कानून इन पर भी लागू है, यह अहसास इन्हें होता रहना चाहिए। क्योंकि भले ही हिन्दुत्व के नये झंडाबरदार के रुप में इन्हें पहचान दी जा रही हो, यदि इन पर अंकुश नहीं रहेगा तो ये भस्मासुर बनेंगे। कांवरिये यदि आक्रामक होंगे तो राष्ट्रीय संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचाने से नहीं हिचकेंगे। कारण कि इनमें अधिकांश कम उम्र के, अल्प शिक्षित और गांवों के भदेस परिवेश से आते हैं। इनमें विवेक का अभाव आत्मघाती कृत्यों की ओर भी उन्मुख कर सकता है। कुछ वैसे ही जैसे बंदर के हाथ में उस्तरा पकड़ा दिया जाय। इसलिए इनकी, खास तौर पर बड़े समूहों की चौकस निगरानी जरुरी है। मिर्जापुर की घटना की तरह प्रशासन तत्काल उद्दंडियों को सबक सिखाये।

**-फेसबुक वॉल से**

# धन-धान्य योजना से संवरेगी कृषि



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

देश की तकरीबन 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। देश के कुल क्षेत्रफल का लगभग 51 प्रतिशत भू-भाग पर कृषि कार्य होता है। किंतु बढ़ती आबदी के कारण कृषि के समक्ष कई चुनौतियां खड़ी हैं।

केंद्र सरकार द्वारा पीएम धन-धान्य योजना का शुभारंभ कृषि को लाभकारी और किसानों की आर्थिक सेहत सुधारने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। छः साल तक चलने वाली इस योजना के लिए प्रति वर्ष 24000 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित कर दी गई है जिसके तहत देश के सर्वाधिक पिछड़े 100 जिलों के 1.70 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। अच्छी बात यह है कि इसमें 36 मौजूदा योजनाओं को भी जोड़ा जाएगा जिससे कृषि क्षेत्र में आमूलचुल सुधार की संभावना प्रबल होगी। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने, पंचायत और खंड स्तर पर फसलों की कटाई के बाद भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं में सुधार, लचीली ग्रामीण आजीविका का निर्माण के अलावा लॉग एवं शॉर्ट टर्म लोन उपलब्ध कराना है। निःसंदेह इस पहल से छोटे व सीमांत किसानों की आय बढ़ेगी तथा कृषि को भी आधुनिक तकनीकी से जोड़ने में मदद मिलेगी। कृषि, भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ ही नहीं बल्कि अधिकाधिक लोगों के जीवन निर्वाह का संबल भी है।

देश की तकरीबन 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। देश के कुल क्षेत्रफल का लगभग 51 प्रतिशत भू-भाग पर कृषि कार्य होता है। किंतु बढ़ती आबदी के कारण कृषि के समक्ष कई चुनौतियां खड़ी हैं। मसलन जोत का आकार सिमट रहा है। आज देश में 86.2 प्रतिशत किसान 47.3 प्रतिशत क्षेत्र में औसतन 2 हेक्टेयर से कम की कृषि भूमि के साथ छोटे और सीमांत किसानों की श्रेणी में आ चुके हैं। कृषि से जुड़े लगभग 70 प्रतिशत से अधिक परिवारों का खर्च उनकी आय से अधिक है।

एक चौथाई किसान गरीबी रेखा के नीचे हैं। ऐसे में देश की मौजूदा सरकार द्वारा किसानों और कृषि की सुध लेना एक स्वागतयोग्य कदम है। वैसे भी गौर करें तो वर्ष 2014 में केंद्र में जब नरेंद्र मोदी की सरकार बनी तभी से कृषि और किसान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल हैं। किसान कल्याण की भावना सरकार की रीति-नीति व नीयत का हिस्सा बन चुका है। सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है और कल्याणकारी योजनाओं के जरिए लगातार विकास कर रही है। सरकार द्वारा देश का भाग्य संरचनात्मक रुप से कृषि और किसानों से जोड़ दिया गया है जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। यह तथ्य है कि कृषि विकास औद्योगिक विकास की तुलना में दोगुनी तेजी से गरीबी को कम करता है। साथ ही विकास को भी रफ्तार देता है। उदाहरण के लिए कृषि उत्पादन में एक प्रतिशत की वृद्धि औद्योगिक उत्पादन में 0.5 प्रतिशत और राष्ट्रीय आय में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि करती है। इसे ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना करते समय ए2$ एफएल फॉर्मूला को अपनाया था। तब सरकार ने कृषि उत्पादन के नकद व अन्य सभी खर्चों समेत किसान परिवार के श्रम के मूल्य को भी जोड़ दिया। नतीजा सामने है। किसानों की आय में तेजी से वृद्धि हो रही है। वर्ष 2014 तक जो कृषि बजट 25000 करोड़ से भी कम हुआ करता था, वह आज बढ़कर 1.37 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। वर्ष 2014 से पहले जो कृषि क्षेत्र संकटग्रस्त और घाटे का सौदा हुआ करता था वह आज मुनाफे के सौदे में तब्दील हो रहा है। सरकार कृषि बाजार को मजबूती देने के लिए कृषि बजट में लगातार वृद्धि कर रही है। उसी का नतीजा है कि फसलों का रिकार्ड उत्पादन और निर्यात हो रहा है।

भारत का कृषि निर्यात 50 बिलियन डॉलर की ऐतिहासिक ऊंचाई छू चुका है। सरकार की कोशिश डिजिटल तकनीक के जरिए कृषि को बढ़ावा देकर किसानों की माली मालत में बेहतर बदलाव लाना है। इसके लिए सरकार डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार कर रही है। इसके जरिए किसानों को फसलों के बारे में जानकारी देने, कौन-सी फसलें उगाई जाएं, फसलों की देखभाल कैसे हो, लोन एवं बीमा, फसल आकलन, बाजार की जानकारी और कृषि तकनीक उद्योग के विकास को समर्थन और स्टार्ट-अप्स को मदद के माध्यम से एक समावेशी विकास केंद्रित समाधान संभव हो पाना आसान होगा। सरकार इस योजना के लिए एक फंड भी तैयार किया है जिसका मकसद किसानों के सामने आ रही चुनौतियों को आधुनिक तकनीक से समाधान करना है। सरकार ने 2023-24 में किसानों की माली हालत सुधारने और कृषि क्षेत्र का विस्तार करने के निमित्त 25.48 लाख करोड़ रुपए का कृषि ऋण वितरित किया है। सरकार किसानों की आय में वृद्धि के लिए हर वर्ष कृषि उपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि कर रही है। सरकार ने देश के किसानों की आय में वृद्धि के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार को नया आयाम दिया है। इस योजना के तहत किसानों को सस्ती ब्याज दरों पर लोन की सुविधा उपलब्ध है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है। इसी क्रम में पीएम धन-धान्य कृषि योजना से कृषि और किसानों की सेहत संवरेगी, इसकी उम्मीद जरुर की जानी चाहिए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# बाजपुर में दो तमंचे और दो कारतूस के साथ बाइक सवार दो बदमाश धरे

## बिलासपुर रामपुर उप्र में हाल ही में दो घरों में हुईं चोरी का माल बरामद, गश्त के दौरान पकड़ा

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर कोतवाली में बरामद माल के साथ पुलिस गिरफ्त में चोर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुलिस ने दो तमंचे व दो कारतूस सहित बाइक सवार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण एवं बाइक बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपितों से बरामद माल बिलासपुर रामपुर उप्र में हाल ही में दो घरों में हुईं चोरी का है।

वर्तमान में चल रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर पुलिस टीम रात्रि गश्त करते हुए ग्राम पिपलिया से रेलवे क्रासिंग को जाने वाली सड़क पर पहुंची तो बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस देख भागने का प्रयास किया। शक होने पर टीम ने उन्हें घेराबंदी कर रोक लिया। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम हाल निवासी बड़े जेपीएस स्कूल के पास, शास्त्री नगर, थाना ट्रंजिट कैंप रुद्रपुर अभय उर्फ नन्हें मेंबर तथा शास्त्री नगर थाना ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर रिंकू बताया। तलाशी में अभय के कब्जे से 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस एवं रिंकू के कब्जे से 12 बोर तमंचा व एक कारतूस तथा बिलासपुर रामपुर उप्र से चोरी किए भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण बरामद हुए हैं। वहीं जानकारी के बाद बाजपुर पहुंची बिलासपुर रामपुर की पुलिस टीम ने भी आरोपितों से पूछताछ की है। पुलिस टीम में कोतवाल प्रवीण सिंह कोश्यारी, एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल, एसआई संदीप शर्मा, एसआई धीरेंद्र परिहार, कांस्टेबल जरनैल सिंह आदि शामिल रहे।

### तीन दिन पहले दो घरों से चोरी किए थे आभूषण

**बाजपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने बरामद आभूषण तीन दिन पहले रात्रि में बिलासपुर से आगे कैमरी रोड पर ताले लगे 2 घरों से चोरी करने की बात कही है। इस संबंध में थाना बिलासपुर रामपुर में धारा 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। वहीं बरामदगी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कोतवाली बाजपुर में भी धारा-3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।

# रास्ते में खड़ी बाइक हटाने को लेकर पड़ोसियों में विवाद

**बाजपुर :** रास्ते में खड़ी बाइक हटाने को लेकर पड़ोसियों में विवाद हो गया, जिनमें बात बढ़ी तो गाली-गलौज होने लगी तथा नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगा तहरीरें दी हैं। ग्राम मुड़िया कलां निवासी यूसुफ अली ने पुलिस को बताया कि 19 जुलाई की देर रात करीब 8:30 बजे वह कार से घर जा रहा था। जैसे ही घर की गली में पहुंचा तो वहां पड़ोसी ने घर के सामने दोनों तरफ बाइकें खड़ी कर रखी थीं। आरोप है कि हार्न बजाने पर बाहर निकले पड़ोसी से बाइक एक साइड करने को कहा तो वह गाली-गलौज करने लगा तथा हाथापाई पर उतर आया। हो-हल्ला सुनकर आस-पास के लोग पहुंच गए, जिनके समझाने पर आरोपियों ने बाइक हटाईं तथा पुनः कार निकालने पर जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष के मंसूर ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी अपनी कार लेकर आया और रंजिशन बाइक में दो बार टक्कर मार दी जिसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया।



नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में कई मरीजों ने उठाया लाभ

- अग्रसेन नेत्र चिकित्सालय में लगाया गया कैंप
- स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के दिए गए टिप्स

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** महाराजा नेत्र चिकित्सालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। हल्द्वानी से आए सुप्रसिद्ध छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंशुल केडिया एवं डॉक्टर सी सिंगला और आंखों के डॉक्टर गुरप्रीत कौर ने मरीजों का चेकअप कर उन्हें दवाइयां वितरित कीं।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कैंपों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को लाभ मिलता है और विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति को सही मार्गदर्शन के जरिए उचित इलाज जहां भी संभव हो उन्हें जागरूक कर संभावित सेंटर पर जाने का कार्य भी कैंप के द्वारा होता है।

डॉक्टर केडिया ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी, नियमित योग और सुबह का टहलना व पौष्टिक आहार से हम अपने शरीर को सुरक्षित रख सकते हैं। कैंप में ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेश सिंघल, महामंत्री सुरेश जैन, वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल, राइस मिल एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कंसल, रामलीला कमेटी महामंत्री भीमसेन गर्ग, हिमांशु पानेरी, धीरज, सिप्ला कंपनी एवं दीपक अग्रवाल, ओम बिष्ट का विशेष सहयोग रहा।

# ताइक्वांडो में स्कॉलर वैली का परचम लहराया

- छात्र तेगवीर सिंह और कोच शिवचरण ने जीता रजत पदक

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** थाईलैंड में आयोजित हर मजिस्ट्री क्यूवीन स्वीकृत-दा क्यूवीन मदर आफ थाईलैंड चैलेंज कप के अंतर्गत 11वीं तिरक ताइक्वांडो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्कॉलर वैली इंटरनेशनल स्कूल, सितारगंज के कक्षा 6 के छात्र तेगवीर सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक (सिल्वर मेडल) अपने नाम किया।

इसी प्रतियोगिता में विद्यालय के कोच शिवचरण ने भी भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। यह उपलब्धि न केवल स्कूल के लिए, बल्कि पूरे उत्तराखंड और भारत के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। प्रतियोगिता के दौरान तेगवीर सिंह ने शानदार आत्मविश्वास, तकनीक और खेल भावना का परिचय देते हुए कड़े मुकाबले में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कोच शिवचरण ने अपने अनुभव और कौशल के दम पर सिल्वर मेडल हासिल कर यह साबित किया कि स्कॉलर वैली न केवल शिक्षा बल्कि खेलों में भी उत्कृष्टता की मिसाल बन चुका है। विद्यालय के प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख, प्रधानाचार्या कमलजीत कौर, सीनियर कोऑर्डिनेटर भूपेन्द्र सिंह ने उन्हें बधाई दी है।

# ऋण दिलवाने के नाम पर 10.59 लाख रुपये हड़पे

**बाजपुर :** मेक्रोनी-पास्ता का प्लांट लगाने के लिए बैंक से करीब एक करोड़ रुपये का ऋण दिलवाने के नाम पर 10.59 लाख रुपये हड़पने का आरोप एक युवक पर लगाते हुए पीड़िता ने कोतवाली में नामजद तहरीर दी है। वार्ड-एक मोहल्ला मझरा-प्रभु निवासी मीरा वर्मा पत्नी ओमप्रकाश वर्मा ने पुलिस को बताया कि उसने ग्राम चनकपुर में मेक्रोनी-पास्ता का प्लांट लगाने के लिए भूमि क्रय की थी। प्लांट लगाने के लिए एक करोड़ रुपये का ऋण दिलवाने हेतु उसकी मुलाकात अक्टूबर-2022 में एक युवक से हुई थी। आरोपी ने ऋण दिलवाने के लिए अपने झांसे में ले लिया और ऋण दिलवाने के नाम पर 31 अक्टूबर 2022 से 10 लाख 59 हजार रुपये धीरे-धीरे ऐंठ लिए।

# प्रभारी मंत्री ने शुरू किया एक पेड़ मां के नाम अभियान

- पंतनगर इलाके में किया पौधरोपण
- लोगों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** ऊधमसिंह नगर के प्रभारी एवं कृषि मंत्री गणेश जोशी ने पंतनगर विश्वविद्यालय प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की और पौधरोपण कर लोगों को भी पर्यावरण के प्रति सजग बनाने का आह्वान किया।

पौधरोपण अभियान के तहत कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल है, बल्कि मां के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक अनूठा माध्यम भी है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक पौधरोपण कर इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। कहा कि एक वृक्ष हम मां के नाम लगाएं और उसकी देखभाल भी उसी ममता के साथ करें, जिस प्रकार मां अपने बच्चों की करती है। उन्होंने कहा कि यह अभियान भावनात्मक जुड़ाव और पर्यावरणीय चेतना का सुंदर संगम है।



पंतनगर विवि प्रांगण में पौधरोपण करते कृषि मंत्री गणेश जोशी।





खटीमा के विरिया मझोला की गुर्जर बस्ती में विधिक शिविर के बाद पौधरोपण करते अधिवक्ता और ग्रामीण।

### पेड़ों का पर्यावरण में महत्व बताया

**खटीमा, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के निर्देशानुसार हरेला पर्व के अवसर पर 20 से 31 जुलाई तक पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बिरिया मझोला के गुर्जर बस्ती में आयोजित विधिक शिविर में पेड़ों का पर्यावरण में महत्व और पेड़ों के कटने पर हमारे जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। इस दौरान ग्रामीणों से आह्वान किया गया कि आओ हम सब मिलकर पेड़ लगाएं। पैनल अधिवक्ता इलियास सिद्दीकी, कमान सिंह धामी, स्नेह प्रभा, अब्दुल माजिद ने लोगों को विधिक जानकारी दी। इसमें निशुल्क विधि कानूनी सहायता, निशुल्क पैनल अधिवक्ता, नशे से सुरक्षा, जीवन रक्षा और एक जुलाई से 90 दिन तक चल रहे सुलह समझौता अभियान के बारे में बताया। अंत में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर पीएलबी आरबी सिंह राणा, प्रभु दयाल, मंजू बिष्ट, भगवती देवी, पिंकी राणा, माया देवी आदि मौजूद रहे।

# किरायेदारों में गाली-गलौज व मारपीट

- पीड़िता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग उठाई

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** आपसी बात को लेकर किरायेदारों में गाली-गलौज व मारपीट हो गई। आरोप है कि एक युवक अपने साथियों के साथ मिलकर कमरे में घुस गया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामले को लेकर कोतवाली पहुंची पीड़िता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम मड़िया पिस्तौर देहात निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका पति ड्राइवर है, जो अक्सर बाहर रहता है, जबकि वह बच्चों के साथ किराये के मकान में अकेली रहती है तथा मेहनत-मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण कर रही है। इसी मकान में किराये पर रह रहा व्यक्ति आए दिन शराब पीकर लड़ाई-झगड़ा करता है। शनिवार की देर रात करीब 9 बजे आरोपी उसके पुत्र को दुकान से सिगरेट लाने के लिए भेजने लगा। इस पर उसके बड़े बेटे ने अपने भाई को मना कर दिया और कमरे में बुला लिया। आरोप है कि इससे गुस्साए आरोपी ने गाली-गलौज कर बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी, उसे किसी तरह बचाया गया। आरोप है कि आरोपी ने अपने साथ के दस युवकों को बुला लिया और जबरन कमरे में घुसकर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं पीड़िता व बच्चों को धक्के देकर कमरे से बाहर निकाल दिया। पीड़िता के अनुसार आरोपितों ने सारा सामान कमरे में बिखेर दिया।

### घर में घुसकर गाली-गलौज व अभद्रता करने का आरोप

**बाजपुर, अमृत विचार :** घर में घुसकर बेटी के साथ गाली-गलौज व अभद्रता करने का आरोप लगा पीड़िता ने कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक गांव निवासी विधवा महिला ने पुलिस को बताया कि वह एक पोल्ट्री फार्म में काम करती है, जबकि बेटा स्कूल चला जाता है। जिसके चलते घर पर 17 वर्षीय बेटी अकेली रह जाती है। पीड़िता के बहन के लड़के का घर पर आना-जाना रहता है। आरोप है कि पीड़िता का मुंह बोला भाई भी उसकी गैर मौजूदगी में घर पर आ धमका और पुत्री को बोलने लगा कि उस युवक के साथ क्या मामला चल रहा है। बेटी के विरोध करने के बावजूद भी आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए अभद्रता शुरू कर दी और जो उस लड़के के साथ किया है वह उसके साथ भी करने का दबाव बनाने लगा। इस घटना के बाद से उसकी बेटी काफी डरी हुई है।

# चैंपियनशिप में राजीव ने जीता कांस्य पदक

- थाईलैंड के पटाया में वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप आयोजित

संवाददाता, काशीपुर



राजीव चौधरी।

**अमृत विचार :** स्थानीय निवासी और एशियन मेडलिस्ट राजीव चौधरी मिंटू ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया। उन्होंने थाईलैंड के पटाया शहर में 16 से 19 जुलाई तक आयोजित वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करते हुए 95 किलोग्राम भार वर्ग की इंक्लाइन बेंच प्रेस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

राजीव चौधरी का यह प्रदर्शन न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम और समर्पण का परिणाम है, बल्कि यह काशीपुर के युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गया है। वे पहले भी राष्ट्रीय व एशियन स्तर की कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्तराखंड और भारत का मान बढ़ा चुके हैं। वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में दुनियाभर से तमाम प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, लेकिन राजीव ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 95 किलोग्राम भारवर्ग में अपनी शक्ति का लोहा मनवाया। इंक्लाइन बेंच प्रेस कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद उन्होंने आत्मविश्वास, तकनीक और ताकत के दम पर कांस्य पदक अपने नाम किया।

# दो घरों में घुसे चोर जाग होने पर भागे

**बाजपुर :** मोहल्ला राजीवनगर में एक के बाद एक दो घरों में चोर घुस गए और चोरी का प्रयास किया। परिजनों के जाग जाने के चलते आरोपी वहां से भाग निकले। घटना के बाद से कॉलोनीवासियों में दहशत फैल गई। घटना शनिवार की मध्य रात्रि करीब डेढ़ बजे की बताई जा रही है। वार्ड-13 मोहल्ला राजीवनगर में एक घर के अंदर दो चोर घुस गए। आहट हुई तो परिजनों की नींद खुल गई जिसके चलते आरोपी छत के रास्ते पड़ोसी के घर में जा चुके। शोरगुल हुआ तो पड़ोसी के परिवार के सदस्य भी जाग गए जिसके चलते चोर घटना को अंजाम दिए बिना भाग निकले। लोगों ने उन्हें पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़ पाए। हो-हल्ला होने पर अन्य मोहल्लेवासियों की नींद भी खुल गई और कुछ ही देर में लोग एकत्र हो गए।

# कार की चपेट में आकर टेंपो सवार हुआ घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर घायल हुए टेंपो सवार व्यक्ति का काशीपुर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है और हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं घायल व्यक्ति की पत्नी ने कोतवाली में कार के अज्ञात चालक के विरुद्ध तहरीर दी है।

वार्ड-आठ मोहल्ला सुभाषनगर निवासी अर्चना गंगवार ने पुलिस को बताया कि 19 जुलाई की देर रात करीब दस बजे उसके पति खरग सेन दोराहा से टेंपो में बाजपुर आ रहे थे। आरोप है कि इसी बीच रेलवे क्रासिंग से पहले तेज रफ्तार कार ने टेंपो को दुर्घटनाग्रस्त कर दिया, जिसमें उसे पति के सिर एवं सीने में गंभीर रूप से चोटें आई हैं। घायल को सरकारी अस्पताल से रेफर करने के बाद परिजन काशीपुर के निजी चिकित्सालय ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा है।

### पति पर शराब पीकर मारपीट करने का आरोप

**बाजपुर :** एक महिला ने पति पर शराब पीकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि रविवार की तड़के करीब 3 बजे वह अपने घर पर सो रही थी। आरोप है कि तभी उसका पति शराब के नशे में धुत होकर आया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं आरोपी ने डंडे से सिर पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें वह लहूलुहान होकर गिर गई। पड़ोसियों ने किसी तरह उसे बचाया।

उत्साह | जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह की घोषणा के बाद व्यापारियों ने अमन मदान को बधाई दी

# देवभूमि व्यापार मंडल के अमन बने जिला उपाध्यक्ष

संवाददाता, किच्छा



किच्छा में जिला उपाध्यक्ष मदन मदान का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड देवभूमि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह ने युवा व्यापारी नेता अमन मदान को संगठन का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा करते हुए उन्हें मनोनयन की बधाई दी।

जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह की घोषणा के बाद संगठन के महामंत्री नितिन फुटेला के नेतृत्व में तमाम व्यापारियों ने नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अमन मदान का फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया और बधाई दी। व्यापार मंडल नगर महामंत्री नितिन फुटेला ने कहा कि संगठन में सक्रिय तथा ऊर्जावान व्यापारियों को जिम्मेदारी देकर संगठन को मजबूत बनाया जाएगा, ताकि आने वाले समय में संगठन के बैनर तले व्यापारियों की समस्याओं के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जा सके।

उन्होंने कहा कि अमन मदान को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने से निश्चित तौर पर संगठन को मजबूती मिलेगी और सभी व्यापारी एकजुट होकर संगठन एवं व्यापारी हित तथा नगर हित में एकजुट होकर कार्य करेंगे। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अमन मदान ने कहा कि जिस आशा के साथ वरिष्ठ व्यापारियों द्वारा उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है, वह अपने दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन कर संगठन एवं व्यापारी हित में कार्य करेंगे। मौके पर देवभूमि व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विजय अरोड़ा, महामंत्री नितिन फुटेला सहित विवेक फुटेला, गौरव झाम, जोगेंद्र पाल मदान, मदन मदान, दलजीत सिंह खत्री, हाजी आफताब, विशाल फुटेला, प्रदीप पुजारा, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सिंघल के निधन पर जताया शोक

**काशीपुर :** विभिन्न संगठनों की ओर से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रवि सिंघल के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। रविवार को कुमाऊं वैश्य महासभा संरक्षक एवं एसपीएनजी के सीएमडी योगेश कुमार जिंदल, महासभा अध्यक्ष मनोहर गुप्ता, इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन जिला अध्यक्ष सुरेश गोयल, एसपी गुप्ता, जेपी अग्रवाल, शेष कुमार सितारा, महेंद्र लोहिया, कौशलेश गुप्ता, अनुराग सिंघल, अनुज सिंघल समेत पदाधिकारी उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने डॉ. सिंघल के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा काशीपुर के चेयरमैन गुरनाम सिंह गामा, सचिव अरुण पंत, कौशलेश गुप्ता ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

# किच्छा बाजार में बिजली के पोल पर लगी आग

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** मुख्य बाजार में शोरूम के निकट विद्युत पोल पर अचानक आग लगने के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। व्यापारियों की सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया।

जानकारी के अनुसार रविवार की शाम नगर के मुख्य बाजार स्थित बजाज गारमेंट्स एवं कमल बूट हाउस के मध्य स्थित बिजली के पोल में अचानक आग लग गई। अचानक हुई घटना के बाद व्यापारियों में हड़कंप मच गया और तमाम व्यापारी मौके पर एकत्रित हो गए। व्यापारियों द्वारा तुरंत दमकल टीम को आग लगने की सूचना दी गई। आग के विकराल रूप धारण करने से पूर्व ही मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पा लिया। आग बुझने के बाद व्यापारियों ने राहत की सांस ली और दमकल टीम का आभार जताया। टीम में दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह रावत, फायरमैन भवान सिंह एवं संजय सिंह मौजूद रहे।





विद्युत पोल पर लगी आग।

# पुनर्नवा महिला समिति ने किया पौधरोपण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पुनर्नवा महिला समिति की ओर से रविवार को रामपुर रोड स्थित अरण्य भवन में पौधरोपण किया गया। इसमें पीपल, नीम, गुलमोहर, आंवला, रीठा आदि के 200 से अधिक पौधे लगाए गए। इसका शुभारंभ महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने किया।

इस दौरान गो क्लीन-गो ग्रीन अध्यक्ष मनोज नेगी, कोचिंग यूनियन उपाध्यक्ष केएमएस रावत, मधुकर श्रोत्रिय, सुप्रीत कौर, वंदे मातरम फाउंडेशन अध्यक्ष शैलेंद्र दानू, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह खाती रहे। अध्यक्ष लता वोरा ने सभी का आभार जताया।

कार्यक्रम में शांति जीना, मंजू बनकोटी, जानकी पोखरिया, यशोदा रावत, कल्पना रावत, रेखा रावत, निर्मला बहुगुणा, कुसुम बोरा, अंजना बोरा, प्रेमा बृजवासी, कमला रौतेला मौजूद रहीं।

## बेरोजगार युवाओं को 15000 तक कौशल प्रशिक्षण कोर्स निशुल्क कराने का आश्वासन, निर्धन परिवारों को विकास से जोड़ेंगे

# गोदावरी ने शिक्षा, रोजगार एवं चहुंमुखी विकास का किया वादा

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** 19 बरीराई क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य पद की निर्दलीय प्रत्याशी गोदावरी देउपा ने कहा कि क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के साथ शिक्षा, रोजगार व नशा मुक्ति अभियान चलाकर क्षेत्र के युवाओं व निर्धन परिवारों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ेंगी। उन्होंने कहा क्षेत्र की जनता अबकी बार बदलाव चाह रही है। उन्हें क्षेत्र की जनता का अपार सहयोग व समर्थन मिल रहा है।



दिनेशपुर के चक्कीमोड़ में नुक्कड़ सभा को संबोधित करतीं जिपंस प्रत्याशी गोदावरी देउपा।

रविवार को चक्कीमोड़ में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए 19 बरीराई क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य निर्दलीय प्रत्याशी गोदावरी देउपा ने कहा विगत 60 वर्षों से क्षेत्र की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। प्रत्येक चुनाव में जनप्रतिनिधि व प्रत्याशी क्षेत्र की भोली भाली जनता से विकास का वादा करते हैं लेकिन चुनाव संपन्न होने के बाद भूल जाते हैं। वह वादा करती हैं कि चुनाव जीतने के बाद हर क्षेत्र में टूटी हुई सड़कों का निर्माण, बिजली, पेयजल, राशन कार्ड, घरों व खेतों में जल भराव की समस्या के लिए पानी निकासी एवं शोकता बनवाने जैसी मूल समस्याओं से लोगों को निजात दिलवाएंगी।

समाजसेवी रोहित सिंह देउपा ने कहा कि कुछ अवसरवादी प्रत्याशी चुनाव प्रचार के साथ क्षेत्र की जनता को तरह-तरह के प्रलोभन देकर वोट मांग रहे हैं। मतदाताओं को समझना होगा कि शराब व मीट व अन्य प्रलोभन देने वाला भविष्य में विकास नहीं कर सकता है। उनकी एक इच्छा है कि वह अपने कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में 15000/- तक के कौशल प्रशिक्षण कोर्स मुफ्त में करवाएं। जिससे क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के लिए दर-दर नहीं भटकना पड़ेगा। समाजसेवी विमला रौथाण ने कहा कि क्षेत्र की जनता बदलाव तो चाह रही है, लेकिन कुछ राजनीतिक दल के नेता व प्रत्याशी जनता को विकास से जोड़ने के बजाय विनाश की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र की जनता से शिक्षित प्रत्याशी गोदावरी देउपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। संचालन सुमन रावत ने किया। इस मौके पर समाजसेवी कुंवर सिंह देउपा, रुक्मणी दानू, कमला पांडे, जितेंद्र सिंह, नंदनी कुमारी, गीता बिष्ट, नंदी देउपा, मोहनी नयाल, हेमा बिष्ट, मालती जोशी, नरेंद्र सिंह रौथाण, सचिन बिष्ट, मनोज नयाल, बलवंत सिंह देउपा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


पौधरोपण के दौरान मौजूद कायस्थ महासभा के सदस्य। ● अमृत विचार

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने किया पौधरोपण

**हल्द्वानी :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से सैनिक फार्म संजय वन में आनंदी माता मंदिर में पौधेरोपण किया गया। साथ ही पौधरोपण का महत्व बताया गया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव एवं रमेश कुमार सिन्हा, ऊधम सिंह नगर अध्यक्ष अनूप दत्ता, कमल सक्सेना, कमल श्रीवास्तव, ब्रह्मम श्रीवास्तव, आमोद सक्सेना, जीआर भटनागर, नीरज सक्सेना, नैनीताल अध्यक्ष नीरज माथुर, आशीष सक्सेना, मुकेश सक्सेना, रवि शरण, असीम दास, अजय श्रीवास्तव, श्याम सक्सेना मौजूद रहे।


निर्विरोध बीडीसी सदस्य निर्वाचित होने पर प्रमाण पत्र लेते चिराग ठाकुर।

### चिराग निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्वाचित

**भीमताल :** भीमताल विकास खंड की सबसे बड़ी क्षेत्र पंचायत सीट से चिराग ठाकुर निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य चुन लिया गया हैं। यह सीट ओखलढुंगा, पनियामेहता, पनियाबोर और गुमालगांव ग्राम पंचायतों को मिलाकर बनी है। चिराग की यह जीत उन्हें ब्लॉक प्रमुख पद की रेस में एक मजबूत दावेदार बना रही है। चिराग ठाकुर ने अपनी जीत को क्षेत्रवासियों की जीत बताया और कहा कि यह जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और पूरी निष्ठा से सेवा करेंगे। चिराग ने साफ किया कि यदि पार्टी नेतृत्व उन पर भरोसा जताता है तो वे ब्लॉक प्रमुख पद की सीट जीतकर दिखाएंगे। अब सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि पार्टी नेतृत्व किसे प्रमुख पद के लिए समर्थन देता है। चिराग ठाकुर के निर्विरोध चुने जाने से उनकी दावेदारी निश्चित रूप से और मजबूत हो गई है।

# कला प्रदर्शनी व्हाट्स अंडर माई स्किन का दिल्ली में हुआ आगाज

## खुशी खंडेलवाल की सोलो कला प्रदर्शनी में कलाकृतियां की गईं प्रदर्शित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नई दिल्ली में एआईएफएसीएस गैलरी में उभरती कलाकार खुशी खंडेलवाल की सोलो कला प्रदर्शनी 'व्हाट्स अंडर माई स्किन शुरू हो गई। शुक्रवार को उनकी कलाकृतियों की प्रदर्शनी का उद्घाटन समारोह हुआ। खुशी की अद्भुत कलाकृतियां 24 जुलाई तक सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए उपलब्ध हैं।


लोगों को प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देतीं खुशी खंडेलवाल। ● अमृत विचार

व्हाट्स अंडर माई स्किन महज एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि यह कलाकार की आंतरिक चुनौती है, एक ऐसी चुनौती की झलक है, जो कभी-कभी भावनाओं के उस कपटी पहलू से प्रभावित होती है। अपने संग्रह के साथ खुशी ने इस बात पर गौर किया कि किस तरह से परतें चुपचाप उन चीजों, जैसे कि चिंता, नाजुकता और मनोवैज्ञानिक जोखिम की सतह के नीचे घूम रही हैं, जिनके साथ ज्यादातर लोग रहते हैं। खुशी खंडेलवाल ने आगंतुकों के बीच काम पर चर्चा करते हुए कहा कि वह इतने लोगों और इन सभी वास्तविक प्रतिक्रियाओं से बहुत प्रभावित हैं। लोगों को मेरे बनाए उत्पादों से जुड़ते देखना और उन लोगों को कहानियां मेरे साथ साझा करते हुए सुनना, मेरे लिए बहुत भावुक कर देने वाला अनुभव रहा है। कार्यक्रम में कलाप्रेमी, विद्यार्थी, संग्रहकर्ता और आलोचक जैसे विविध समूह शामिल हुए। लोगों को एक ही कैनवास के सामने काफी समय बिताते हुए देखा गया। यदि कोई इसका एक अंश लेने के लिए इच्छुक है तो मूल कृतियां और चयनित प्रिंट बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

### कई वैश्विक कार्यक्रमों में कर चुकी हैं प्रतिभाग, मिले सम्मान

खुशी खंडेलवाल (20) उभरती हुईं कलाकार हैं, जो सिंगापुर के लासाले कॉलेज ऑफ आर्ट्स से फाइन आर्ट्स में बीए (ऑनर्स) की पढ़ाई कर रही हैं। उनकी कलात्मक कला मिश्रित माध्यमों और स्थापना के माध्यम से स्मृति, भौतिकता और व्यक्तिगत इतिहास के विषयों को अपनाती है। वह सिंगापुर में वर्ष 2024 में आयोजित हुई एवरीथिंग इन बिटवीन और 2025 में आयोजित हुई क्रम्ब्स में भाग ले चुकी हैं। 2023 में वेलहम गर्ल्स स्कूल में कला में उत्कृष्टता के लिए सुरेश खन्ना ट्रॉफी जीती। जिसने कला-निर्माण के रचनात्मक कार्य के प्रति उनकी दिशा और प्रतिबद्धता को मान्यता दी और कला में उत्कृष्टता के लिए एक स्थान प्रदान किया।


खटीमा में मिठाई की दुकान में सैंपलिंग करवातीं फूड इंस्पेक्टर।

# ग्राहक ने बासी मिठाई बेचने पर किया हंगामा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** सितारगंज रोड स्थित एक मिठाई की दुकान पर बासी मिठाई बेचने पर हुए हंगामे पर ग्राहक ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी। वीडियो वायरल होते ही तमाम संगठनों ने पहुंचकर हंगामा किया। बाद में फूड इंस्पेक्टर द्वारा सैंपलिंग करने के बाद मामला शांत हुआ।

शनिवार को खरीदी गई मिठाई को लेकर दुकान पर पहुंचे एक ग्राहक ने जब दुकान स्वामी से कहा कि कल शाम को दुकान से जो मिठाई खरीदी थी वह बासी है और उसमें फंफूद लगा हुआ है। जिसको लेकर दुकानदार और ग्राहक में नोकझोंक हो गई। जिसकी वीडियो बना ग्राहक ने फेसबुक पर वायरल कर दी। इसके बाद कई हिंदूवादी संगठनों ने दुकान पर पहुंचकर इसका विरोध किया तो पुलिस ने दुकान को बंद करा दिया। शिकायत पर फूड इंस्पेक्टर आशा आर्या और तहसीलदार वीरेंद्र सजवान भी दुकान पर पहुंचे जहां खाद्य विभाग की टीम ने मिठाई के सैंपल भरे और जांच के लिए लैब भेज दिया। फूड इंस्पेक्टर आशा आर्या ने बताया कि मिठाई के सैंपल लिए गए है जो जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। विरोध करने वालों में रनदीप पोखरिया, दीपक भट्ट, रोहित, प्रवीण कंसल शामिल रहे।

# रिसॉर्ट पर कब्जा करने के प्रयास का आरोप

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** एक रिसॉर्ट स्वामी ने कुछ लोगों पर उनके अमगढ़ी स्थित एक रिसॉर्ट पर कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि शनिवार को इन लोगों ने रिसॉर्ट के सीसीटीवी कैमरे तोड़ते हुए डीवीआर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस रिसॉर्ट पर कब्जा करने का यह छठा प्रयास था। रिसॉर्ट मालिक ने स्थानीय पुलिस पर अनदेखी का आरोप लगाया है।

रिसॉर्ट स्वामी आलोक नंदा का गांव अमगढ़ी में नैनो स्पा और रिसॉर्ट के पास एक रिसॉर्ट है। आलोक के अनुसार, साल 2023 में उन्होंने दो व्यक्तियों के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौता किया था, जोकि सितंबर 2024 में कानूनी रूप से समाप्त हो गया। आरोप है कि समझौता समाप्ति के बाद दोनों व्यक्ति उनकी संपत्ति पर जबरन कब्जा करने के बार-बार अवैध प्रयास कर रहे हैं।

एक बार फिर इन लोगों ने संपत्ति की बाउंड्री फेंस तोड़कर अवैध रूप से प्रवेश किया। 112 पर फोन करने के बाद भी पुलिस दो घंटे बाद पहुंची। आलोक ने मामले में पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उधर, इस मामले में दूसरे पक्ष के बाहर होने पर उसका पक्ष नहीं मिल पाया था।

# रोटर ब्लेड के केबल से टकराने पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ था हेलीकॉप्टर

- एएआईबी की रिपोर्ट में हुआ खुलासा, छह लोगों की हुई थी हादसे में मौत

मुख्य संवाददाता, नयी दिल्ली/देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बीती मई में हुए हेलीकॉप्टर हादसे की प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि उसका मुख्य रोटर ब्लेड ऊपर से गुजर रही फाइबर केबल से टकराया था जिसके बाद हेलीकॉप्टर पहाड़ी से नीचे गिरकर एक पेड़ से अटक गया था। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी।

विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने बताया कि जांच दल दुर्घटना के मूल कारण का पता लगाने के लिए आगे की कार्रवाई कर रहा है। एयरोट्रांस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित 17 साल पुराना बेल 407 हेलीकॉप्टर आठ मई को उड़ान भरने के 24 मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हेलीकॉप्टर में छह यात्री सवार थे। इस दुर्घटना में पायलट और पांच यात्रियों की मौत हो गई, जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। एएआईबी ने कहा कि आठ मई को सुबह आठ बजकर 11 मिनट पर खरसाली हेलीपैड से उड़ान भरने के बाद हेलीकॉप्टर दुर्घटना में नष्ट हो गया था लेकिन उसमें आग नहीं लगी। यह दुर्घटना उत्तरकाशी के गंगनानी में सुबह आठ बजकर 35 मिनट पर हुई थी। एएआईबी ने अपनी पांच पन्नों की रिपोर्ट में कहा कि हेलीकॉप्टर ने अपनी निर्धारित ऊंचाई से नीचे उतरने से पहले 20 मिनट तक उड़ान भरी।

रिपोर्ट में कहा गया है, पायलट ने उत्तरकाशी में गंगनानी के पास उत्तरकाशी-गंगोत्री रोड (एनएच 34) पर उतरने का प्रयास किया। इस प्रयास के दौरान हेलीकॉप्टर का मुख्य रोटर ब्लेड सड़क के समानांतर लगाई गई ओवरहेड फाइबर केबल से टकरा गया। इसमें कहा गया, इससे सड़क किनारे लगे धातु के कुछ अवरोधक भी क्षतिग्रस्त हो गए। हेलीकॉप्टर हालांकि उतर नहीं सका और पहाड़ी से नीचे लुढ़क गया। अंततः यह लगभग 250 फीट गहरी खाई में एक पेड़ से टकराकर अटक गया। रोल्स रॉयस इंजन द्वारा चालित इस हेलीकॉप्टर का निर्माण वर्ष 2008 में हुआ था। अमेरिकी राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड और कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने जांच के लिए मान्यता प्राप्त प्रतिनिधियों और तकनीकी सलाहकारों की नियुक्ति की है।



संत समागम में प्रवचन देतीं प्रचारक। ● अमृत विचार

# संत निरंकारी सत्संग भवन में हुआ महिला संत समागम

संवाददाता, हल्द्वानी/भवाली

**अमृत विचार :** संत निरंकारी सत्संग भवन भवाली में महिला संत समागम हुआ। इसमें नैनीताल जोन की सभी ब्रांचों से महिलाओं ने सतगुरु के संदेश का श्रवण किया।

समागम में गढ़वाल से आई प्रचारक बहन नीलम नेगी ने सभी को सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के वचनों को मानकर आगे बढ़ते चले जाना है। हर स्तर पर नारी जाति के उत्थान के लिए भले ही सिलाई-कढ़ाई, सामज सेवा, घरेलू संस्कारों पर आधारित आध्यात्मिक भावों को हृदय में गुरमत के आधार पर बसाना है। काशीपुर शाखा की रीटा की देखरेख में बहनों ने सुंदर कार्यक्रम पेश किया। अंत में जोनल इंचार्ज जसविंदर सिंह ने सभी का आभार जताया। अंत में सभी ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया।

### आबादी में घुसे मगरमच्छ को किया रेस्क्यू

**खटीमा :** इस्लामनगर में ईदगाह के पास नाले से लगी आबादी छेत्र में मगरमच्छ के आ जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। उन्होंने घटना की जानकारी तत्काल खटीमा रेंज के रेंजर जीवन चंद्र उप्रेती को दी। वन दरोगा उत्तम सिंह राणा ने टीम के साथ मगरमच्छ को बमुश्किल पकड़ सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

## वर्ग पहेली-39

**बाएं से दाएं**

1.1. थन या स्तन पर होने वाला फोड़ा 2. गुबरैला जाति का कीड़ा।

2.1. एक काला खनिज पदार्थ जो आग जलाने और बिजली उत्पन्न करने के काम आता है 2. लकड़ी के जल चुकने के बाद बचा काले रंग का ठोस अंश जो आग जलाने के काम आता है।

5. जिसका कोई नियम न हो, अनियमित, जो नियम विरुद्ध हो, सिद्धांतहीन।

6.1. स्त्रियों द्वारा पहना जाने वाला वह पहनावा जो शरीर के ऊपरी भाग (वक्षस्थल) को ढंकने के लिए प्रयुक्त होता था तथा जिसमें नीचे की ओर लगी हुई तनियां या बंद पीठ की ओर खींचकर बांधे जाते थे, अंगिया की तरह का स्त्रियों का एक पहनावा 2. अंगरखे आदि का वह ऊपरी भाग जिसमें बंद लगे रहते हैं 3. साधु-संतों आदि के पहनने का छोटा चोला। (मु.) -दामन का साथ : अभिन्न

7. एक प्रकार का पौधा जिसकी पत्तियां दवा बनाने में प्रयुक्त होती हैं, भारंगी।

8.1. प्रतिध्वनि करने वाला 2. प्रतिध्वनिमूलक 3. गुंजायमान, गूंज पैदा करने वाला।


9.1. चटनी

**ऊपर से नीचे**

2. नीले फूलों वाली एक वनस्पति जो पुरानी झीलों या तालाबों में उगती है, नीली कुमुदिनी।

3. ज्यादा समय तक पानी में रहने के कारण पैरों में उत्पन्न होने वाला खुजली का रोग।

4. खंजन के आकार की एक चिड़िया।



### वर्ग पहेली -38 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 आँ | ग | न | | 2 चां | | 3 तो |
| गु | | | 4 गुं | डा | शा | ही |
| ल | | 5 दे | | लि | | न |
| | 6 सा | व | धा | नी | | |
| | | वा | | | 7 प | |
| 8 ए | का | द | शी | | शु | |
| | | | | 9 ख़ि | ता | बी |

## सुडोकू -45

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 8 | | |
| | | 1 | 5 | | | | | 7 |
| | 3 | | | 8 | | 9 | | 4 |
| | | 5 | 2 | | | 7 | | 8 |
| | 8 | | | | | | 9 | |
| 2 | | 9 | | | 6 | 1 | | |
| 7 | | 3 | | 9 | | | 8 | |
| | | | | | 1 | 5 | | |
| | | 6 | | | | 3 | | |

### सुडोकू - 44 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 7 | 9 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 2 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 9 | 5 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 | 3 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 जुलाई, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, एकादशी-09 .38 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- वर्षा।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-रोहिणी 09 .07 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष:** आज आय में कमी होने के कारण थोड़ा तनाव हो सकता है। गलतफहमी के कारण आपके संबंधों में खराबी आ सकती है। संतान की परवरिश पर आपको ध्यान देना चाहिए। मौसम में बदलाव के कारण बुखार और सर्दी होने की संभावना है।

**वृष:** आज आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। अपनी योग्यता और प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। रुके हुए काम आसानी से बन जायेंगे। आज आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। सभी काम निर्विघ्न रूप से पूर्ण हो जायेंगे।

**मिथुन:** आज आपका स्वास्थ्य कमजोर रहने वाला है। नये संबंधों को लेकर परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त समय देना पड़ सकता है। अपने लोगों के साथ प्रतिस्पर्धा न करें। कारोबार में बदलाव करने से बचें। क्रोधी व्यवहार पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:** आज समाज में आपको प्रसिद्धि मिलेगी। सरकारी अधिकारियों की मदद से जरूरी काम समय पर हो जायेंगे। इस कारण आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में धन खर्च होगा। विद्वान जनों के साथ आपके संपर्क बनेंगे।

**सिंह:** आज कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त ध्यान देना पड़ेगा। घर में अनुशासन की कमी रहेगी। काम समय पर न होने से अशान्ति होगी। कानूनी विवाद आपके पक्ष में हल हो सकते हैं। सम्पत्ति को लेकर बड़े अनुबन्ध होने के योग बन रहे हैं।

**कन्या:** आज उच्च अधिकारी आपके काम में हस्तक्षेप कर सकते हैं। परिजनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। दूसरों की आलोचनाओं से आपको दुखी नहीं होना चाहिए। आलस्य के कारण आपको नसों में खिंचाव की समस्या हो सकती है। दूसरों के भरोसे न रहें।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में अशांति का वातावरण रहेगा। पेट में गैस और जलन की समस्या हो सकती है। पेपरवर्क आदि को लेकर परेशानी होगी। मीडिया से जुड़े लोगों को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आपको आलोचना झेलनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक:** आज कार्यक्षेत्र में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अपनों से बड़ों का आदर करें। काम की अधिकता के कारण आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। अपने काम करने के तरीके में आपको बदलाव करना पड़ेगा।

**धनु:** आज धन के लेन-देन में चूक, परेशानी का कारण बन सकती है। महिलाओं को इलाज में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। दूर के स्थान की यात्रा हो सकती है। नौकरी में विवाद शान्त होंगे। परिवार में बुजुर्गों का सहयोग मिलेगा।

**मकर:** आज आपकी आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग के साथ आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए। लोहा कारोबारियों के लिये दिन बहुत अच्छा है। नौकरीपेशा व्यक्तियों का स्थानांतरण हो सकता है।

**कुंभ:** आज अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। मानसिक थकान का अनुभव करेंगे। इसीलिए आपको आज आराम करना चाहिए। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। सुख-सुविधाओं में कमी आयेगी।

**मीन:** आज कारोबार को लेकर शुभ समाचार मिल सकते हैं। विद्वानों के साथ बैठकर चर्चा करेंगे। अपनी संगत का ध्यान रखें। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। प्रेम संबंधों को आप काफी समय देंगे।

# छात्र संघ चुनावों में प्रतिभाग करेगा संगठन

## उत्तराखंड छात्र संगठन ने की बैठक, कई मुद्दों पर की चर्चा, शिक्षा के बाजारीकरण का आरोप भी लगाया


अल्मोड़ा में उछास की बैठक में मौजूद सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** उत्तराखंड छात्र संगठन की ओर से रविवार को आयोजित बैठक में दावा किया कि पूरे राज्य में क्लस्टर योजना के तहत माध्यमिक विद्यालय बंद करने की तैयारी की जा रही है। अगर ऐसा है तो संगठन इसका विरोध करेगा। संगठन ने सरकार से इस फैसले पर विचार करने की अपील की है।

माल रोड स्थित उपपा कार्यालय में आयोजित बैठक में उत्तराखंड छात्र संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले समय में शिक्षा के बाजारीकरण और विश्वविद्यालयों में शिक्षा की हालत के विरुद्ध संगठन आंदोलन करेगा और छात्र संघ चुनावों में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भावना पांडे ने कहा कि क्लस्टर विद्यालयों के बनने से बालिकाओं की शिक्षा पर गहरा असर पड़ेगा और हजारों शिक्षकों के पद निरस्त किए जाएंगे और इस तरह शिक्षा का बाजारीकरण करने की तैयारी की जा रही है। आरोप लगाया कि रोजगार को पूरी तरह समाप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह केवल छात्रों की ही नहीं बल्कि पूरे समाज की समस्या है, जिसके लिए सरकार को फिर से विचार करने की आवश्यकता है। इस दौरान सोनी मेहता, भारतेंदू भाकुनी, हेमा, जया साह समेत आदि मौजूद रहे।


अल्मोड़ा नगर निगम में मासिक बैठक के दौरान मौजूद डे-केयर संस्था के सदस्य। ● अमृत विचार

# शौचालय का कार्य पूरा नहीं होने पर रोष

- डे-केयर संस्था की बैठक में तमाम समस्याओं पर चर्चा
- नगर में बढ़ते बंदरों के आतंक से निजात की भी मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** डे-केयर संस्था की रविवार को मासिक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं, संस्था ने एक साल बाद भी महिला शौचालय का निर्माण पूरा नहीं होने पर नाराजगी जताई।

नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में सदस्यों ने कहा कि शहर में बंदरों का लगातार आतंक बढ़ रहा है। बंदरों के आतंक के चलते बच्चों का अकेले स्कूल जाना भी दूभर हो गया है। सदस्यों ने बंदरों के आतंक से निजात दिलाने, महिला शौचालय का निर्माण जल्द पूरा करने, नगर में सफाई व्यवस्था दुरस्थ करने, मुख्य बाजार में दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने समेत कई समस्याओं के समाधाम ने की मांग उठाई। यहां बैठक में आनंद सिंह बगडवाल, पीएस सत्याल, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, शांति साह, डॉ. गोकुल सिंह रावत, सुनयना मेहरा, गजेंद्र सिह नेगी, तारा चंद्र साह, नरेंद्र सिंह नेगी, मनोहर सिह नेगी, मदन सिंह मेर, तारा ऐठानी, मोहन सिंह नयाल, डॉ. जेसी दुर्गापाल, हेम चंद्र जोशी, एमसी कांडपाल, गिरीश जोशी, ललित मोहन पंत, शंकर दत्त भट्ट, डॉ. अरुण पंत, पुष्पा कैड़ा, बालादत्त कांडपाल, विपिन जोशी, भगीरथ पांडे, आशा कर्नाटक, आशा पंत, रमेश पंत, देवेंद्र अग्निहोत्री, पुष्पा सती, सोनी जोशी, चंद्रमणी भट्ट आदि रहे।

## वाहन में शराब ला रहे चालक को बदमाशों ने पीटा

**अल्मोड़ा, अमृत विचारः** अल्मोड़ा से वाहन में शराब लेकर गनाई जा रहे वाहन चालक को कुछ अज्ञातों ने घेरकर जमकर पिटाई कर दी। घटना में चालक को गंभीर चोटे आई है। चालक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार धर्मेंद्र सिंह नेगी, निवासी रामगढ़ जिला नैनीताल ने द्वाराहाट थाने में तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि वह बीते शुक्रवार को अल्मोड़ा से शराब लेकर गनाई की ओर निकला था। इतने में द्वाराहाट के पास कुछ अज्ञात युवकों ने उसे रोक लिया। रोकने का कारण पूछने पर आरोपी गाली-गलौज पर उतर आए। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसके ऊपर एकाएक वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

वहीं, आरोपी मौके से फरार हो गए। इधर, पीड़ित चालक ने द्वाराहाट थाने में तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग उठाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नौलों के संरक्षण को आगे आने की अपील


धूणी मंदिर वार्ड में रविवार को नौले की सफाई करते पार्षद व हिसालू संस्था के सदस्य।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में नौलों के संरक्षण और संवर्धन को लेकर अभियान जारी है। रविवार को अभियान के तहत नगर के धूणी मंदिर वार्ड में स्थापित नौले की साफ-सफाई कर लोगों को जागरूक किया।

नगर निगम पार्षद और हिसालू संस्था की ओर से नगर के प्राकृतिक नौलों के संरक्षण को अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत हर रविवार को एक नौले को चिह्नित कर उसकी सफाई की जाती है। सप्ताह भर तक फिर लोगों को उसके संरक्षण के लिए जागरूक किया जाता है। जिससे की विल्पुत हो रहे नौलों को फिर से नवजीवन मिल सके। पार्षद अमित साह मोनू ने बताया कि अब इस मुहिम में स्थानीय लोग भी बढ़-चढ़कर भागीदारी करने लगे हैं। उम्मीद है कि इन नौलों को फिर से नवजीवन मिल सकेगा और भविष्य में यह पेयजल का मुख्य स्रोत बनेंगे। यहां पार्षद मीरा मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, अभिषेक जोशी, जगमोहन बिष्ट, कृष्णा सिंह, आशीष गुरुरानी, नीरज मिश्रा, आयुष आदि मौजूद रहे।

# विरोधी देशों के उत्पादों का पूर्ण बहिष्कार करने की जरूरत

- अल्मोड़ा में स्वदेशी जागरण मंच ने प्रेस वार्ता की
- आगामी दस अगस्त से अभियान को लेकर दी जानकारी

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा में प्रेस वार्ता करते स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** पहलगाम हमले के बाद से भारत विरोधी देशों की पोल खुलकर सामने आई है। यह वहीं देश हैं जिनके उत्पादों को हम हर जगह इस्तेमाल करते हैं। आज हमें इन विरोधी देशों के उत्पादों का पूर्ण बहिष्कार करने की जरूरत हैं। यह बात अल्मोड़ा में प्रेस वार्ता के दौरान अखिल भारतीय समन्वयक स्वदेशी जागरण मंच राजीव कुमार ने कही।

रविवार को नगर के एक होटल सभागार में हुई प्रेस वार्ता के दौरान स्वदेशी जागरण मंच राजीव कुमार ने कहा कि आज लोगों को विदेशी उत्पादों के बजाय स्थानीय उत्पादों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का साथ देने वाले अमेरिका, चीन, टर्की से आने वाले उत्पादों को हमें पूर्ण बहिष्कार करने की आवश्यकता है। इससे हमारे उत्पादों को बाजार मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि स्वदेशी उत्पादों की ताकत कोरोना काल में दिखी है। कहा कि जल्द स्वदेशी जागरण मंच अल्मोड़ा सहित हर जिले में स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान शुरू करेगा। बताया कि आगामी 10 अगस्त से घर-घर इसका प्रचार किया जाएगा। यहां प्रेस वार्ता में मेयर अजय वर्मा, सज्जन लाल टम्टा, पदम शर्मा, नितिन जोशी समेत अन्य मौजूद रहे।

# प्रत्याशी घर-घर जाकर कर रहे हैं लोगों से संपर्क

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** पंचायत चुनाव को लेकर गांव घरों में प्रत्याशी व्यक्तिगत संपर्क के साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों से प्रचार में जुटे हैं। चुनाव पंचायत स्तर के चल रहे हैं परंतु कई प्रत्याशी गांव में सड़क व स्कूल निर्माण समेत प्रत्येक युवा को रोजगार की बात कर रहे हैं।

चुनाव निशान मिलने के बाद चुनाव प्रचार तेज हो गया है प्रत्याशी व उनके समर्थक दिन में मतदाताओं से संपर्क करके गांव व क्षेत्र के विकास की बात कर रहे हैं। कई प्रत्याशियों द्वारा लोक-लुभावन वादे किए जा रहे हैं। कुछ की बातें सुनकर लग नहीं रहा है कि वे पंचायत का चुनाव लड़ रहे हैं। इसे उनकी अज्ञानता ही कहेंगे कि वे जीतते ही गांव के लिए लिफ्टिंग पेयजल योजना, कई किमी सड़क का कटान व लाखों रुपयों के लागत से पेयजल लाइन बनाना, गांव में अस्पताल व स्कूलों के निर्माण जैसी बात कर रहे हैं जो कि जागरूक मतदाताओं के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

### एक प्रत्याशी का चल रहा अंग्रेजी में प्रचार

चुनाव में करासीबूंगा सीट से जिपं प्रत्याशी नवीन भट्ट का वीडियो भी काफी वायरल हो रहा है। जहां अन्य प्रत्याशी आम भाषा में चुनाव प्रचार कर रहे हैं वहीं नवीन भट्ट हिंदी के साथ ही पृथक से अंग्रेजी में भी प्रचार कर रहे हैं। नवीन का कहना है कि विपक्षी उनको अनपढ़ बताकर अपने पक्ष में लेने में लगे हैं जिस पर वे अंग्रेजी में भी प्रचार कर रहे हैं।


लोहाघाट में तीज महोत्सव के दौरान प्रतिभाग करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## आइटीबीपी 36वीं वाहिनी में तीज महोत्सव, निधि बनीं मिस तीज

**लोहाघाट, अमृत विचार :** आइटीबीपी 36वीं वाहिनी परिसर में हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आयोजित हरियाली तीज क्वीन प्रतियोगिता में निधि पारीक मिस तीज का खिताब दिया गया। कमांडेंट संजय कुमार के दिशा निर्देशन में मुख्य अतिथि हिमवीर वाईव्ज वेलफेयर एसोसिएशन की चीफ पैट्रन अनुराधा सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महोत्सव में मेहंदी, रेप वाक, डांस आदि प्रतियोगिताओं के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर हुई तीज क्वीन प्रतियोगिता में निधि पारीक तीज क्वीन बनी। द्वितीय रनर अप रंजनी और प्रथम रनर अप रेनू गोस्वामी रहीं। चीफ पैट्रन अनुराधा सिंह ने सभी विजेताओं को ताज पहना कर सम्मानित किया। महोत्सव में हिमवीर परिवार की महिलाओं और वीरांगनाओं ने भाग लिया। महोत्सव में झूला, सेल्फी प्वाइंट के अलावा हस्तशिल्प से बने सामान की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस मौके पर ज्योति सूबे, रेखा, सारा, स्वाती, डा. सुरभि, डा. असरा बेतूनसना सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रहीं।

# पूर्व दर्जा राज्य मंत्री नरेंद्र रौतेला का हुआ निधन

सवाददाता, रानीखेत


नरेंद्र रौतेला (फाइल)।

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पत्रकार, भाजपा नेता और राज्य आंदोलनकारी नरेंद्र रौतेला का उपचार के दौरान शनिवार को दिल्ली में निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर रविवार को रानीखेत लाया गया। जहां मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हुआ। उनके पुत्रों ने उनको मुखाग्नि दी।

कुछ ही दिन पूर्व रौतेला का स्वास्थ्य बिगड़ गया था। परिजन उन्हें निजी चिकित्सालय में ले गए जहां उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली के लिए रेफर किया गया। दिल्ली जाते समय रास्ते में उनका देहांत हो गया। उन्होंने 80 के दशक में कई समाचार पत्रों में सेवा दी। शराब नशाबंदी के लिए आंदोलन चलाया। कुछ समय कांग्रेस में रहने के बाद वे भाजपा में शामिल हो गए थे और उन्हें दर्जा राज्य मंत्री का दायित्व मिला था।

शव यात्रा में क्षेत्रीय विधायक प्रमोद नैनवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख हीरा रावत, एनयूजे के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश जोशी, मोहन नेगी, गिरीश भगत, दिनेश तिवारी, मुकेश फर्तियाल, आनंद रावत, शेर सिंह, कैलाश पांडे, गोपाल देव, चंदन बिष्ट आदि शामिल रहे।



टनकपुर के एमडीएम स्कूल में बच्चों को जागरूक करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

## विधिक शिविर में स्कूली बच्चों को दी महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी

**टनकपुर, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में एमडीएम पब्लिक स्कूल टनकपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शुगर से पीड़ित छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। प्राधिकरण के सचिव भवदीप रावते के निर्देश पर एमडीएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य सुनीता चन्द की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पीएलवी अर्जुन सिंह ने प्लान ऑफ एक्शन के तहत नालसा एसिडिटी से पीड़ित लोगों के लिए विधिक सहायता योजना 2016 और क्रिमिनल अमेंडमेंट एक्ट 2013 के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पीएलवी विजेंद्र अग्रवाल ने पर्यावरण संरक्षण और दिव्यांगों को अधिकारों के बारे में जानकारी दी। पीएलवी शमशाद बानो ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न और पोक्सो एक्ट 2012 के प्रावधानों के बारे में अवगत कराया। पीएलवी हरिप्रिया जोशी ने जेनेरिक दवा पर विस्तार से प्रकाश डाला और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में सस्ती कीमतों पर उपलब्ध दवाई का प्रयोग करने का आग्रह किया। शिविर में किरन जोशी, अजहर अली, रितु महर, अर्चना, पूजा जोशी, सुनीता, भागीरथी बोहरा, मुन्नी जोशी मौजूद रहे।

# हादसों में चार लोगों की हुई मौत, 10 घायल

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** विभिन्न हादसों में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 10 लोग घायल हो गए।

उत्तरकाशी में रविवार सुबह तहसील डुंडा के तहत ग्राम पैणी-भवान मोटर मार्ग पर एक वाहन खाई में गिर गया। हादसे में वाहन चालक इंद्रपाल परमार निवासी उत्तरकाशी की मौत हो गई। रविवार तड़के भूराहेड़ी (पुरकाजी) के पास एक बाइक और स्कूटी में आमने-सामने की टक्कर में गांव सुनहरा, गंगनहर निवासी कांवड़िये शिवम पुत्र बबलू की मौत हो गई जबकि उसका भाई अमित और साथी दीपक घायल हो गए।

मसूरी के भट्टाफाल में एक कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में गाड़ी में सवार पांच पर्यटक घायल हो गए। रुद्रप्रयाग में रविवार दोपहर रुद्रप्रयाग-चौपड़ा मार्ग पर एक बोलेरो खाई में गिर गया। हादसे में रुद्रप्रयाग निवासी संजय सिंह की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया।

वहीं जोशीमठ में एक श्रद्धालु की खाई में गिरकर मौत हो गई। अमृतसर के काले गांव का निवासी गुरप्रीत सिंह (18) हेमकुंड साहिब की यात्रा पर जाते समय पुलना गोविन्द घाट के समीप पैर फिसलने के कारण गहरी खाई में जा गिरा था। वहीं, जोशीमठ में ही पहाड़ी से पत्थर गिरने से उसकी चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

## भारत-नेपाल सीमा पर 2.70 लाख बरामद

**देहरादून, अमृत विचारः** बनबसा में भारत-नेपाल सीमा पर निर्धारित मात्रा से अधिक धनराशि बरामद हुई है। एसपी चम्पावत अजय गणपति ने बताया कि बनबसा पुलिस की ओर से रविवार को भारत नेपाल-सीमा से सटे शारदा बैराज पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर बनबसा थाना प्रभारी सुरेंद्र कोरंगा एवं एसओजी प्रभारी लक्ष्मण सिंह जगवाण की अगुवाई में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक कार की जांच की गई तो उसमें सवार दो लोगों चन्द्र प्रकाश गंगवार निवासी बिलसंडा पीलीभीत एवं निर्भय कुमार निवासी बिसलपुर, पीलीभीत से 2.70 लाख रुपये बरामद हुए। पूछताछ में दोनों कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और न ही कोई प्रपत्र प्रस्तुत कर पाए। टीम ने धनराशि सीज कर ली है।

चेतावनी

चम्पावत में मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण संपन्न, निष्पक्ष व नशामुक्त चुनाव पर विशेष जोर, जिलाधिकारी ने कार्मिकों से पूर्व के अनुभव किए साझा

# चुनाव ड्यूटी के दौरान नशे में पाए जाने पर होगी शून्य सहनशीलता

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचारः** जनपद चम्पावत में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को गोरलचौड़ मैदान स्थित राजकीय प्रेक्षागृह में विकासखंड चम्पावत के लिए तैनात सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट, पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों (प्रथम से चतुर्थ) का एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें कुल 360 मतदान कार्मिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मनीष कुमार ने की।



चम्पावत में मतदान पेटी का निरीक्षण करते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

डीएम ने कहा कि चुनाव की निष्पक्षता केवल प्रक्रिया भर नहीं, बल्कि यह प्रत्येक मतदान कार्मिक की व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने मतदान कार्मिकों से पूर्व के अनुभव साझा करने, व्यवहारिक परिस्थितियों के लिए स्वयं को तैयार रखने तथा सहकर्मियों के साथ सामूहिक तैयारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन किया जाए और मतदाताओं के अधिकारों की गोपनीयता एवं सम्मान हर हाल में सुनिश्चित हो।

कुमार ने प्रशिक्षण में विशेष रूप से यह भी हिदायत दी कि कोई भी व्यक्ति निर्वाचन ड्यूटी के दौरान मदिरा या किसी अन्य प्रकार के नशे का सेवन न करे। यदि कोई भी कार्मिक ड्यूटी के समय नशे की हालत में पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनरों द्वारा निर्वाचन की समस्त प्रक्रियाओं जैसे बैलेट बॉक्स की सीलिंग, मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति, मतदाता की पहचान की पुष्टि, पीठासीन अधिकारी की डायरी, मतपत्र लेखा, पेपर सील लेखा, सुभिन्नक मुहर आदि पर विस्तार से जानकारी दी गई। मतदान उपरांत सामग्री की सीलिंग, दस्तावेजों की सुरक्षित संधारण तथा संग्रह केंद्र तक सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने संबंधी विषयों को भी बारीकी से समझाया गया। इस अवसर पर सीडीओ डॉ. जीएस खाती, सीईओ मेहरबान सिंह बिष्ट, खंड विकास अधिकारी अशोक अधिकारी, मास्टर ट्रेनर डॉ. एम.पी. जोशी, प्रकाश उपाध्याय, जीवन कलौनी आदि मौजूद रहे।

### अतिरिक्त मतदान केंद्र को आयोग की स्वीकृति

**टनकपुर :** जनपद चम्पावत में त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन-2025 की तैयारियों के क्रम में एक अहम निर्णय लेते हुए ग्राम पंचायत पोथ चम्पावत के वार्ड संख्या-3 के लिए राजकीय प्राथमिक विद्यालय फुरकियाझाला में एक अतिरिक्त मतदान केंद्र की स्थापना के लिए निर्वाचन आयोग से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। यह जानकारी जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मनीष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मानसून काल में आवागमन की संभावित कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित यह अतिरिक्त मतदान स्थल मतदाताओं की सुविधा एवं निर्बाध मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीकृत किया गया है। इस स्वीकृति के साथ अब चम्पावत जनपद में कुल मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 335 हो गई है, जबकि मतदान स्थलों की कुल संख्या 395 हो चुकी है। यह विस्तार निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक सुलभ एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# टनकपुर को भी मिली करोड़ों की सौगात

- उत्तराखंड निवेश उत्सव में केंद्रीय गृह मंत्री ने किया शिलान्यास

संवाददाता, चम्पावत/टनकपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य निवेश उत्सव के मौके पर चम्पावत के टनकपुर को 171.54 करोड़ रुपये की पेयजल योजना की सौगात दी है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से इस योजना का शिलान्यास किया गया। टनकपुर वासियों के लिए इसे एक महत्त्वाकांक्षी परियोजना माना जा रहा है। लगभग 171.54 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जा रही इस परियोजना का कार्य उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी की चम्पावत इकाई द्वारा संपादित किया जाएगा। परियोजना का निर्माण लगभग साढ़े तीन वर्ष में हो जाएगा और परियोजना को एक अक्टूबर 2028 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। निर्माण के पश्चात् आने वाले 18 वर्षों तक इसके संचालन और अनुरक्षण की समुचित व्यवस्था भी शासन की ओर से सुनिश्चित की गई है। इससे टनकपुर शहर की लगभग 31,905 जनसंख्या लाभान्वित हो सकेगी।

इसके तहत 70 किलोमीटर लंबी पेयजल लाइन बिछाई जाएगी, 6,388 घरेलू पेयजल कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे, पांच ट्यूब वेल और तीन ओवरहेड टैंक का निर्माण भी किया जाएगा।

# कांग्रेस ने मुस्लिमों को वोट बैंक बनाकर रखा

## वक्फ कानून की आलोचना पर कांग्रेस और अन्य पार्टियों पर केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने किया कटाक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी



● बोले- संसद का काम कानून बनाना, सुप्रीम कोर्ट उसकी सही व्याख्या कर सकता है

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने आरोप लगाया है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम की आलोचना करने वाली कांग्रेस और कुछ अन्य पार्टियों का मूल उद्देश्य मुसलमानों को अपना वोट बैंक बनाकर रखना है। रीजीजू ने कहा कि मोदी सरकार ''किसी का तुष्टीकरण नहीं, सबको न्याय'' में विश्वास करती है।

ऐसे में जब उच्चतम न्यायालय ने मई में वक्फ मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद तीन प्रमुख मुद्दों पर अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया था, रीजीजू ने कहा कि चूंकि मामला उच्चतम न्यायालय में लंबित है, इसलिए वह इस पर अभी कोई पूर्वानुमानात्मक बयान नहीं देंगे। रीजीजू ने कहा, संसद का काम कानून बनाना है। सुप्रीम कोर्ट निश्चित रूप से उसकी सही तरीके से व्याख्या कर सकता है। रीजीजू ने कहा, हमें विश्वास है कि जो कुछ भी हमने किया है, वह कानून, संविधान के प्रावधानों के अनुरूप है। संसद की भूमिका को कोई नहीं छीन सकता। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा नये वक्फ कानून की आलोचना पर उन्होंने कहा, मैं ओवैसी की आलोचना नहीं करना चाहता, क्योंकि उन्होंने वक्फ (संशोधन) अधिनियम का विरोध मजबूरी में किया है। मंत्री ने कहा, कांग्रेस समेत कुछ नेताओं ने मुसलमानों को वोट बैंक की तरह समझा है। जब आप किसी को वोट बैंक बनाना शुरू कर देते हैं, तो आप अतार्किक हो जाते हैं। फिर आप उन्हें एक श्रेणी में रख देते हैं, चाहे अच्छा हो या बुरा, फर्क नहीं पड़ता...। इसलिए, जो लोग वक्फ (संशोधन) विधेयक की आलोचना कर रहे हैं, वे मुसलमानों को गरीब बनाए रखने और उन्हें वोट बैंक बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी सोच इसके विपरीत है। हमारी सोच किसी का तुष्टिकरण नहीं, बल्कि सभी को न्याय देने की है। मंत्री ने कहा कि मुस्लिमों में कई ऐसे लोग, समूह, महिलाएं, बच्चे व पिछड़े समुदाय हैं, जिन्हें वक्फ संपत्तियों से कोई लाभ नहीं मिला है।

### वक्फ संपत्तियों का उपयोग गरीब मुसलमानों के लिए करना उद्देश्य

केंद्रीय मंत्री बोले,जैसा कि आप जानते हैं कि वक्फ की 9,70,000 से ज्दाया संपत्तियां हैं, जिनका उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया जाना चाहिए जिसके लिए वे संपत्तियां बनाई गई थीं। वक्फ (संशोधन) अधिनियम के प्रावधानों के तहत, हमें मुतवल्लियों और वक्फ बोर्ड के माध्यम से मुस्लिम समुदाय, खासकर गरीबों के कल्याण के लिए उचित प्रबंधन करना है। रीजीजू ने कहा, ये (कांग्रेस और कुछ अन्य नेता) जानते हैं कि अगर मुस्लिम समुदाय बेहतर और समृद्ध होगा तो वे ज़्यादा शिक्षित होंगे, उनमें ज़्यादा समझ होगी और वे किसी के लिए मुख्य वोट बैंक नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा, तो, कांग्रेस और कुछ अन्य नेताओं द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक की आलोचना करने का मूल उद्देश्य मुसलमानों को अपना वोट बैंक बनाना और उन्हें हमेशा गरीब बनाए रखना है। उन्होंने कहा, वरना, मुझे एक कारण बताइए कि उन्हें वक्फ (संशोधन) विधेयक का विरोध क्यों करना चाहिए? तार्किक रूप से, वे ऐसा नहीं कर सकते। नए कानून के तहत कलेक्टर को अधिकार देने पर रीजीजू ने कहा, हम नियम बना रहे हैं, अब यह अंतिम चरण में है। किसी भी अधिकारी को अंतिम प्राधिकार नहीं दिया गया है। कुछ अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जा रही है।

# ईडी कोई ड्रोन नहीं, जो आपराधिक गतिविधि देखते ही हमला कर दे



● धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामले पर मद्रास हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

चेन्नई, एजेंसी

मद्रास हाईकोर्ट ने कहा है कि ईडी कोई ड्रोन नहीं है जो अपनी इच्छा से हमला कर दे और न ही वह कोई सुपर कॉप है जो उसके संज्ञान में आने वाली हर चीज की जांच करे। सुपर कॉप से आशय अत्यधिक दक्ष और सफल पुलिस अधिकारी से है। न्यायमूर्ति एमएस रमेश और वी. लक्ष्मीनारायणन की खंडपीठ ने शहर में स्थित आरकेएम पॉवरजेन प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

आरकेएम ने ईडी द्वारा धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामले में उसकी 901 करोड़ की सावधि जमा जब्त करने को चुनौती दी है। ईडी ने छत्तीसगढ़ में बिजली संयंत्र के लिए कोयला ब्लॉक आवंटन को लेकर 2014 में सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी पर यह कार्रवाई की थी। एजेंसी ने 2017 में क्लोजर रिपोर्ट दायर की थी जिसमें कहा था कि उसे कोयला ब्लॉक आवंटन में कोई अनियमितता नहीं मिली। सीबीआई अदालत क्लोजर रिपोर्ट से सहमत नहीं थी और कुछ पहलुओं पर विस्तृत जांच चाहती थी।

### केरल हाईकोर्ट ने जिला न्यायालयों में एआई के उपयोग पर रोक लगाने संबंधी नीति जारी की

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उपयोग नीति जारी की, जिसके तहत जिला न्यायपालिका निर्णय लेने या कानूनी तर्क के लिए ऐसे उपकरणों का उपयोग नहीं कर पाएगी। हाईकोर्ट ने ऐसे सॉफ्टवेयर उपकरणों की बढ़ती उपलब्धता और पहुंच को देखते हुए राज्य की जिला न्यायपालिका के न्यायिक कार्यों में एआई के जिम्मेदारीपूर्वक और सीमित उपयोग के लिए जिला न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उपकरणों के उपयोग संबंधी नीति जारी की है। यह अपनी तरह की पहली नीति है। अदालत ने जिला न्यायपालिका को अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है क्योंकि एआई उपकरणों के उपयोग से नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं, जिनमें निजता के अधिकारों का हनन, डेटा सुरक्षा जोखिम और न्यायिक निर्णय लेने में त्रुटि शामिल है।

## एक नजर

### दिल्लीः भारी मात्रा में यूरिया जब्त, एक पर केस

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी दिल्ली के नरेला इलाके में गोदाम से बिना लाइसेंस के अवैध रूप से भंडारित यूरिया के 1,500 से अधिक बोरे जब्त किए गए हैं। पुलिस ने रविवार को बताया कि उसे 18 जुलाई को यूरिया के अवैध भंडारण के संबंध में सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस जब विशाल बाग स्थित गोदाम में पहुंची तो वहां ताला लगा था। गोदाम मालिक अतुल बंसल ने 19 जुलाई को जब गोदाम खोला तो वहां सफेद और पीले रंग के बोरों में भारी मात्रा में रखी यूरिया मिली।

### असम में 6 करोड़ मूल्य की हेरोइन बरामद, दो गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य के कछार जिले में छह करोड़ से अधिक मूल्य की हेरोइन बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शर्मा ने सोशल मीडिया पर कहा, खुफिया जानकारी पर ढोलाई थाना क्षेत्र के सप्तग्राम इलाके में कछार पुलिस द्वारा मादक पदार्थ रोधी अभियान शुरू किया गया। अभियान के दौरान 6.22 करोड़ मूल्य की 1.22 किलो हेरोइन जब्त की गई।

### एयरहोस्टेस से दुष्कर्म में सहकर्मी गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 23 वर्षीय एयरहोस्टेस के सहकर्मी ने घर पर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने रविवार को बताया कि शिकायत पर पुलिस ने मीरा रोड इलाके में रहने वाले आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

# जानने का अधिकार अति महत्वपूर्ण

नई दिल्ली, एजेंसी

● याचिका दाखिल कर उत्पादों की गुणवत्ता, विक्रेताओं के विवरण की घोषणा की रखी मांग

सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में यह घोषित करने का अनुरोध किया गया कि उपभोक्ताओं को उत्पादों की गुणवत्ता, शुद्धता और प्रमाणीकरण के अलावा वितरकों एवं विक्रेताओं के विवरण के बारे में जानने का अधिकार है ताकि वे अनुचित प्रतिबंधात्मक व्यापार चलन संबंधी अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकें।

याचिका में केंद्र और राज्यों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाने का भी अनुरोध किया गया है कि प्रत्येक वितरक, व्यापारी और दुकान मालिक प्रवेश द्वार पर नाम, पता, फोन नंबर और कर्मचारियों की संख्या समेत पंजीकरण विवरण एक बोर्ड पर मोटे अक्षरों में प्रदर्शित करें। यह याचिका सोमवार को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आएगी। याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर याचिका में कहा गया कि जानने का अधिकार उपभोक्ताओं के लिए अति महत्वपूर्ण है ताकि वे उचित विकल्प चुन सकें तथा अनुचित या प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथाओं एवं बेईमानी से स्वयं को बचा सकें। याचिका में कहा गया है, जानने का अधिकार उपभोक्ताओं को भ्रामक वितरकों, डीलर, व्यापारियों, विक्रेताओं से बचाता है जो गलत जानकारी दे सकते हैं।

## भीगी खुशियों का एहसास



कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रविवार को हुई बारिश के दौरान एक महिला ने मौसम के सुहावने पल का आनंद लिया। बारिश की फुहारों में भीगती यह झलक शहर की भागदौड़ भरी जिंदगी में राहत और सुकून का एहसास कराती है। एजेंसी

### पटना अस्पताल हत्याकांड का मुख्य आरोपी व उसके तीन साथी गिरफ्तार

**पटना।** बिहार पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने पटना अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या के मुख्य आरोपी और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार लोगों में मुख्य आरोपी तौसीफ उर्फ बादशाह और तीन अन्य हैं। इन्हें बिहार और पश्चिम बंगाल की पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार किया और बाद में पटना लाया गया। बिहार पुलिस ने कहा, शस्त्र अधिनियम के मामले में पुलिस द्वारा वांछित आरोपी तौसीफ और उसके तीन अन्य सहयोगियों को बिहार और कोलकाता पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया। पटना के एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा ने कहा कि चारों को पटना की एक अदालत में पेश किया जाएगा और पुलिस हिरासत में पूछताछ के लिए उनकी रिमांड की मांग करेगी।

### आग से झुलसी पीड़िता को विमान से ले गए दिल्ली एम्स

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी जिले में तीन बदमाशों द्वारा आग के हवाले की गई 15 वर्षीय लड़की को रविवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भुनवेश्वर से विमान से दिल्ली ले जाया गया। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने एक्स पर लिखा, पीड़िता को सर्वोत्तम उपचार के लिए विमान से दिल्ली एम्स में ले जाया गया है। राज्य सरकार सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करेगी।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जगमोहन मीणा ने बताया कि मरीज को एम्स भुवनेश्वर से बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक ले जाने के लिए हरित गलियारा बनाया गया और पुलिस की प्लाटून तैनात की गई थी। भुवनेश्वर यातायात डीसीपी तपन मोहंती ने बताया कि एम्स से मरीज विशेष मेडिकल टीम के साथ एम्बुलेंस से हवाई अड्डे पहुंची। हरित गलियारे का मतलब मरीजों को लेकर जा रही एम्बुलेंस के मार्ग से अवराधकों को हटाना है ताकि ये समय में अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।

# हिमाचल प्रदेश में आपदा पर गठित करें विशेष टीम : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



● टीम में एनडीएमए, सीबीआरआई रुड़की, आईआईटीएम पुणे की टीम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता के मद्देनजर स्थिति का आकलन करने को केंद्रीय टीम के गठन का आदेश दिया है। शाह की अध्यक्षता में हाल में हुई बैठक में यह बात सामने आई कि हिमाचल में बादल फटने, बाढ़, भूस्खलन और मूसलाधार बारिश की आवृत्ति एवं तीव्रता में वृद्धि हुई है, जिससे राज्य में जान-माल की हानि, बुनियादी ढांचे और आजीविका को नुकसान हुआ है।

शाह ने स्थिति का आकलन करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) रुड़की, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) पुणे और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर के विशेषज्ञों की एक बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय टीम के गठन का आदेश दिया।

# कृषि मंत्री कोकाटे के गेम खेलने पर विवाद

नागपुर/मुंबई, एजेंसी



● कोकाटे विधानमंडल सत्र के दौरान मोबाइल फोन पर रमी खेलते आए नजर

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे के उस वायरल वीडियो को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है जिसमें वे विधानमंडल सत्र के दौरान अपने मोबाइल फोन पर 'रमी' (ताश के पत्तों का खेल) खेल रहे हैं। विपक्ष ने सरकार पर किसानों के प्रति असंवेदनशील होने का आरोप लगाया है।

कोकाटे ने स्पष्ट किया कि वह अपने मोबाइल फोन पर डाउनलोड किए 'गेम' को हटाने की कोशिश कर रहे थे, जो हाल ही में संपन्न मानसून सत्र के दौरान निचले सदन में हुए कामकाज को समझने के लिए यूट्यूब देखते समय 5 से 10 सेकंड के लिए दिखाई दिया था। राज्य विधानमंडल के उच्च सदन की कार्यवाही स्थगित होने पर वह फोन देख रहे थे। यह वीडियो राकांपा (शरदचंद्र पवार) गुट के विधायक रोहित पवार ने एक्स पर पोस्ट करके उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राकांपा और भाजपा पर निशाना साधा।

पवार ने कहा, सत्तारूढ़ राकांपा गुट भाजपा से सलाह-मशविरा किए बिना काम नहीं कर सकता, यही वजह है कि कृषि से जुड़े कई मुद्दे लंबित होने और राज्य में रोजाना आठ किसानों द्वारा आत्महत्या किए जाने के बावजूद, कृषि मंत्री 'रमी' खेलने में समय बिताते दिखते हैं क्योंकि उनके पास कोई काम नहीं है।कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने भाजपा नीत महायुति सरकार पर किसानों से धोखेबाजी और विश्वासघात करने का आरोप लगाया।

आलोचना का जवाब देते हुए कोकाटे ने कहा, जब राज्य विधानमंडल का ऊपरी सदन स्थगित हुआ, तो मैंने निचले सदन में चल रहे कामकाज को देखने के लिए अपना मोबाइल फोन निकाला और यूट्यूब खोलने की कोशिश कर रहा था। डाउनलोड किया गया गेम अचानक खुल गया, और मैं उसे हटा रहा था। यह सिर्फ पांच से 10 सेकंड का मामला था, लेकिन वह हिस्सा क्यों नहीं दिखाया गया? नासिक जिले के सिन्नर से राकांपा विधायक इससे पहले भी विवादों में रह चुके हैं।

## कारोबार/कृषि

# भारत-अमेरिका वार्ता बदलेगी बाजार की चाल

## तीन दिग्गज कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजों पर प्रतिक्रिया दे सकता हैं निवेशक

नई दिल्ली, एजेंसी



स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह इन्फोसिस व बजाज फाइनेंस जैसी कंपनियों के तिमाही नतीजों, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता से जुड़े घटनाक्रमों व वैश्विक रुझानों से तय होगी। बाजार सोमवार को तीन दिग्गज कंपनियों - रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के तिमाही नतीजों पर प्रतिक्रिया दे सकता है।

देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को जून तिमाही के लिए 26,994 करोड़ का सबसे अधिक तिमाही लाभ दर्ज किया है। यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 78.3% का उछाल है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, सभी की निगाहें चालू तिमाही नतीजों पर हैं। निवेशक सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान सबसे पहले तीन दिग्गज कंपनियों - रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक - के नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे। इसके बाद के सत्रों में, इन्फोसिस, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया सहित कई बड़ी कंपनियां अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। वैश्विक स्तर पर, बाजार भागीदार व्यापार समझौतों से जुड़े घटनाक्रमों पर नजर रखेंगे। इनसे विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह और मुद्रा की चाल को दिशा मिलेगी। एचडीएफसी बैंक ने जून तिमाही के लाभ में 1.31% की गिरावट दर्ज की है। बैंक का शुद्ध लाभ घटकर 16,258 करोड़ रह गया है। आईसीआईसीआई बैंक का लाभ पहली तिमाही में 15.9% की वृद्धि के साथ 13,558 करोड़ रुपये रहा है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ व मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख- संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने भी यही बात दोहराई।

### एफपीआई ने बाजार से निकाले 5,524 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई में भारतीय शेयर बाजार से 5,524 करोड़ रुपये निकाले हैं। अमेरिका-भारत के बीच व्यापार को लेकर जारी तनाव तथा कंपनियों के मिले-जुले तिमाही नतीजों के बीच एफपीआई शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं। इससे पिछले तीन माह के दौरान एफपीआई शुद्ध लिवाल रहे थे। डिपॉजिटरी के अनुसार, 2025 में एफपीआई की कुल निकासी 83,245 करोड़ पहुंच गई है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि आगे चलकर, एफपीआई प्रवाह का रुख अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर निर्भर करेगा।

### सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह का बाजार पूंजीकरण 94,433 करोड़ रुपये घटा

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 94,433 .12 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत बढ़ गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमश: एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# आयात-निर्यात में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण



बात काम की

भारत वैश्विक व्यापार प्रणाली में महत्वपूर्ण भागीदार है, जो अपने विविध उत्पादन, विशाल उपभोक्ता बाजार और रणनीतिक भू-स्थान से आयात-निर्यात में प्रमुख भूमिका निभाता है। भारत वस्त्र, रसायन, कृषि उत्पाद, आईटी सेवाओं का निर्यात करता है, वहीं तेल, इलेक्ट्रॉनिक और मशीनरी जैसे उत्पादों का आयात करता है। यह व्यापार देश को विदेशी मुद्रा अर्जित करने, रोजगार सृजन और तकनीकी विकास में सहायता करता है।

### व्यापार में भूमिका

भारत विश्व के प्रमुख आयातकों और निर्यातकों में है। कृषि उत्पादों, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, गहनों और आईटी सेवाओं का भारत निर्यात करता है। वहीं, कच्चा तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और सोना का आयात हैं। भारत ने कई देशों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय व्यापार समझौते किए हैं, जो इसके वैश्विक नेटवर्क को और मजबूत करते हैं।

### आयात-निर्यात से देश को लाभ

● **विदेशी मुद्रा अर्जन :** निर्यात से भारत को डॉलर, यूरो जैसे विदेशी मुद्रा प्राप्त होता है, जिससे अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। **रोजगार सृजन :** निर्यात आधारित उद्योगों जैसे वस्त्र, आईटी और फार्मा में करोड़ों लोगों को रोजगार मिलता है। **तकनीकी विकास :** आयात से भारत उन्नत तकनीक और मशीनें प्राप्त करता है। **वैश्विक भागीदारी :** व्यापारिक समझौते और निर्यात से भारत वैश्विक आपूर्ति शृंखला में एक मजबूत स्थान बना सका है।

### देश के सामने प्रमुख चुनौतियां

● **व्यापार घाटा :** भारत का आयात कई बार निर्यात से अधिक होता है, जिससे व्यापार असंतुलन और चालू खाता घाटा बढ़ता है। **विदेशी निर्भरता :** विशेषकर तेल और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में भारत का अत्यधिक आयात विदेशी निर्भरता को बढ़ाता है। वैश्विक उतार-चढ़ाव : वैश्विक मंदी, युद्ध, या भूराजनीतिक संकट का असर भारत के व्यापार पर सीधा पड़ता है। **स्थानीय उद्योगों पर दबाव :** सस्ते आयातित उत्पादों से घरेलू लघु एवं मध्यम उद्योग प्रभावित हो सकते हैं।

# शहरी गैस कंपनियों पर कसा शिकंजा, पाइप वाली रसोई गैस की होगी एक समान कीमत

नई दिल्ली, एजेंसी



● पेट्रोलियम क्षेत्र के नियामक पीएनजीआरबी ने खुदरा विक्रेताओं को दिया आदेश

पेट्रोलियम क्षेत्र के नियामक पीएनजीआरबी ने शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को आदेश दिया है कि वे खाना पकाने के लिए घरों में पाइप से आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के लिए एक समान कीमत वसूलें, चाहे खपत का स्तर कुछ भी हो। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि एक निश्चित उपयोग सीमा से अधिक उपयोग पर अधिक कीमत वसूलने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके।

सरकार, शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को बाजार मूल्य से कम कीमत पर प्राकृतिक गैस आवंटित करती है, जिसे एपीएम गैस कहा जाता है। यह गैस घरों में पाइप से आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के रूप में बिक्री के लिए उपलब्ध होती है। चूंकि सरकार यह आवंटन बाजार मूल्य से कम पर करती है, इसलिए उम्मीद की जाती है कि शहरी गैस खुदरा विक्रेता इसका लाभ उपयोगकर्ताओं को देंगे। घरेलू रसोई के लिए इस्तेमाल होने वाली गैस की कीमत बाजार मूल्य से कम होती है, जबकि व्यावसायिक गैस की कीमत बाजार मूल्य पर होनी चाहिए। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड ने कहा कि कुछ शहरी गैस वितरण कंपनियां पीएनजी के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बढ़ती हुई मूल्य निर्धारण संरचना लागू कर रही हैं।

### 15,851 करोड़ के फर्जी दावे और 3,558 जाली कंपनियां पकड़ाईं

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 15,851 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) दावों का पता लगाया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 29% अधिक है। हालांकि, जाली कंपनियों की संख्या में सालाना आधार पर कमी आई है।

2025-26 की पहली तिमाही के दौरान केंद्रीय और राज्य जीएसटी अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई फर्जी कंपनियों की कुल संख्या 3,558 रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 3,840 से कम है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की अध्यक्षता में राज्यों के वित्त मंत्रियों की एक समिति वर्तमान में विशिष्ट क्षेत्रों में कर चोरी का अध्ययन कर रही है और आईटीसी धोखाधड़ी को रोकने के तरीकों पर विचार कर रही है।

# सीमित दायरे में कारोबार कर सकता है सोना

नई दिल्ली, एजेंसी



● निवेशक को वैश्विक व्यापार वार्ता और फेडरल रिजर्व के संकेतकों का भी इंतजार

सोने का भाव इस सप्ताह एक सीमित दायरे में रहेगा। विश्लेषकों का मानना है कि निवेशक वैश्विक व्यापार वार्ता के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं और उन्हें अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों तथा फेडरल रिजर्व के संकेतकों का भी इंतजार है, ऐसे में सोने की कीमतों में बहुत उतार-चढ़ाव की संभावना नहीं है।

कारोबारी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल के संबोधन और अमेरिका, ब्रिटेन तथा यूरो क्षेत्र सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के वैश्विक खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़ों पर भी कड़ी नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि सर्राफा कीमतों की दिशा जानने के लिए यूरोपीय केंद्रीय बैंक के ब्याज दर संबंधी फैसले पर भी सभी की निगाह रहेगी। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष, ईबीजी - जिंस एवं मुद्रा शोध प्रणव मेर ने कहा कि आने वाले सप्ताह में व्यापार वार्ता के नतीजों, अमेरिकी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों की टिप्पणियों, अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों पर निगाह रहेगी। इसमें आवास बाजार, साप्ताहिक बेरोजगारी दावे और टिकाऊ वस्तुओं के ऑर्डर शामिल हैं।

मेर ने कहा, नए उत्प्रेरकों की कमी और इस अवधि में अमेरिकी डॉलर में सुधार के बीच पिछले कुछ सप्ताह में सोने की कीमतें एक दायरे में स्थिर होती दिख रही हैं। पिछले सप्ताह मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त डिलिवरी वाले सोने का वायदा भाव 200 रुपये या 0.2 प्रतिशत चढ़ा। एंजेल वन में डीवीपी-शोध, गैर-कृषि जिंस और मुद्रा, प्रथमेश माल्या ने कहा कि विदेशी बाजारों में पिछले 10 दिन में सोने में लगभग दो प्रतिशत की तेजी आई है, और यह लगभग 3,350 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ब्रिक्स देशों पर शुल्क कार्रवाई और यूरोपीय संघ पर संभावित शुल्कों के कारण सोने में तेजी आई है।

# अमेरिका ने मैक्सिको की उड़ानों पर लगाए प्रतिबंध

वाशिंगटन/मेक्सिको सिटी, एजेंसी

- मैक्सिको पर लगाया 2015 में हुए समझौते के उल्लंघन का आरोप

अमेरिकी सरकार ने मैक्सिकों की विमान उड़ानों पर नए प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए उस पर द्विपक्षीय हवाई समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। अमेरिकी परिवहन विभाग ने शनिवार को एक बयान में कहा कि अमेरिका-मेक्सिको में 2015 में हुए हवाई परिवहन समझौते का मैक्सिको 2022 से पालन नहीं कर रहा है।

मैक्सिको पर आरोप है कि उसने अचानक स्लॉट रद्द कर दिए और फिर अमेरिकी सभी मालवाहक वाहकों को दूसरे हवाई अड्डों पर जाने के लिए मजबूर कर दिया। मेक्सिको के तत्कालीन राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर ने तर्क दिया था कि राजधानी का मुख्य हवाई अड्डा बेनिटो जुआरेज़ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (एमईएक्स) अत्यधिक भीड़भाड़ वाला है, जिसे आगामी फीफा विश्व कप (2026)से पहले नवीनीकरण की आवश्यकता है और लगभग 48 किमी दूर एक नये हवाई अड्डे पर अतिरिक्त यातायात स्थानांतरित किया जा सकता है। विश्व कप का कुछ हिस्सा मैक्सिकों में आयोजित किया जाएगा।

बयान में कहा गया है, "स्लॉटों को प्रतिबंधित करके तथा सभी कार्गो परिचालनों को यहां से बाहर ले जाने का आदेश देकर, मेक्सिको ने अपना वादा तोड़ा है।

# वकीलों को तलब किए जाने के मामले में सुप्रीम सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मामलों की जांच के दौरान कानूनी राय देने और पक्षों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों को जांच एजेंसियों की ओर से तलब करने के स्वतः संज्ञान मामले पर 21 जुलाई को सुनवाई करेगा।

मामला प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। यह मामला ईडी द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किए जाने के मद्देनजर आया है। हालांकि, 20 जून को ईडी ने कहा था कि उसने अपने जांच अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे किसी भी वकील को धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में न तलब करें।

# बहुत धोखे भी हैं इस राह में.. ट्रेडिंग एप



ट्रेडिंग एप्स दरअसल मोबाइल या वेब आधारित प्लेटफॉर्म होते हैं जो यूजर्स को शेयर बाजार, क्रिप्टोकरेंसी, कमोडिटी, फॉरेक्स, म्यूचुअल फंड आदि में निवेश या ट्रेडिंग करने की सुविधा देते हैं। ये एप्स ब्रोकर कंपनियों या फिनटेक स्टार्टअप्स की ओर से विकसित किए जाते हैं। इनकी मदद से यूजर अपने स्मार्टफोन पर ही शेयर खरीद-बेच सकते हैं, तकनीकी चार्ट देख सकते हैं और पोर्टफोलियो को मैनेज कर सकते हैं। हाल के कुछ बरसों में ट्रेडिंग एप का चलन बढ़ा है लेकिन इसके साथ धोखाधड़ी भी बढ़ी है। देश में ऐसे लोगों की संख्या हजारों में जो ट्रेडिंग एप के जरिए अच्छी कमाई के लालच में अपनी जमापूंजी गंवा चुके हैं।

### आंकड़े बोलते हैं...

आरबीआई के अनुसार 2022-24 के बीच भारत में 1000 से ज्यादा फर्जी ट्रेडिंग एप्स की पहचान की गई। वर्ष 2023 में देश भर में फर्जी ट्रेडिंग एप के जरिए 500 करोड़ रुपये से ज्यादा रकम की ठगी के मामले दर्ज हुए।

### वैश्विक व्यापार की स्थिति

- कुछ ट्रेडिंग एप्स जैसे बिनेंस, ई टोरो और इंटरेक्टिव ब्रोकर्स वैश्विक बाजारों में व्यापार की सुविधा देते हैं।
- अमेरिका में रोबिनहुड, चार्ल्स श्वाब, ब्रिटेन में ई टोरो, भारत में जेरोधा, सिंगापुर में टाइगर ब्रोकर्स प्रमुख हैं।
- जापान, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी समेत कई और देश भी दुनिया के तेजी से बढ़ते बाजारों में शामिल हैं।

### धोखाधड़ी

नकली एप्स बनाकर पैसे वसूलना, शेयर को कृत्रिम रूप से उठाकर निवेशकों को फंसाना, फर्जी टिप्स के तहत इनसाइड जानकारी के नाम पर ठगी और गलत वॉलेट या ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म में निवेश करवाना।

### कौन लोग करते हैं ऑपरेट

- ब्रोकरेज फर्म्स जैसे जेरोधा, अपस्टॉक्स, ग्रो, एंजल वन आदि। इसके अलावा पेटीएम मनी, इंडमनी जैसी फिनटेक कंपनियां और एचडीएफसी सिक्योरिटीज और आईसीआईसीआई डायरेक्ट जैसे बैंकिंग संस्थान। कुछ एप कुछ एप विदेशी कंपनियों के भी होते हैं, जैसे रोबिनहुड, ई टोरो, बिनेंस आदि।

### ट्रेडिंग के कितने तरीके

- इंट्राडे ट्रेडिंग यानी एक ही दिन के भीतर शेयर खरीद-बेच, स्विंग ट्रेडिंग यानी कुछ दिनों या हफ्तों के लिए होल्ड, लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट यानी वर्षों के लिए निवेश, ऑप्शन/फ्यूचर ट्रेडिंग यानी डेरिवेटिव्स में ट्रेड, क्रिप्टो ट्रेडिंग यानी बिटकॉइन, एथेरियम आदि में ट्रेडिंग और फॉरेक्स ट्रेडिंग यानी विदेशी मुद्रा में व्यापार।

### ये सावधानियां जरूरी

- सेबी ने 2023 में इन्वेस्टर्स चार्टर और एडवाइजरी फॉर एप्स जारी की है।
- निवेशकों को सिर्फ सेबी रजिस्टर्ड एप्स का उपयोग करने की सलाह।
- ऐप स्टोर पर रेटिंग, कंपनी का वेबसाइट और ग्राहक सहायता देखें।
- ट्रेडिंग में ओटीपी, पासवर्ड और एपीआई शेयर न करें। टिप्स पर भरोसा न करें, न ही किसी के कहने पर शेयर खरीदे।

### ठगी से बचाव के लिए...

भारतीय निवेशकों की सुरक्षा के लिए कई सरकारी संस्थानों ने गाइडलाइन जारी की हैं। सेबी ने सभी ब्रोकर केलिए रजिस्ट्रेशन और केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया फिनटेक एप्स के भुगतान सिस्टम पर निगरानी करना है। डिजिटल इंडिया पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साइबर सुरक्षा कड़ी की गई है।

## एक नजर

### सबसे बुजुर्ग मैराथन धावक फौजा सिंह पंचतत्व में मिले



भावुक परिजनों ने दी अंतिम विदाई।

**ब्यास (जालंधर)।** विश्व प्रसिद्ध 114 वर्षीय मैराथन धावक फौजा सिंह का रविवार को उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान सहित हजारों लोगों ने नम आंखों से फौजा सिंह को अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। सड़क पार करते समय 14 जुलाई को एक वाहन की टक्कर से फौजा सिंह की मृत्यु हो गई थी। मुख्यमंत्री ने एलान किया कि राज्य सरकार उनके गांव के स्कूल का नाम उनके नाम पर रखेगी और गांव के स्टेडियम तथा जालंधर के स्पोर्ट्स कॉलेज में उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

### पाकिस्तान : गश्त करते सात पुलिसकर्मी लापता

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा में गश्त करते समय सात पुलिसकर्मी लापता हो गए। जिला पुलिस प्रमुख अरशद खान ने कहा कि ये पुलिसकर्मी अफगानिस्तान की सीमा से सटे दक्षिण वजीरिस्तान जिले से लापता हो गए। खान ने बताया कि लड्डा थाने के तीन पुलिसकर्मी इंसाफ, आबिद और इस्माइल लड्डा इलाके में नियमित गश्त के दौरान लापता हो गए। इसके अलावा, चार पुलिसकर्मी उपनिरीक्षक अब्दुल खालिक, कांस्टेबल इरफानुल्ला, हबीबुल्ला और इमरान सरवाकई थाना क्षेत्र में तंगाह-चागमाली इलाके से लापता हो गए। उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान जारी है।

### वियतनाम में जहाज डूबने से 37 लोगों की मौत

**हनोई।** उत्तरी वियतनाम के हा लॉन्ग खाड़ी में शनिवार को एक यात्री जहाज के डूब जाने से 37 लोगों की मौत हो गई। वियतनाम समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि जहाज के मलबे को आज तड़के जांच के लिए किनारे पर लाया गया। दुर्घटना के समय जहाज पर 48 वियतनामी पर्यटक सवार थे। दस पर्यटकों को बचा लिया गया। जहाज में चालक दल के पांच सदस्य भी सवार थे। वियतनाम के उप-प्रधानमंत्री ट्रान होंग हा के निर्देश पर क्वांग निन्ह प्रांत के अधिकारियों ने बचाव अभियान में सहायता के लिए चार बड़े जहाज और मुख्य बचाव बल तैनात किए। मीडिया वीएनएक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार तूफान विफा के क्षेत्र की ओर बढ़ने के कारण बचाव दल अब लापता लोगों की तलाश कर रहा है।

# कर्नाटक: तमाम दुष्कर्म पीड़िताओं की हत्या की एसआईटी जांच शुरू

## दो दशक में सैकड़ों घटनाएं होने और धर्मस्थल में शव दफनाए जाने का आरोप

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक सरकार ने दक्षिण कन्नड़ जिले के धर्मस्थल क्षेत्र में पिछले दो दशकों में हुई हत्या की घटनाओं तथा यौन उत्पीड़न और महिलाओं के लापता होने के गंभीर आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। सरकार की ओर से 19 जुलाई को जारी आदेश रविवार को सार्वजनिक किया गया।

विशेष जांच दल का नेतृत्व आंतरिक सुरक्षा प्रभाग के पुलिस महानिदेशक प्रणव मोहंती करेंगे। इसके अन्य सदस्यों में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (भर्ती) एम एन अनुचेथ, पुलिस उपायुक्त (सीएआर मुख्यालय) सौम्या लता और पुलिस अधीक्षक (आंतरिक सुरक्षा प्रभाग) जितेंद्र कुमार दयामा शामिल हैं। यह कदम कर्नाटक राज्य महिला आयोग अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी के पत्र की प्रतिक्रिया में उठाया गया है, जिसमें उन्होंने एक व्यक्ति द्वारा अदालत में दिए गए बयान का हवाला देते हुए दावा किया था, धर्मस्थल क्षेत्र में सैकड़ों शव दफनाए गए थे।

आयोग ने मानव खोपड़ी का पता चलने और एक लापता मेडिकल छात्रा के परिवार द्वारा दिए गए बयानों को भी गंभीरता से लिया। आयोग ने कहा कि ये खबरें और अदालत में दी गई गवाही दुर्व्यवहार, अस्वाभाविक मौतों और महिलाओं व छात्राओं की गुमशुदगी की एक चिंताजनक तथ्य की ओर इशारा करती हैं, जो 20 वर्षों से अधिक समय से चली आ रही है।



ऊपर से नीचे तक काले कपड़ों में ढककर मजिस्ट्रेट के सामने पेश हुआ शिकायतकर्ता।

### राज्य भर के थानों में दर्ज मामलों की जांच करेगी एसआईटी

धर्मस्थल को लेकर पुलिस थाने में पहले ही भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 211(ए) के तहत एक मामला दर्ज किया जा चुका है। एसआईटी को न केवल वर्तमान मामलों ल्कि राज्य भर के अन्य पुलिस थानों में दर्ज सभी संबंधित मामलों की जांच की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, चाहे वे पहले से दर्ज हों या भविष्य में दर्ज किए जाएं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ऐसे मामलों की जांच एसआईटी को सौंपेंगे और आवश्यक कर्मी उपलब्ध कराएंगे। एसआईटी दक्षिण कन्नड़ जिला पुलिस कार्यालय के संसाधनों का उपयोग करेगी और डीजीपी को नियमित रूप से अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करेगी। डीजीपी के माध्यम से जल्द एक व्यापक जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपी जाएगी।

### धर्मस्थल के पूर्व कर्मी ने किया पर्दाफाश

मंगलुरु में दो हफ्ते पहले एक व्यक्ति ने पुलिस के सामने दावा किया था कि उसने 1995 से 2014 के बीच बलात्कार की शिकार लड़कियों, महिलाओं और पुरुषों के 100 से ज्यादा शव अलग-अलग जगहों पर दफनाए थे। शिकायतकर्ता धर्मस्थल पर काम करता था। उसने बीएनएसएस की धारा 183 के तहत मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज कराया है। उसका कहना है कि वह इतने सालों तक चुप रहा क्योंकि उसे वरिष्ठ अधिकारियों ने जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद एक महिला भी आगे आई हैं, जिसकी बेटी लापता हो गई थी। उसने पुलिस से कहा है कि अगर शवों की पहचान होती है तो वह डीएनए जांच के लिए तैयार हैं। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकीलों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता केवी धनंजय ने कहा है, ऐसा लगता है कि सामूहिक कब्रों की खोज से बचने और उन लोगों को बचाने की रणनीति अपनाई जा रही है, जिनके नाम इन दावों की पुष्टि होने पर सामने आ सकते हैं।

# केबल से रोटर ब्लेड टकराने से हेलीकॉप्टर हुआ था दुर्घटनाग्रस्त



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में मई में हुए हेलीकॉप्टर हादसे की प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि उसका मुख्य रोटर ब्लेड ऊपर से गुजर रही फाइबर केबल से टकराया था जिसके बाद हेलीकॉप्टर पहाड़ी से नीचे गिरकर एक पेड़ से अटक गया था। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी।

- एएआईबी ने जारी की जांच रिपोर्ट छह लोगों की हुई थी मौत

विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने शनिवार को बताया कि जांच दल दुर्घटना के मूल कारण का पता लगाने के लिए आगे की कार्रवाई कर रहा है। एयरोट्रांस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित 17 साल पुराना 'बेल 407' हेलीकॉप्टर आठ मई को उड़ान भरने के 24 मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हेलीकॉप्टर में छह यात्री सवार थे। इस दुर्घटना में पायलट और पांच यात्रियों की मौत हो गई, जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया।

# इजराइली सेना ने मध्य गाजा के इलाकों को खाली करने की चेतावनी दी

दीर अल-बलाह, एजेंसी

- इन इलाकों में राहत वितरित करने वाली कई अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां भी मौजूद

इजराइली सेना ने रविवार को मध्य गाजा के क्षेत्रों से यहां मौजूद नागरिकों की निकासी के लिए नई चेतावनी जारी की है। इजराइली सेना की ओर से इस संबंध में जारी निर्देशों के बाद दीर अल-बलाह और दक्षिणी शहरों रफा तथा खान यूनुस के बीच संपर्क लगभग टूट गया है।

मध्य गाजा से निकासी की यह चेतावनी ऐसे समय में जारी की गई, जब इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम को लेकर कतर में बातचीत हो रही है, हालांकि अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों के अनुसार इस बातचीत का अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है। निकासी आदेश वाले इलाके में कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भी मौजूद हैं जो इजराइली बमबारी से पीड़ित फलस्तीनियों को राहत सामग्री वितरित करने का प्रयास कर रही हैं। हालांकि, इन संगठनों ने इस आदेश पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

इजराइली सेना के प्रवक्ता अविचाय अदरई ने चेतावनी दी कि सेना पूरी ताकत के साथ हमलावरों पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गाजा के दक्षिणी तट पर स्थित मुवासी नामक क्षेत्र में चले जाएं, जिसे इजराइली सेना ने सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। इजराइली सेना की इस चेतावनी के बाद मध्य गाजा में लोगों में बेचैनी है। उनके चेहरों पर दहशत के भाव साफ नजर आ रहे हैं।

### गोलीबारीः राहत सामग्री का इंतजार कर रहे 73 लोग मारे गए

**दीर अल बलाह।** गाजा में रविवार को विभिन्न स्थानों पर राहत सहायता की प्रतीक्षा के दौरान 73 लोग गोलीबारी में मारे गए। स्थानीय अस्पतालों के अनुसार सबसे अधिक मौतें उत्तरी गाजा में हुईं, जहां इजराइल के साथ लगने वाली जिकिम सीमा के जरिये उत्तरी गाजा में आ रही राहत सामग्री का इंतजार कर रहे 67 फलस्तीनी मारे गए। अस्पतालों के अनुसार, 150 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। यह स्पष्ट नहीं है कि ये लोग इजराइली सेना की गोलीबारी में मारे गए या हथियारबंद गिरोहों ने उन्हें निशाना बनाया।

# ट्रंप प्रशासन स्पेसएक्स के साथ ज्यादातर अनुबंध जारी रखेगा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी अरबपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्पेसएक्स के साथ सरकारी अनुबंधों का मूल्यांकन करने के बाद ट्रंप प्रशासन इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि उनमें से अधिकांश को बनाए रखना आवश्यक है क्योंकि वे पेंटागन और नासा के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

वॉल स्ट्रीट जर्नल के सूत्रों के अनुसार जून की शुरुआत में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह घोषणा की थी कि वह कुछ दिनों बाद एलन मस्क के साथ मौजूदा सरकारी अनुबंधों का पुनर्मूल्यांकन करेंगे। इसी के मद्देनजर ट्रंप प्रशासन ने अरबों डॉलर के समझौतों में संभावित नुकसान का आकलन करने के लिए अनुबंधों की समीक्षा शुरू की। स्पेसएक्स की अध्यक्ष ग्वेने शॉटवेल ने स्पेसएक्स अनुबंधों के मूल्यांकन के दौरान व्हाइट हाउस के अधिकारियों से मुलाकात की। समाचारपत्र के एक सूत्र ने कहा कि स्पेसएक्स के कुछ अनुबंधों की आगे जांच की जा सकती है।



- पेंटागन और नासा के लिए दिक्कतें खड़ी होने की आशंका से पीछे हटी सरकार

### ...तो मुश्किल में पड़ जाते नासा के अंतरिक्ष अभियान

जून में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और अरबपति मस्क के बीच सार्वजनिक विवाद शुरू होने के बाद व्हाइट हाउस ने रक्षा विभाग और नासा को स्पेसएक्स के साथ बड़े अनुबंधों पर विस्तृत जानकारी एकत्रित करने का निर्देश दिया था। ट्रंप द्वारा स्पेसएक्स के साथ अनुबंध समाप्त करने की धमकी के बाद एलन मस्क ने कहा था कि वह ड्रैगन अंतरिक्ष यान उड़ाना बंद कर सकते हैं। इससे अंतरिक्ष एजेंसी यात्रियों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजने और वापस लाने की क्षमता खो सकती थी।

# विमान हादसे की जांच में एएआईबी ने पायलट संधू को किया शामिल

**मुंबई।** वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने अनुभवी पायलट और एअर इंडिया के पूर्व परिचालन निदेशक कैप्टन आरएस संधू को अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच में विमानन विशेषज्ञ के रूप में शामिल किया है।

पिछले महीने हुई इस दुर्घटना में 260 लोग मारे गए थे। संधू एअर इंडिया में बोइंग 787-8 बेड़े के लिए जांचकर्ता भी नामित किए गए थे, उन्होंने अब दुर्घटनाग्रस्त हो चुके 787-8 विमान वीटी एएनबी की 2013 में डिलीवरी ली थी। एआईआईबी ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी। एक सूत्र ने बताया कि एएआईबी ने हादसे की जांच में संधू से एक विशेषज्ञ के रूप में सेवा देने के लिए संपर्क किया था और उन्होंने इस प्रस्ताव पर सहमति दे दी।

## बोनालु उत्सव



तेलंगाना के पुराने शहर हैदराबाद में रविवार को आषाढ़ मासम बोनालु उत्सव के दौरान लोग लाल दरवाजा श्री सिंहवाहिनी महानकाली देवालयम मंदिर में पूजा करने पहुंचे। यह उत्सव देवी को धन्यवाद देने के लिए मनाया जाता है, महिलाएं देवी को बोनम (चावल, गुड़, दही-पानी का मिश्रण) चढ़ाती हैं। एजेंसी

# यौन संबंधों की शर्त पर मरीजों को मुहैया कराए नशीले पदार्थ

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका के न्यू जर्सी में भारतीय मूल के एक चिकित्सक पर अपने मरीजों को यौन संबंध बनाने के बदले में किसी उचित चिकित्सकीय आवश्यकता के बिना नशीली दवाएं मुहैया कराने का आरोप लगाया गया है। अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय की ओर से यह जानकारी दी गई।

न्यू जर्सी जिले के अटॉर्नी कार्यालय ने प्रेस विज्ञप्ति में शुक्रवार को बताया कि सेकॉकस निवासी 51 वर्षीय रितेश कालरा अपने क्लीनिक के बाहर दवा की दुकान भी चलाता था और मरीजों को नियमित रूप से कोडीन युक्त 'प्रोमेथाजिन' समेत नशीली दवाइयां मुहैया कराता था। अमेरिकी अटॉर्नी अलीना हब्बा ने कहा, डॉ. कालरा ने नशे की लत को बढ़ावा देने एवं मरीजों पर यौन संबंध बनाने का दबाव बनाने के लिए पद का इस्तेमाल किया और न्यू जर्सी के जन स्वास्थ्य सेवा नियमों का उल्लंघन किया।

'फेयर लॉन' में कालरा ने फर्जी मरीजों और परामर्श सत्रों के जाली बिल भी बनाए। आरोपी को गुरुवारको नेवार्क संघीय अदालत में एक मजिस्ट्रेट न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। बताया गया कि कालरा को 1,000,00 अमेरिकी डॉलर के मुचलके पर रिहा कर दिया गया और उसे नजरबंद रहने का आदेश दिया गया।



- भारतीय मूल के डॉक्टर पर लगे अमेरिका में गंभीर आरोप

# मध्य सितंबर में भारत आएंगे नेपाल के प्रधानमंत्री ओली

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली सितंबर के मध्य में भारत की आधिकारिक यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह घोषणा की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर छेत्री ने कहा, प्रधानमंत्री की यात्रा की तैयारियां जारी हैं। यात्रा की तारीख और विस्तृत कार्यक्रम अभी तय नहीं हुए हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि ओली 16 सितंबर को भारत की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इस बार यह यात्रा संक्षिप्त होगी, संभवतः सिर्फ दो दिन के लिए ही होगी। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (यूनिफाइड मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के अध्यक्ष ओली पिछले साल जुलाई में चौथी बार प्रधानमंत्री बने थे। ओली प्रधानमंत्री पद का संभालने के बाद पहली विदेश यात्रा के तौर पर भारत आने की बजाय चीन गए थे।

**बदलाव** भारत की कोशिशों से सीबीआई समर्थित इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने में आई तेजी

# भारत के भगोड़ों के खिलाफ 2023 के बाद दोगुने इंटरपोल नोटिस


नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई के अनुरोध पर जारी किए गए इंटरपोल के रेड नोटिस की सालाना संख्या वर्ष 2023 के बाद से दोगुने से भी ज्यादा हो गई है। यह इंटरपोल महासभा और जी 20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के दौरान हुए विचार-विमर्श के आधार पर और परिष्कृत तकनीक को अपनाकर भगोड़ों की तलाश की दिशा में देश में आए बड़े बदलाव को दर्शाता है।

ल्योन स्थित अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) ने 2020 में 25, 2021 में 47 और 2022 में 40 रेड नोटिस जारी किए थे। नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि 2023 से, भारत के अनुरोध पर जारी किए गए रेड नोटिस की संख्या में उल्लेखनीय गति से वृद्धि हुई है। इसकी संख्या 2023 में 100, 2024 में 107 थी, जबकि 2025 के पहले छह महीनों में 56 नोटिस जारी किए गए। इंटरपोल पारंपरिक रूप से 195 सदस्य देशों को विभिन्न उद्देश्यों के लिए आठ रंग के नोटिस जारी करता है, जो किसी देश के अनुरोध पर उन्हें सचेत करते हैं।

इसने इस वर्ष पायलट आधार पर नौवां नोटिस 'सिल्वर नोटिस' जोड़ा है, ताकि विदेशों में जमा अवैध संपत्तियों पर नजर रखी जा सके। सिल्वर नोटिस में भारत भी भागीदार है। रेड नोटिस (आरसीएन), किसी भगोड़े पर नजर रखने के लिए सबसे अहम है। रेड नोटिस (आरसीएन) के तहत इंटरपोल द्वारा दुनिया भर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को प्रत्यर्पण, आत्मसमर्पण या इसी तरह की कानूनी कार्रवाई लंबित रहने तक किसी व्यक्ति का पता लगाने और उसे अस्थायी रूप से गिरफ्तार करने का अनुरोध किया जाता है।

कानून से बचने के लिए किसी दूसरे देश में भाग गए किसी भगोड़े के प्रत्यर्पण की दिशा में यह पहला महत्वपूर्ण कदम है। सभी राज्य और केंद्रीय एजेंसियां इंटरपोल नोटिस के लिए अपना अनुरोध सीबीआई को प्रस्तुत करती हैं, जो सभी इंटरपोल मामलों के लिए भारत की नोडल एजेंसी है। इसके बाद सीबीआई इंटरपोल से नोटिस जारी करने के लिए अनुरोध करती है और अनुवर्ती कार्रवाई में अंतर-सरकारी संगठन के साथ समन्वय करती है। इस प्रक्रिया से अवगत एक अधिकारी ने कहा, आरसीएन जारी होने के बाद ही किसी भगोड़े का विदेश में पता लगाया जा सकता है। एक बार कथित अपराधी का पता चल जाने के बाद, कूटनीति और कानून प्रवर्तन मिलकर प्रत्यर्पण या निर्वासन सुनिश्चित करने के लिए काम करते हैं।




- रेड कॉर्नर नोटिस के तहत भगोड़ों के प्रत्यर्पण और उसे गिरफ्तार करने का किया जाता है अनुरोध

### इंटरपोल की ओर से दूसरे नोटिसों की भी संख्या बढ़ी

यह वृद्धि न केवल भारत के अनुरोध पर जारी किए गए रेड नोटिस के संदर्भ में, बल्कि अन्य रंग वाले कोड युक्त नोटिसों में भी दिखाई दे रही है। ब्लू नोटिस की संख्या, जिसके माध्यम से कोई देश किसी व्यक्ति के बारे में जानकारी मांगता है, 2020 में 47 से बढ़कर 2024 में 68 और 2025 में अब तक 86 हो गई है। अपहरण, गुमशुदगी या पहचान संबंधी मुद्दों का विवरण प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले येलो नोटिस की संख्या 2020 में एक से बढ़कर 2024 में 27 और 2025 में (अब तक) चार हो गई है। वर्ष 2025 में अब तक कुल 145 इंटरपोल नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि 2020 में 73 नोटिस जारी किए गए थे। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल इंटरपोल द्वारा 208 नोटिस जारी किए गए थे।